वर्ष 73 ▸▸ अंक 175 ▸▸ पृष्ठ 12+8=20
रीवा, बुधवार 25 मार्च, 2026
चैत्र शुक्ल पक्ष 07, विक्रम संवत् 2083
नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा

# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

भगवान को खोजने की सबसे अच्छी जगह एक बगीचा है। आप वहां उन्हें खोज सकते हैं।
– जॉर्ज बर्नार्ड शॉ

## ऑफ बीट

### मछली ने चलाई गाड़ी बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



*एक बेहद अनोखे और हैरान करने वाले प्रयोग में एक गोल्डफिश ने गाड़ी चलाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। यह कारनामा नीदरलैंड में किया गया, जहां वैज्ञानिकों ने एक खास रोबोटिक सिस्टम के जरिए मछली को गाड़ी चलाने में सक्षम बनाया। वैज्ञानिकों ने एक छोटी चार पहियों वाली रोबोटिक गाड़ी बनाई, जिसके ऊपर पानी से भरा एक टैंक लगाया गया। इसी टैंक में गोल्डफिश को रखा गया। टैंक के ऊपर एक मोशन-सेंसिंग कैमरा लगाया गया था, जो मछली की हर हरकत को ट्रैक करता था। मछली जिस दिशा में तैरती, गाड़ी उसी दिशा में आगे बढ़ने लगती। यानी मछली की मूवमेंट ही गाड़ी का कंट्रोल बन गई। इस अनोखे प्रयोग को इटली के एक टीवी शो में प्रदर्शित किया गया। मछली ने सिर्फ 1 मिनट में 40 फीट से ज्यादा दूरी तय की, जिसके साथ उसने 'गोल्डफिश ड्राइविंग' का अनोखा वर्ल्ड रिकॉर्ड बना लिया। इस गाड़ी को बनाने वाले इंजीनियर थॉमस डी बुल्क ने बताया कि इस प्रयोग का मकसद यह समझना था कि जानवर अपने वातावरण को कैसे समझते और प्रतिक्रिया देते हैं। उन्होंने कहा कि यह तकनीक भविष्य में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सहायक उपकरण विकसित करने में भी काम आ सकती है। यह प्रयोग महज रोचक रिकॉर्ड नहीं है, बल्कि तकनीक और जीव विज्ञान को मिलाकर नई संभावनाएं पैदा की जा सकती हैं।*

### ईरान-इजराइल जंग शुरू होने के बाद पहली बार हुई ट्रंप और मोदी के बीच बातचीत

# अमेरिका के शांति प्रस्ताव से इजराइल सहमत नहीं, कहा– हमले जारी रहेंगे

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बाद पहली बार भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बातचीत हुई है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने 'एक्स' पर इसकी जानकारी दी। दोनों नेताओं ने क्षेत्र के मौजूदा हालात पर चर्चा की और खास तौर पर वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिहाज से बेहद अहम होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखने पर जोर दिया।

इधर, संभावित सीजफायर की अटकलों के बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने स्पष्ट किया है कि ईरान और लेबनान पर हमले जारी रहेंगे। यह बयान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बातचीत के बाद दिया। नेतन्याहू ने 'एक्स' पर वीडियो साझा करते हुए कहा कि उन्होंने 'अपने मित्र' राष्ट्रपति ट्रंप से बात की। ट्रंप का मानना है कि अमेरिका और इजराइल की सैन्य बढ़त को एक ऐसे समझौते में बदला जा सकता है, जो इजराइल के हितों की रक्षा करे।

नेतन्याहू ने कहा, 'हमने अमेरिकी सेना के साथ मिलकर जो महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं, उनका लाभ उठाकर अपने लक्ष्यों को पूरा करने का यह सही समय है।

यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक अज्ञात ईरानी अधिकारी के साथ 'सकारात्मक बातचीत' का दावा किया है। ट्रंप ने ईरान से होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा खोलने की मांग की थी और चेतावनी दी थी कि ऐसा न होने पर अमेरिकी सेना ईरान के पावर प्लांट्स को निशाना बना सकती है।

इस बीच, खबर है कि ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई अमेरिका के साथ बातचीत के लिए तैयार हो गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने युद्ध को ईरान की शर्तों के अनुसार जल्द खत्म करने की अनुमति दी है।

अल अरबिया की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ को गुप्त रूप से यह संदेश दिया कि वार्ता के लिए मंजूरी मिल गई है। हालांकि, ईरान के विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक तौर पर अमेरिका के साथ किसी भी बातचीत से इनकार किया है।

### मोदी बोले- ईरान जंग जारी रही तो होंगे गंभीर नतीजे



**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को लेकर राज्यसभा में मंगलवार को 21 मिनट का संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष यदि जारी रहता है, तो इसके गंभीर वैश्विक और राष्ट्रीय दुष्परिणाम होंगे। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी कि 'आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेने वाला है' और इस चुनौती से निपटने के लिए केंद्र और राज्यों को 'टीम इंडिया' की तरह मिलकर काम करना होगा। पीएम मोदी ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में कई जहाज फंसे हुए हैं, जिनमें बड़ी संख्या में भारतीय क्रू भी शामिल है। इससे भारत के व्यापारिक मार्ग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने बताया कि पेट्रोल-डीजल, गैस और फर्टिलाइजर जैसी जरूरी चीजों की सप्लाई पर असर पड़ रहा है, जो अर्थव्यवस्था और आम लोगों पर दबाव बढ़ा सकता है। उन्होंने कोरोना महामारी का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे उस समय देश ने एकजुट होकर संकट का सामना किया था, वैसे ही इस चुनौती से भी निपटना होगा।

### ईरान और लेबनान पर हमले जारी

इजराइली प्रधानमंत्री ने साफ किया कि उनकी सेना ईरान और लेबनान दोनों मोर्चों पर कार्रवाई जारी रखे हुए है। उन्होंने कहा कि इजराइल ईरान के मिसाइल और परमाणु कार्यक्रम को 'कुचलने' के लिए लगातार हमले कर रहा है, साथ ही लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों को भी निशाना बनाया जा रहा है। नेतन्याहू के मुताबिक, हाल ही में इजराइल ने ईरान के दो और परमाणु वैज्ञानिकों को मार गिराया है। उन्होंने कहा, 'हम किसी भी स्थिति में अपने महत्वपूर्ण राष्ट्रीय हितों की रक्षा करेंगे।'

### इजराइल का ईरान में गैस प्लांट और पाइपलाइन पर हमला

**तेहरान/तेल अवीव।** युद्ध के आज 25वें दिन मंगलवार को इजराइल ने ईरान के कई अहम ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाया। इस्फहान शहर में गैस प्लांट और गैस कंट्रोल स्टेशन पर हमला हुआ, जबकि खोर्रमशहर में पावर प्लांट और उससे जुड़ी गैस पाइपलाइन को भी निशाना बनाया गया। इसके साथ ही इजराइल ने लेबनान में बड़े पैमाने पर हमले जारी रखे हैं।

### हिजबुल्लाह का जवाबी हमला

दूसरी ओर, लेबनान में ईरान समर्थित संगठन हिजबुल्लाह ने इजराइल के 5 सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए। इन हमलों में इजराइली सेना की छावनी, रडार सिस्टम और तोपखाने को टारगेट किया गया।

### 2,663 लोगों की मौत

अब तक इस जंग में कुल 2,663 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें सबसे ज्यादा जानें ईरान में गई हैं। जबकि 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई है।

### ईरान का सख्त रुख, कहा- जीत तक जारी रहेगी जंग

हालांकि ईरानी सेना के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया है कि वह पीछे हटने वाला नहीं है। देश की सेना के प्रवक्ता अली अब्दोल्लाही अलीआबादी ने कहा कि ईरान की सशस्त्र सेनाएं 'पूरी जीत' तक अभियान जारी रखेंगी और देश की अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### ईरान में बाघेर बने सिक्योरिटी सचिव


ईरान ने मोहम्मद बाघेर जोलघदर को सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल का नया सचिव नियुक्त किया है। वे अली लारिजानी की जगह लेंगे, जिनकी हाल ही में मौत हो गई थी।

### तेल की कीमतें 100 डॉलर के पार

जंग के चलते वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें फिर से 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। इससे पहले बातचीत की खबरों के चलते कीमतों में थोड़ी गिरावट आई थी, लेकिन ईरान के इनकार के बाद फिर तेजी देखने को मिली।

### भारत को राहत: होर्मुज में कोई टोल नहीं

भारत सरकार के पोर्ट्स, शिपिंग और जलमार्ग मंत्रालय के अनुसार, होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों से ईरान कोई टोल नहीं ले रहा है। इस बीच भारत के दो एलपीजी टैंकर–'जग वसंत' और 'पाइन गैस' सुरक्षित रूप से होर्मुज पार कर भारत की ओर बढ़ चुके हैं। इनमें कुल 92,612 मीट्रिक टन एलपीजी है। इनके 26 से 28 मार्च के बीच भारत पहुंचने की संभावना है।



कोरियाई मेगास्टार्स ने शानदार रीयूनियन कॉन्सर्ट के साथ ज़बरदस्त वापसी की !

# आठ घंटे पहले कैंसिल कराने पर ही मिलेगा टिकट का रिफंड

### नए नियम: 30 मिनट पहले तक बदल सकेंगे बोर्डिंग स्टेशन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय रेलवे ने ट्रेन टिकट कैंसिलेशन और बोर्डिंग से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब यात्रियों को टिकट रद्द करने पर रिफंड तभी मिलेगा, जब वे ट्रेन छूटने से कम से कम 8 घंटे पहले टिकट कैंसिल करेंगे। पहले यह समय सीमा 4 घंटे थी। यह बदलाव 1 से 15 अप्रैल 2026 के बीच चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।

साथ ही यात्रियों को बोर्डिंग स्टेशन बदलने की समय सीमा बढ़ा दी है। अब यात्री ट्रेन के निर्धारित समय से 30 मिनट पहले तक अपना बोर्डिंग स्टेशन बदल सकेंगे। पहले यह सुविधा केवल चार्ट बनने से पहले तक ही सीमित थी। यह बदलाव आईआरसीटीसी की वेबसाइट, मोबाइल ऐप या रेलवे काउंटर से सकते हैं।



**रिफंड के नए नियम**

- ट्रेन छूटने से 8 घंटे पहले टिकट कैंसिल करने पर ही रिफंड मिलेगा
- 24 से 8 घंटे के बीच कैंसिल करने पर 50 फीसदी रिफंड
- 8 घंटे से कम समय में कैंसिल करने पर रिफंड नहीं मिलेगा

### दलालों पर लगाम लगाने की कोशिश

यह फैसला टिकटों की कालाबाजारी रोकने के लिए लिया गया है। एजेंट और दलाल बड़ी संख्या में टिकट बुक कर लेते थे और अगर ग्राहक नहीं मिलता था, तो ट्रेन छूटने से ठीक पहले टिकट कैंसिल कर रिफंड ले लेते थे।
**- अश्विनी वैष्णव**, रेल मंत्री

## भाजपा सरकारी संस्थाओं को कंट्रोल करती है: सीएम ममता



**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि सरकारी संस्थाओं को पर्दे के पीछे से भारतीय जनता पार्टी कंट्रोल करती है। उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन (ईसी) के लेटर पर लगी भाजपा की मुहर ने यह बात पूरी तरह से साबित कर दी है। बनर्जी ने उत्तरी बंगाल के बागडोगरा जाने से पहले एयरपोर्ट पर ये बात कही। वहीं, उत्तरी 24 परगना जिले में एक घर से पुलिस ने बड़ी संख्या में देसी बम बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि हारोआ पुलिस थाना क्षेत्र में एक घर से कुल 22 देसी बम बरामद किए गए। बम मिलने के बाद से ही घर का मालिक लापता है।

**तमिलनाडु में नाबालिगों से चुनाव प्रचार का आरोप:** उधर, तमिलनाडु में ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कजगम के पदाधिकारियों के खिलाफ मदुरै के थिरुमंगलाम के पास चुनाव प्रचार में नाबालिगों को शामिल करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

## मोदी और शाह का साम्राज्य खत्म होने वाला है: केजरीवाल



**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली के पूर्व सीएम और आप के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के तौर पर 2026 पूरा नहीं कर पाएंगे। मेरा दिल और राजनीतिक समझ कहती है कि मोदी और अमित शाह जाने वाले है। केजरीवाल ने कहा कि मोदी जी की पॉपुलैरिटी आज पाताल लोक पहुंच चुकी है। उनका साम्राज्य जाने वाला है। केजरीवाल ने यह बात शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत की किताब लॉन्च के दौरान दिल्ली में कही।

**भाजपा बेईमानी से चुनाव जीतती है:** बीजेपी के चुनाव जीतने पर केजरीवाल ने कहा कि चुनाव बेईमानी से जीत रहे हैं। उसका सबसे बड़ा जीता जागता उदाहरण मैं हूं। मैं नई दिल्ली विधानसभा से चुनाव लड़ा। मेरे जेल जाने से पहले मेरी विधानसभा में जब मैं पिछली बार लड़ा था तो 1 लाख 48 हजार वोट थे। जब मैं जेल से लौटकर आया तो 1 लाख 6 हजार वोट बचे थे।

## घुसपैठियों को रोजगार मत दो ये लोग गड़बड़ी करते हैं: भागवत



**मथुरा, जेएनएन।** संघ प्रमुख मोहन भागवत मंगलवार को मथुरा के वृंदावन पहुंचे। यहां एक आश्रम के लोकार्पण समारोह में हिस्सा लिया। संतों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। संघ प्रमुख ने धर्मांतरण पर कहा- जो लोग पहले हिंदू थे, अब दूसरे संप्रदायों में चले गए हैं, उन्हें वापस लाने की कोशिशें जारी हैं। अगर वो खुद ही वापस आना चाहते हैं तो हमें दरवाजे खुले रखने चाहिए। समाज का दायित्व है कि जैसे ही किसी घुसपैठिए का पता चले, अधिकारियों को बताएं। जो देश में चोरी-छिपे आए हैं, कभी-कभी बड़ी गड़बड़ियों का कारण बनते हैं, ऐसे लोगों के लिए हमें स्पष्ट रहना होगा कि हम उन्हें रोजगार नहीं देंगे।

**तीन बच्चे पैदा करने सलाह दोहराई:** डॉक्टर मानते हैं कि अगर किसी परिवार में तीन संतान होती हैं तो माता-पिता और बच्चों के सेहतमंद होने की संभावना बढ़ जाती है। मानस शास्त्र कहता है कि घर में तीन बच्चे होने पर वे बड़े होकर बेहतर और संतुलित व्यक्तित्व के बनते हैं।

## रक्षा मंत्री की उच्च स्तरीय बैठक तीनों सेना प्रमुख रहे मौजूद



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत की रक्षा तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में सीडीएस जनरल अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी, और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह के अलावा डीआरडी के अध्यक्ष डॉ. समीर कामत मौजूद रहे। इससे पहले हल्द्वानी में राजनाथ सिंह ने कहा था कि भारत ने इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है, और इस बात पर जोर दिया है कि इसका समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिए ही निकाला जाना चाहिए। यह देखते हुए कि दुनिया इस समय संकट के दौर से गुजर रही है, और कई क्षेत्रों में संघर्ष जारी हैं, उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में हो रहे लगातार हमले न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय हैं।

### एआईएमआईएम नेता शौकत बोले

## एनकाउंटर करने वालों का होगा एनकाउंटर



**मेरठ, जेएनएन।** एआईएमआईएम के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत अली ने सोमवार को मेरठ में आयोजित एक ईद मिलन समारोह के दौरान 2027 विधानसभा चुनाव का शंखनाद किया। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि यदि प्रदेश की जनता उन्हें 111 नहीं, बल्कि केवल 11 विधायक जिताकर दे देती है, तो वह राज्य में किसी भी मुसलमान का एनकाउंटर नहीं होने देंगे। शौकत अली ने मंच से खुलेआम वादा किया कि यदि इसके बाद किसी मुसलमान का एनकाउंटर हुआ, तो एनकाउंटर करने वालों का भी एनकाउंटर किया जाएगा। उनके इस बयान ने प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है।

### पश्चिम एशिया में जंग के हालातों के बीच

# सूरत में दो-दो दिन बंद रहेंगी टेक्सटाइल प्रोसेसिंग ईकाइयां



**सूरत, जेएनएन।** पश्चिम एशिया जंग का असर अब सूरत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री पर भी पड़ता नजर आ रहा है। कोयले की किल्लत और दूसरी परेशानियों की वजह से साउथ गुजरात की करीबन सवा चार सौ कपड़ा मिलें अब सप्ताह में दो दिन बंद रहेंगी। वहीं, एलपीजी संकट की वजह से जामनगर में ब्रास इंडस्ट्री पर भी ब्रेक लग गया है। साउथ गुजरात टेक्सटाइल प्रोसेसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जीतूभाई बखारिया ने बताया कि जिस तरह से समुद्री मार्ग लगभग ठप हैं या सिर्फ नाम के लिए चल रहे हैं, उसका सीधा असर कच्चे माल की आपूर्ति पर पड़ा है। बखारिया ने कहा, इंडोनेशिया से आने वाला कोयला जो अब तक ठीक था, अब उसकी किल्लत शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि सभी मिलें कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट जैसे पांडेसरा, सचिन, पलसाना, और कडोदरा से जुड़ी हैं। ऐसे में सभी मीलों एक साथ बंद नहीं किया जा सकता है। इसलिए सप्ताह के सात दिनों को अलग-अलग क्षेत्रों के मुताबिक बांटा गया है, ताकि किसी एक क्षेत्र या इकाई को नुकसान न हो और संतुलन बना रहे। सूरत में लगभग 400 से 425 टेक्सटाइल प्रोसेसिंग इकाइयां हैं। ये सभी सप्ताह में अलग-अलग समय पर दो-दो दिन बंद रहेंगी। जामनगर को ब्रास सिटी के नाम से जाना जाता है। यहां छोटे-बड़े मिलाकर करीब 8000 से ज्यादा यूनिट्स हैं। इनमें से लगभग 2000 यूनिट्स पूरी तरह बंद हो चुके हैं जबकि कई बड़े उद्योगों में 30 से 40 प्रतिशत तक कामकाज प्रभावित हुआ है।

## लोकसभा में ट्रांसजेंडर बिल पारित परिभाषा में बदलाव को लेकर विवाद

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लोकसभा ने मंगलवार को ट्रांसजेंडर पर्सन्स (प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स) अमेंडमेंट बिल 2026 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। यह विधेयक 2019 के मूल कानून में संशोधन करता है। इस संशोधन के तहत ट्रांसजेंडर व्यक्ति की परिभाषा में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। बिल के उद्देश्यों और कारणों के अनुसार, इसका मकसद ऐसे ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की एक विशिष्ट श्रेणी को मान्यता देना है, जो जैविक कारणों से गंभीर सामाजिक बहिष्कार का सामना करते हैं और जिनकी सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था जरूरी है। यह बिल 14 मार्च को लोकसभा में पेश किया गया था, जिसके बाद देशभर में ट्रांसजेंडर समुदाय ने इसका विरोध किया। समुदाय का मानना है कि यह बिल उनकी पहचान को खत्म कर देगा। इतने बड़े फैसले से पहले उनसे परामर्श किया जाना चाहिए था। बिल में उन लोगों को बाहर रखा गया है जो खुद को केवल स्व-धारणा के आधार पर ट्रांसजेंडर मानते हैं। इसके लिए 2019 के कानून की धारा 4(2) को हटाया गया है।

**परिभाषा में यह बदलाव:** बिल के अनुसार, ट्रांसजेंडर व्यक्ति में किन्नर, हिजड़ा, अरावनी, जोगता या यूनुक जैसी सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान वाले लोग शामिल होंगे। इसके साथ ही उन लोगों को भी शामिल किया गया है जिनमें जन्म के समय जैविक रूप से लिंग संबंधी भिन्नताएं पाई जाती हैं।

**सर्टिफिकेट प्रक्रिया में बदलाव:** संशोधन के तहत अब जिला मजिस्ट्रेट ट्रांसजेंडर पहचान का प्रमाण पत्र तभी जारी करेंगे, जब संबंधित प्राधिकरण की सिफारिश और आवश्यकता पड़ने पर मेडिकल विशेषज्ञों की राय ली जाएगी।

**प्रवास** मुख्यमंत्री पहुंचे वृंदावन, जीवनदीप आश्रम में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में हुए शामिल

# सीएम ने बांकेबिहारी के दर्शन कर की पूजा अर्चना



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को वृंदावन प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने श्री बांके बिहारी मंदिर में ठाकुर जी के दर्शन किए और उनकी विधिवत पूजा अर्चना भी की।मंदिर में दर्शन के उपरांत सीएम ने ट्वीट भी किया। उन्हें पूजा करते हुए अपनी पोस्ट पोस्ट करते हुए लिखा कि बांके बिहारी लाल की जय और राधे-राधे। उन्होंने आगे लिखा कि श्री बांके बिहारी मंदिर में ठाकुर जी के दर्शन पूजन कर सभी के लिए मंगलकामना की। मुख्यमंत्री वृंदावन के जीवनदीप आश्रम में आयोजित लोकर्पण कार्यक्रम में भी शामिल हुए।जहां उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मध्यप्रदेश से मथुरा-वृंदावन-गोकुल क्षेत्र का 5000 वर्ष से जीवंत संपर्क रहा है। भगवान श्रीकृष्ण बृज में पराक्रम करने के बाद शिक्षा ग्रहण करने उच्जैन के सांदीपनि आश्रम पधारे थे। इस नाते विश्व के सम्मुख भगवान श्री कृष्ण का जो विराट व्यक्तित्व आया उसमें उज्जयिनी का योगदान रहा। मथुरा-गोकुल के समान मध्यप्रदेश भी सनातन के विचार को बनाए रखने और उसके विस्तार में योगदान देता रहा है। कार्यक्रम में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, पंच दस नाम जूना अखाड़ा महामंडलेश्वर जीवनदीप पीठाधीश्वर स्वामी यतींद्र आनंद गिरि, महामंडलेश्वर अवधेशानंद , साध्वी ऋतंभरा सहित समस्त संत वृंद तथा बिहार के राच्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी मौजूद रहे। समारोह में च्सनातन धर्म और जीवन दर्शनच्च पुस्तक का विमोचन किया। डॉ. यादव ने कहा कि उज्जयिनी में वर्तमान में सिंहस्थ-2028 के लिए तैयारियां जारी हैं। उन्होंने संत वृंद को सिंहस्थ-2028 के लिए आमंत्रित करते हुए उनसे उच्जैन पधारने का अनुरोध किया।

### संवर्धन का बड़ा केन्द्र बनेगा आश्रम: खान

बिहार और केरल के पूर्व राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि भारतीय संस्कृति में ज्ञान की धारा प्रवाहमान है। भविष्य में जीवन दीप आश्रम, ज्ञान के संरक्षण एवं संवर्धन का बड़ा केंद्र बनेगा। हमारे संतजन जनकल्याण के कार्य को समर्पित है।

### सनातन की ध्वजा लहरा रही है: भागवत

संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा कि वर्तमान में विश्व के कई देशों की व्यवस्था लड़खड़ा रही है। सनातन धर्म-संस्कृति की ध्वजा कई विपरीत परिस्थितियों को झेलने के बाद भी पूर्ण गरिमा के साथ लहरा रही है। इसमें हमारे आश्रमों और संतों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने प्रदेश के बड़वानी जिले में सुश्री भारती ताई द्वारा गरीब बच्चों के लिए संचालित विद्यालय की सराहना की। पद्मभूषण से सम्मानित साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि जीवनदीप आश्रम से वृंदावन की भव्यता में और वृद्धि होगी। संसार में विद्यमान बाधाओं से बढ़कर हमारी मन की आंतरिक बधाएं होती हैं, जो किसी कार्य को पूर्ण होने से रोकती हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम लक्ष्य प्राप्ति के लिए मनसा वाचा कर्मणा, शत-प्रतिशत प्रयास करें तो दुनिया की कोई भी शक्ति हमें अपने ध्येय की प्राप्ति से रोक नहीं सकती।




# माँ अम्बे के जयकारों से गूंज रहे देवी धाम

## चैत्र नवरात्रि के छठवें दिन भी मंदिरों में रही भारी भीड़


**जागरण,रीवा।** चैत्र नवरात्रि के छठवें दिन अर्थात् षष्ठी तिथि को श्रद्धालुओं ने माँ कात्यायनी देवी की पूजा-अर्चना की। जिले भर के देवी मंदिरों में अलसुबह से ही श्रद्धालु पहुँचने लगे। माता को जल चढ़ाने के बाद भक्तों ने विधिवत पूजन-पाठ किया और घर-परिवार की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। सुबह से दोपहर तक भक्तगण माता के दर्शन के लिए मंदिरों की ड्योढ़ी में टिके रहे। वहीं शाम होते-होते भक्तों की टोली फिर माता के दरबार में जम गई। इस दौरान मंदिरों में भजन, भगत का दौर भी साथ-साथ चलता रहा। नवरात्रि के छठवें दिन रानी तालाब स्थित माता काली के दरबार में नगर के करीब 30 हजार भक्तों ने माथा टेका। भक्तों में महिला व पुरुष सभी शामिल रहे, जो लगातार जय माता की, जोर से बोलो जय माता की आदि जयकारे लगाते रहे। भोर से ही नगर के भक्त माता रानी की एक झलक पाने मंदिर में कतारबद्ध रहे। मंदिर परिसर में बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रही। मंदिर में आने वाले भक्तों को देवी का दर्शन आसानी से हो सके, इसके लिए पुलिस ने बैरक लगाकर व्यवस्था बनाई है।



### माता से मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद

इसी प्रकार, वार्ड 15 में स्थित फूलमती माता मंदिर में भक्तों की खासी भीड़ रही। हजारों भक्तों ने माता के दर्शन कर मंगल कामनाएं कीं। ज्यादा भीड़ होने से यहां पर भी पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था बनाने कसरत करनी पड़ी। नवरात्रि उत्सव का असर अब नगर से लेकर पूरे जिले में देखने को मिल रहा है। शहर के अन्य देवी मंदिरों में भी भक्तगण सुबह से जल चढ़ाने पहुंचते रहे। माता को जल अर्पण कर श्रद्धालु घर की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगते रहे। जिसे जहां माता के दर्शन हुए, सबने पूरी श्रद्धा के साथ उसका लाभ उठाया।

# मानस भवन में महाकवि बाणभट्ट समारोह आज



**रीवा।** संस्कृत भाषा के छठीं शताब्दी के महाकवि बाणभट्ट के साहित्य पर आधारित बाणभट्ट समारोह का आयोजन आज 25 मार्च को मानस मंडल द्वारा मानस भवन में अध्यक्ष सुभाष बाबू पाण्डेय के निर्देशन में संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन में संस्कृत साहित्य में बाण का योगदान पर आधारित व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया है। आयोजन में अनेक विद्वानों को आमंत्रित किया गया है जिसमें प्रो.रामाधार द्विवेदी पूर्व प्रान्ताध्यक्ष- संस्कृत भारती, प्रो.सुद्युम्नाचार्य (राष्ट्रपति सम्मानित), प्रो.सूर्यनारायण गौतम (अन्तरराष्ट्रीय साहित्यकार) एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह, प्रो.तुलसीराम परौहा साहित्य विभागाध्यक्ष महर्षि पाणिनि वैदिक एवं संस्कृत विश्वविद्यालय, उज्जैन, डॉ.ज्योत्स्ना द्विवेदी सहा. प्राध्यापक-संस्कृत शास. ठा. रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा, डॉ. पूजा सहा.प्राध्यापक-प्राच्य संस्कृत शास. वेंकट संस्कृत महाविद्यालय रीवा, डॉ.बुद्धिमान प्रसाद द्विवेदी वेदाचार्य शास. वेंकट संस्कृत महाविद्यालय रीवा, डॉ. रमाकान्त त्रिपाठी साहित्याचार्य शास. वेंकट संस्कृत महाविद्यालय रीवा शामिल हैं। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित है। व्याख्यानमाला के बाद विंध्य के साहित्यकारों द्वारा बाण साहित्य पर आधारित काव्य पाठ होगा। काव्य पाठ के संयोजक डॉ अमित कुमार द्विवेदी ने प्रबुद्धजनों एवं साहित्य प्रेमियों से भारतीय संस्कृति के संवर्धन एवं संरक्षण हेतु कार्यक्रम में पधारने की अपील की है।

# डिप्टी कलेक्टर पंजीकृत किसानों के सत्यापन की करेंगे मॉनिटरिंग

**रीवा।** शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सात अप्रैल से पंजीकृत किसानों से गेहूं का उपार्जन किया जाएगा। उपार्जन के लिए पंजीयन कराने वाले किसानों द्वारा ऑनलाइन दर्ज गेहूं के रकबे का गिरदावरी में दर्ज विवरण तथा मौके पर जाकर राजस्व अधिकारियों द्वारा सत्यापन किया जा रहा है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने रायपुर कर्चुलियान तहसील में पटना और लक्ष्मणपुर गांव में जाकर किसानों द्वारा बोई गई फसल का सत्यापन किया। सभी एसडीएम और तहसीलदार रकबे का सत्यापन कर रहे हैं। कलेक्टर ने पंजीकृत किसानों द्वारा दर्ज रकबे के सत्यापन की मॉनिटरिंग के लिए डिप्टी कलेक्टर तैनात किए हैं। संयुक्त कलेक्टर सुधीर कुमार बेक को त्योंथर, मनगवां तथा रायपुर कर्चुलियान तहसील की जिम्मेदारी दी गई है। डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा जवा, सिरमौर तथा गुढ़ तहसील एवं डिप्टी कलेक्टर सुरभि जैन हुजूर नगर, सेमरिया तथा हुजूर ग्रामीण तहसीलों में मॉनिटरिंग करेंगी। इन अधिकारियों द्वारा राजस्व अधिकारियों द्वारा सत्यापित रकबे का रैण्डमली सत्यापन करके रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। कलेक्टर ने एक सप्ताह में सत्यापन कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

# श्रीराम शोभायात्रा की जागरुकता वाहन रैली आज



## शहर वासियों से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील

**जागरण, रीवा।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति व हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार की संयुक्त बैठक फोर्ट रोड स्थित कार्यालय में धर्म परिवार के अध्यक्ष वरिष्ठ समाज सेवी गुरमीत सिंह मंगू के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में शहर के सर्व समाज के लोगों, व्यापारी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में राम नवमी 27 मार्च को शहर में निकलने वाली श्रीराम शोभा यात्रा में शामिल होने व भव्य स्वागत करने की अपील गुरमीत सिंह मंगू ने की। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम जी का जन्मोत्सव सभी को श्रद्धा भाव के साथ मानना चाहिए। उन्होंने सभी से 27 मार्च को 3 बजे किला स्थित भगवान महामृत्युंजय मंदिर परिसर से प्रभु श्रीराम जी की गाड़ी पूजन उपरांत शहर भ्रमण में निकलने वाली शोभायात्रा में शामिल होकर जगह-जगह लोगों को खुले मन से स्वागत करते हुए प्रभु रामजी से यह आराधना करनी चाहिए की रीवा शहर नशा मुक्त हो, लोग स्वस्थ रहें और रीवा में प्रेम भाई चारा कायम रहे। श्री मंगू ने यह भी कहा कि उन्होंने यह भी कहा कि धर्म परिवार अस्पताल चौराहे में श्रीराम शोभायात्रा का भव्य स्वागत कर यात्रा में शामिल रहेगी। वहीं श्री राम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष नरेश काली ने सभी से शोभायात्रा में परिवार सहित शामिल होकर ऐतिहासिक व यादगार बनाने की अपील की। उपस्थित पदाधिकारी व प्रबुद्ध जनों ने शहर के विभिन्न चौराहा में श्री राम जी की शोभायात्रा का स्वागत करने का भी निर्णय लिया साथ ही शोभायात्रा में सभी शहर वासियों से शामिल होने के लिए 25 मार्च को शाम जागरुकता वाहन रैली समिति द्वारा शहर में जय श्री राम के नारों के साथ निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी महेश ठारवानी, एडवोकेट श्रीप्रकाश तोमर, एडवोकेट दिलीप ठारवानी अवधेश सिंह विश्वनाथ सिंह बाबा अशोक मिश्रा देवांशु गौतम प्रकाश गुप्ता अमित ठारवानी नारायण कुशवाहा, आलोक सिंह अमर पटेल सहित राम भक्त उपस्थित रहे।

# जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

## 8 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

### चुनाव लड़ रहे सभी 71 प्रत्याशी हुए मायूस, मतदाता भी अचंभित

### चुनाव में महिला आरक्षण न किए जाने को लेकर दायर की गई थी याचिका

**जागरण, रीवा।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने रीवा जिला अधिवक्ता संघ के हो रहे चुनाव पर 8 अप्रैल तक के लिए रोक लगा दी है। उक्त आदेश के बाद आज 25 मार्च बुधवार को होने वाले अधिवक्ता संघ चुनाव के मतदान की प्रक्रिया थम गई है। हाई कोर्ट के आदेश की सूचना जैसे ही रीवा जिले न्यायालय के अधिवक्ताओं को व चुनाव लड़ रहे अधिवक्ता प्रत्याशियों को हुई, सभी अचंभित हो गए व तरह-तरह की आपस में चर्चाएं करने लगे। अध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिए चुनावी समर में उतारे 71 प्रत्याशियों के चेहरे तो फीके ही नजर आने लगे। चुनाव अधिकारियों ने आदेश की प्रति जारी वाट्सऐप में प्राप्त करते ही मतदान की प्रक्रिया स्थगित कर दी गयी।

जानकारी मुताबिक मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर में जिला न्यायालय में विधि व्यवसाय कर रहीं महिला अधिवक्ता जितेंदर कौर ने अपने अधिवक्ता आशीष सिंह बघेल के माध्यम से जिला अधिवक्ता संघ के हो रहे चुनाव प्रक्रिया में महिलाओं के लिए आरक्षित पद निर्धारित न किया जाकर चुनाव संचालन कराए जाने पर रोक लगाने की मग रिट याचिका क्रमांक 10351/2026 में की थी, जिस पर मंगलवार को उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति मामले पर संज्ञान लेते हुए रीवा अधिवक्ता संघ के चुनाव पर रोक लगाते हुए चुनाव अधिकारी को जारी वाट्सऐप वीडियो कॉलिंग नोटिस जारी कर चुनाव प्रक्रिया स्थगित किए जाने का आदेश देते हुए 8 अप्रैल तक उपस्थित होकर यह जवाब प्रस्तुत करने का आदेश जारी किया कि उक्त चुनाव प्रक्रिया में महिला आरक्षण का पालन क्यों नहीं किया गया और चुनाव प्रक्रिया में कितनी महिला प्रत्याशी के रूप में भाग लिया है। उक्त आदेश के बाद अधिवक्ता संघ चुनाव अब उच्च न्यायालय के आदेश पर ही निर्भर रहेगा कि जिस प्रक्रिया अनुसार चुनाव का मतदान हो रहा था, उसी अनुसार होगा या नए सिरे से चुनाव प्रक्रिया में महिला आरक्षण का प्रावधान कर। इसके लिए अब सभी को आगामी 8 अप्रैल को उच्च न्यायालय के अगले निर्णय का इंतजार करना ही होगा।



### 30 प्रतिशत महिला आरक्षण का सुप्रीम कोर्ट पहले ही दे चुका है आदेश

अधिवक्ता संघ के चुनावों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण का आदेश सुप्रीम कोर्ट पहले ही दे चुका है। इसके साथ ही देश की कई अदालतों में इसका पालन भी हो रहा है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए याचिकाकर्ता युवा अधिवक्ता घनश्याम सिंह व नीलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया में महिला आरक्षण प्रक्रिया अपनाने के लिए जिला निर्वाचान कमेटी को फरवरी महीने मे ही आग्रह किया गया था लेकिन कमेटी ने ध्यान नहीं दिया लिहाजा उन्होंने हाईकोर्ट जबलपुर में रिट याचिका जतिंदर कौर बनाम मप्र बार कौंसिल एवं अन्य दाखिल की। लिहाजा हाईकोर्ट मुख्यन्यायाधीश की बेंच ने वीसी के माध्यम से सुनवाई और जिला निर्वाचन कमेटी का पक्ष भी लिया। इसके उपरांत 25 मार्च को होने वाले जिला अधिवक्ता चुनाव पर रोक लगा दी। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट के समक्ष दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट ने दीक्षा एन अमुतेष बनाम स्टेट आफ कर्नाटक एवं अन्य मामले में अधिवक्ताओं के चुनाव में महिला अधिवक्ताओं को 30 प्रतिशत आरक्षण का आदेश 8 दिसंबर 25 को दिया था। बताया कि कई जिलों की बार कौंसिल द्वारा सुको के आदेश के परिपालन में महिला आरक्षण के तहत चुनाव कराया गया लेकिन जिला अधिवक्ता संघ रीवा के चुनाव में सुको के उक्त आदेश का पालन नहीं किया गया। याचिका की पैरवी युवा अधिवक्ता घनश्याम सिंह व नीलेंद्र प्रताप सिंह के अलावा आशीष सिंह, विजय विक्रम सिंह, कौशलेंद्र सिंह, रंगेश सिंह व परिजात सिंह ने की।

### डॉ श्रद्धा सिंह ने की खुशी जाहिर

**रीवा।** जिला अधिवक्ता संघ रीवा के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए पहली बार महिला उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल करने वाली डॉ श्रद्धा सिंह ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के उस स्थगनादेश का स्वागत किया है जिसमें संबंधित चुनाव में महिला आरक्षण एवं चुनाव नियमावली संबंधी विसंगतियों को लेकर आगामी 8 अप्रैल को सुनवाई तारीख दी गई है। डॉ श्रद्धा सिंह ने कहा कि जिला अधिवक्ता संघ रीवा में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होना चाहिए।



## सप्तम्- कालरात्रि



मां दुर्गाजी की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। इनके शरीर का रंग घने अन्धकार की तरह एकदम काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। इनके तीन नेत्र हैं। ये तीनों नेत्र ब्रह्माण्ड के सदृश गोल हैं। इनसे विद्युत के समान चमकीली किरणें निःसृत होती रहती हैं। इनकी नासिका के श्वास-प्रश्वास से अग्नि की भयंकर ज्वालाएं निकलती हैं। इनका वाहन गर्दभ-गदहा है। ऊपर उठे हुए दाहिने हाथ की वरमुद्रा से सभी को वर प्रदान करती हैं। दाहिनी तरफ का नीचे वाला हाथ अभयमुद्रा से है। बायीं तरफ के ऊपर वाले हाथ में लोहे का कांटा तथा नीचे वाले हाथ में (खड़ग) कटार है।

## राजकोट एक्सप्रेस ट्रेन में बढ़ाया गया एक थर्ड एसी कोच

रीवा। समर सीजन में यात्रियों की सुविधा को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे ने राजकोट एक्सप्रेस ट्रेन में एक अतिरिक्त थर्ड एसी कोच लगाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 22937 राजकोट-रीवा एक्सप्रेस में एक थर्ड एसी का कोच 24 मई 2026 से प्रभावी रहेगा। इसी तरह गाड़ी संख्या 22938 रीवा-राजकोट एक्सप्रेस में एक थर्ड एसी का कोच 25 मई 2026 से प्रभावी रहेगा। अब उक्त दोनों ट्रेनों में निर्धारित तिथि से 01 फर्स्ट एसी, 02 सेकण्ड एसी, 05 थर्ड एसी, 02 थर्ड एसी इकॉनमी, 6 स्लीपर क्लास, 04 जनरल कोच एवं 1 जनरेटरकार, 1 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच होंगे। कोच बढ़ने से यात्रियों को बेहतर सुविधा एवं संतुलित यात्री भीड़ प्रबंधन में सहायता मिलेगी।

### महानगर की तर्ज पर रीवा में बनेगी मल्टी पार्किंग

# जी प्लस 5 होगी बिल्डिंग, 320 चार पहिया और 400 टू व्हीलर एक साथ हो सकेंगे पार्क

### कमर्सियल दुकानें व ऑफिस ब्लॉक भी बनेगा, जनता को मिलेगी बड़ी सौगात



जागरण,रीवा

यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने शहर के मुख्य बाजार में मल्टीलेवल पार्किंग बनाने की योजना नगर निगम लंबे समय से बना रहा है। जिसे अब साकार रूप देने की तैयारी की जा रही है। इसकी रूप रेखा तैयार हो चुकी है। आगामी माह में इसका टेंडर कर दिया जाएगा। मामला परिषद की स्वीकृति में अटका हुआ है, यहां स्वीकृति मिलते ही निगम इस पर आगे की कार्यवाही करेगा। बताया गया कि महानगर की तर्ज में बन रही इस मल्टीलेवल पार्किंग में करीब 52 करोड़ का खर्च आएगा। हालांकि निर्माण पीपीपी मोड पर होगा इसलिए यह लागत बढ़ और घट भी सकती है। बता दें कि शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने व पार्किंग की समस्या को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त नगर निगम डॉ.सौरभ सोनवणे ने मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण का निर्णय लिया गया है। पार्किंग के लिए स्थान चिहिंत के साथ-साथ एरिया व लागत तय कर ली गई है। इसे सक्षम स्वीकृति देते हुए टेंडर कराया जाएगा। वर्ष 2027 में मल्टी पार्किंग की सौगात जनता को मिलेगी। बता दें कि पूर्व में नगर निगम की कमान संभालने वाले आयुक्तों ने मल्टी पार्किंग की योजना तो तैयार की लेकिन इस पर अमल नहीं किया गया। वर्तमान आयुक्त डॉ.सौरभ सोनवणे ने पद्भार संभालते ही इस योजना व समस्या के निराकरण पर पहल की और अब इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### तीन फ्लोर में पार्क होंगे वाहन

जानकारी के मुताबिक नगर निगम द्वारा जी प्लस फाइव बिल्डिंग बनाई जाएगी। जिसमें कुल 4650 वर्गमीटर भूखंड का उपयोग किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक निगम की इस मल्टी पार्किंग में करीब 320 चार पहिया वाहन व 400 दो पहिया वाहन एक समय में खड़े हो सकेंगे। बताया गया कि ऊपरी मंजिला के तीसरे, चौथे व पांचवे फ्लोर में वाहन पार्किंग की सुविधा रहेगी। इसके साथ ही टेरिस पर भी वाहन पार्किंग की सुविधा भविष्य में दी जा सकेगी।

### खर्च किए जाएंगे 52 करोड़

जानकारी के मुताबिक जनता को राहत देने लाए जा रहे इस प्रोजेक्ट में निगम प्रशासन 52 करोड़ रुपए का खर्च करेगा। निर्माण की कीमत कम और ज्यादा भी हो सकती है, क्योंकि पीपीपी मोड के इस प्रोजेक्ट में निगम एजेंसी हायर करेगा। इसके बाद एजेंसी निर्माण में कुछ बदलाव भी कर सकती है और इससे खर्च बढ़ और घट भी सकता है। हालांकि जमीन 30 साल के लिए लीज में दी जाएगी, जिसमें निगम को करोड़ों रुपए की आय होगी। बताया गया कि अत्याधुनिक तरीके से बनाई जा रही इस प्रकार की मल्टी पार्किंग आस-पास के किसी संभाग में नहीं है। जानकारी के मुताबिक भोपाल व इंदौर के बाद इस प्रकार की पार्किंग बनाने वाला रीवा शहर प्रदेश का तीसरा शहर होगा। जनता को इस पार्किंग के बनने से जहां राहत मिलेगी, वहीं यह उपलब्धि भी रीवा शहर वासियों को मिलेगी।

शहर का मुख्य बाजार में काफी समय से पार्किंग की समस्या महसूस की जा रही थी। मल्टी पार्किंग व्यवस्था से शहरवासियों को लाभ मिलेगा। हम शहरवासियों की हर समस्या के निदान के लिए प्रयासरत हैं।

**अजय मिश्रा बाबा महापौर नगरनिगम रीवा**

शहर में पार्किंग की समस्या है, जिसके चलते जाम की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। मल्टी पार्किंग का प्रोजेक्ट तैयार कर लिया गया है। इसके लिए टेंडर किया जाना है। इसके निर्माण से वाहन पार्किंग की समस्या मुख्य बाजार में समाप्त हो जाएगा। जनता की समस्याओं का निराकरण हो इस पर काम किया जा रहा है।

**डॉ.सौरभ सोनवणे, आयुक्त नगर निगम।**

### 150 दुकाने भी बनाई जाएंगी

जानकारी के मुताबिक नगर निगम ने मल्टी पार्किंग बनाने के लिए शिल्पी प्लाजा के पीछे साईं मंदिर के सामने यह पार्किंग बनाई जाएगी। जिसमें अंबेडकर मार्केट और मृगनयनी वाला पूरा एरिया सहित पार्किंग का एरिया लिया जाएगा। अंबेडकर बाजार में जिनकी दुकानें हैं, उनको दुकानं मल्टी पार्किंग में ही दी जाएगी। यहां पहले भी निगम द्वारा वाहन पार्किंग की सुविधा दी गई थी जिसका ठेका निगम द्वारा किया जाता था। इस मल्टी पार्किंग में ग्राउंड, फर्स्ट व सेकंड फ्लोर में दुकानों का निर्माण होगा। जिसमें करीब 150 दुकानों का निर्माण होगा। दुकानों की संख्या सुविधा के अनुसार घट बढ़ सकती हैं।

## शराब की तस्करी करते दो गिरफ्तार 40 हजार रुपए की अवैध शराब जब्त

### नईगढ़ी पुलिस ने की कार्रवाई




जागरण, रीवा। नईगढ़ी पुलिस ने शराब की तस्करी करते बाइक सवार दो युवकों को भारी मात्रा में देशी और अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 40 हजार 2 सौ रुपए की अवैध शराब जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। नईगढ़ी पुलिस से हासिल जानकारी के मुताबिक नईगढ़ी पुलिस को रात्रि गश्त के दौरान सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोटरसायकल मे अवैध शराब रखकर बिक्री के लिए नईगढ़ी तरफ आ रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस ने बधवा मोड़ गढ़-नईगढ़ी रोड में नाकाबंदी की जहां बाइक सवारो को पुलिस ने रोका। चेकिंग के दौरान पुलिस ने प्लास्टिक की बोरी में रखकर ले जाई जा रही शराब जब्त की है। पुलिस को मौके से आरोपी संजय पटेल पिता जयराम पटेल 31 वर्ष निवासी बंधवा कोठार थाना नईगढ़ी व उमेश पटेल पिता राजबहोर पटेल 25 वर्ष निवासी ग्राम बंधवा को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि पुलिस ने बोरी के अंदर खाखी रंग के कुल 06 कार्टून में 53 लीटर 280 एमएल अंग्रेजी व देशी प्लेन शराब जब्त की, जिसकी कीमत 40 हजार 2 सौ रुपए बताई गई है।

## सड़क हादसे में घायलों के लिए देवदूत बनी 112, चार की बची जिंदगी

### बोलेरो पलटने के बाद घायलों को पुलिस ने पहुंचाया था अस्पताल

जागरण, रीवा। मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र के भैसहाई में सड़क दुर्घटना के बाद घायलों को डायल 112 पुलिस ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया। समय पर उपचार मिलने से 4 जिंदगी बच गई। बताया गया कि एक परिवार के लोग बोलेरो वाहन से जा रहे थे, तभी रास्ते में बोलेरो चालक का संतुलन बिगड़ा और बोलेरो पलट गई। हादसे में रविता यादव, केदार यादव, रामवती यादव और बृजेश यादव गंभीर रूप से घायल हुए थे। ग्रामीणों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी थी जिसके बाद बिन समय गवाएं डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और पायलट प्रवेश चतुर्वेदी और कांस्टेबल अरुण सिंह ने सभी घायलों को सुरक्षित निकालकर मऊगंज सिविल अस्पताल पहुंचाया। समय पर मिली मदद से चारों की जान बच गई। घटना के प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि अगर 112 के कर्मचारी एंबुलेंस का इंतजार करते तो गंभीर रूप से घायलों की जान भी जा सकती थी।

## एफएसएल मोबाइल फॉरेंसिक वैन से अपराधियों पर कसेगा शिकंजा



### पुलिस मुख्यालय से रीवा पहुंचे पांच आधुनिक वाहन, एसपी ने दिखाई हरी झण्डी

जागरण, रीवा। शहर में अपराधों की जांच अब और तेज व सटीक होने जा रही है। पुलिस को अत्याधुनिक एफएल मोबाइल फॉरेंसिक वैन की सुविधा मिल गई है, जिससे मौके पर ही साक्ष्य जुटाने और उनका प्रारंभिक विश्लेषण करने में मदद मिलेगी। इस मोबाइल फॉरेंसिक यूनिट के जरिए अब घटनास्थल पर ही डिजिटल, फिंगरप्रिंट, डीएनए और अन्य अहम साक्ष्य सुरक्षित किए जा सकेंगे। इससे न सिर्फ जांच की गति बढ़ेगी बल्कि अपराधियों तक पहुंचना भी आसान होगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पहले साक्ष्यों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजना पड़ता था, जिससे समय लगता था। लेकिन अब इस आधुनिक वैन की मदद से मौके पर ही कई अहम परीक्षण संभव हो सकेंगे। इससे साक्ष्यों के नष्ट होने की संभावना भी कम होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस सुविधा के शुरू होने से गंभीर अपराधों जैसे हत्या, चोरी, साइबर क्राइम और अन्य मामलों में तेजी से खुलासा हो सकेगा। पुलिस ने दावा किया है कि नई तकनीक के इस्तेमाल से अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी में सफलता दर बढ़ेगी और कानून-व्यवस्था को और मजबूत किया जा सकेगा।

### इन वाहनों को मिली सौगात

पुलिस मुख्यालय द्वारा रीवा पुलिस को आधुनिक वाहनों की सौगात दी गई है। एफएसल को आधुनिक वैन के साथ ही पुलिस को गश्त के लिए दो बोलेरो नियो, एक मिनी बस और एक ट्रक मिला है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह ने उक्त वाहनों को पूजन के उपरान्त हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। पुलिस अधीक्षक ने वाहनों के पूजन के बाद अपने संबोधन में कहा कि इन नए वाहनों के समावेश से पुलिस की कार्यक्षमता, गतिशीलता एवं तकनीकी दक्षता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। विशेष रूप से फॉरेंसिक वैन के माध्यम से घटनास्थल पर वैज्ञानिक साक्ष्यों का बेहतर प्रबंधन संभव होगा, जिससे अपराधों की जांच अधिक सटीक एवं प्रभावी बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि इन संसाधनों का मुख्य उद्देश्य आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना, अपराध नियंत्रण को मजबूत करना एवं आपातकालीन स्थितियों में त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है। रीवा पुलिस को एफएसएल मोबाइल फॉरेंसिक वैन (एमपी 03 जेडए 1487) टाटा विंगर के साथ दो नए बोलेरो नियो वाहन मिले हैं जो फील्ड ड्यूटी, त्वरित रिस्पॉन्स एवं प्रभावी गश्त को सुनिश्चित करेंगे। जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में पुलिस की पहुंच तेज होगी। इसके अलावा एक फोर्स मिनी बस पुलिस बल के सुगम आवागमन एवं कानून-व्यवस्था ड्यूटी के दौरान जवानों के सुरक्षित एवं व्यवस्थित परिवहन के लिए व एक टाटा ट्रक विभागीय लॉजिस्टिक्स, उपकरणों एवं अन्य भारी सामग्री के सुचारू परिवहन हेतु आवंटित किया गया है। जिससे विभिन्न अभियानों एवं व्यवस्थाओं में सुविधा प्राप्त होगी।

## नशा मुक्त भारत के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल यात्रा

### पूरे भारत से माटी एकत्रित कर मंदिर स्थापित करना उद्देश्य




जागरण, रीवा। असम के श्रीभूमि जिले के रहने वाले युवा पल्लव देव पूरे भारत की पदयात्रा पर निकले हैं जो मंगलवार को रीवा पहुंचे। पल्लव प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस अधीक्षक से भी मिले। पल्लव ने बताया कि उनका संकल्प है कि नशा मुक्त भारत हो। पल्लव देव ने बताया कि उनका लक्ष्य सेना में जाकर देश सेवा करने का था, किन्तु कलर ब्लाइंडनेस की समस्या के चलते वह सेना में नहीं जा सके। इसलिए वे सड़कों पर चलकर देश के युवाओं को नशे की लत से बचाने का प्रयास कर रहे हैं। पल्लव ने यह यात्रा 5 मई 2025 को असम से शुरू की है, वे अब तक लगभग 325 दिनों से निरंतर पदयात्रा कर रहे हैं और 7 राज्यों असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ व अब मप्र का सफर तय कर रहे हैं। उनकी यह पदयात्रा आगामी कई वर्षों तक चलने वाली है। संपूर्ण पदयात्रा में लगभग 5 से 6 वर्ष का समय लगने का अनुमान है। पल्लव यात्रा के दौरान स्कूल, कॉलेज व सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को नशे से होने वाले नुकसान बताकर जागरुकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं व युवाओं को खेलों के साथ ही अपनी पढ़ाई के प्रति रूचि लेने का आह्वान कर रहे हैं। पल्लव ने बताया कि यात्रा के दौरान उन्हें आम जनता व प्रशासन का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है, रात्रि विश्राम के लिए पुलिस व स्थानीय लोग उनकी मदद कर रहे हैं। इसके साथ ही देश के ज्योतिर्लिंग धाम, राम मंदिर, शक्ति पीठ, अमरनाथ सहित अन्य हिस्टोरिकल पैलेस सहित देश भर से माटी एकत्रित कर एक मंदिर स्थापित करना भी उनका लक्ष्य है।

## चरित्र संदेह पर परिवार के दो पक्षों के बीच मारपीट, 4 घायल

### सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के घोघर की घटना

जागरण, रीवा। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत घोघर मोहल्ले में बीती रात मारपीट का मामला सामने आया। चरित्र संदेह में परिवार के लोगों ने मां, बेटी सहित एक व्यक्ति की साथ मारपीट की। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को संजय गांधी अस्पताल भिजवाया वहीं मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि एक ही परिवार के दो पक्षों मे जमकर मारपीट हुई। एक पक्ष ने घर मे घुसकर दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। मारपीट की इस घटना मे एक पक्ष से पति पत्नी सहित उनकी दो पुत्रियां घायल हुई हैं, जिन्हें उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र घोघर स्थित श्रम कल्याण के ठीक सामने की बताई जा रही है। पड़ोस मे रहने वाले लोगों ने पहले परिवार पर चारित्रिक आरोप लगाए, इसके बाद उन पर जानलेवा हमला कर दिया। सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि घायल पक्ष ने गुड्डा खान, कैश अली, हैदर अली, आकिब अली और मुस्कान बानो पर मारपीट का आरोप लगाया है। वहीं मारपीट में घायल मेहरून्निशा, सरवरी बेगम, साइना बानो और आकिब अली को गंभीर चोट आई थी जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि पुलिस ने एक आरोपी को कस्टडी में लिया है साथ ही मामले की जांच कर रही है।

REWA INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE New Delhi | Affiliation No.- 1031367
WALK IN INTERVIEW -29/3/2026
PGT -
• Mathematics - 1 Post
• Geography - 1 Post
• Economics - 1 Post
• Political Science - 1 Post
• Physical Education - 1 Post
• Artificial Intelligence - 1 Post
TGT -
• Computer - 1 Post
• Mathematics - 1 Post
• English - 1 Post
• Sanskrit - 1 Post
• PRT - 5 Post
• PPRT - 3 Post
• Driver- 03 Post • Helper- 04 Post
Call: 9806154224, 8120154224
Add.: Ward 15, Gadariya, Ratahara, Rewa (M.P.)
Email: ripsrewaschool@gmail.com

## स्थापत्य व ऐतिहासिक शिल्प कला के प्रतीक शहर के प्राचीन दरवाजे हो रहे जर्जर

### सुरक्षित करना तो दूर, रंग रोगन तक नहीं किया


शिल्पी प्लाजा रोड


अमहिया रोड


पटपर घर


बिछिया रोड


मछरिया गेट

जागरण, रीवा। पुरातत्व विभाग की लापरवाही के चलते शहर में स्थित प्राचीन धरोहरों की दुर्गति होती जा रही है। स्थापत्य व ऐतिहासिक शिल्प कला के प्रतीक प्राचीन दरवाजों का अस्तित्व समाप्त होने की कगार पर है। रविवार रात शहर में स्थित प्राचीन मछरिया दरवाजे का प्लास्टर भरभरा कर गिर गया। इस दरवाजे के अलावा अन्य प्राचीन दरवाजे भी उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं। जिनमें से कुछ की हालत तो बहुत ही खराब हो रही है, प्राचीन धरोहरों को सुरक्षित व संरक्षित करना तो दूर इनमें रंग रोगन तक नहीं किया गया है, जिससे ये दरवाजे भी मछरिया दरवाजे की भांति कभी भी गिर सकते हैं।

सबसे अधिक खराब हालत पटपर घाट स्थित कोतवाली के समीप प्राचीन दरवाजे की हो रही है। यह दरवाजा भी मछरिया दरवाजा की भांति अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। वर्षों से इसकी साफ-सफाई तक नहीं की गई। शिल्पी प्लाजा स्थित प्राचीन दरवाजे की मरम्मत किए बिना ही इसमें पीला रंग पोत दिया गया, कई जगह से इसका प्लास्टर गिर चुका है, जिससे दरवाजे की मजबूती संदेह के घेरे में है। इसी दरवाजे से अमहिया रोड जाने वाले मार्ग पर स्थित दरवाजा भी काफी जर्जर हो चुका है, इसकी भी कभी सुध नहीं ली गई, न ही कभी सफाई व रंग रोगन किया गया। बिछिया रोड स्थित प्राचीन दरवाजा भी खुद की मरम्मत व देखरेख की राह देख रहा है। मछरिया दरवाजे का प्लास्टर गिरा है यदि जल्द ही इस दरवाजे की सुध नहीं ली गई तो संभवतः मछरिया दरवाजा आने वाले कुछ ही समय में इतिहास बन कर रह जाएगा। पुरातत्व विभाग में पदस्थ जिम्मेदार अधिकारी जबलपुर में निवास करते हैं, एक अन्य कर्मचारी भी उनके साथ ही जबलपुर से यदाकदा आते हैं, जिससे शहर में स्थित प्राचीन धरोहरों की सुध लेने वाला कोई नहीं।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433

ऑब्स गायनी OPD
डॉ. खुशबू सोनी
MBBS, MS, DNB (Obstetrics & Gynecology)
Sonologist & Infertility Specialist
स्त्री- प्रसूति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
Timing 2:00 PM to 4:00 PM
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
मो.: 9399312433 9981287311

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433 9981287311

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय-प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
परामर्श क्लीनिक: शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्प्लेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
* IUI, IVF, ICSI
* फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
* एग फ्रीजिंग
* एंब्रियो फ्रीजिंग
* स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

Minerva The Medicity A MULTI SUPERSPECIALITY HOSPITAL
मिनर्वा द मेडिसिटी
मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रीवा
जन्मजात बाल्य हृदय रोग एवं बाईपास सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के तहत निःशुल्क इलाज
फोर्टिस हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा
विशेष सूचना
कार्डियक सर्जरी
पुनः निःशुल्क उपलब्ध
असुविधा से बचने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाएं
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैंड, रीवा (म.प्र.)
9893516364, 8770288324 | टोल-फ्री नंबर:- 18008892250

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# उपभोक्ता का भरोसा भी जीतें बीमा कंपनियां

*राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने संसद में कहा कि निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों का ऐसा मकड़जाल बन गया है, जो आम लोगों की कमर तोड़ रहा है। किसी अस्पताल में भर्ती होने और इलाज पर आए खर्च के मुकाबले काफी कम रकम का भुगतान करने के मामले आम रहे हैं।*

*यह विडंबना ही है कि जिस भरोसे की वजह से कोई व्यक्ति बीमारी का इलाज कराने किसी निजी अस्पताल में जाता है, वह उसके लिए एक नई परेशानी की वजह बन जाता है। भविष्य में इलाज का खर्च उठाने की राह आसान बनाने का भरोसा देकर बीमा कंपनियां लोगों को अपनी योजनाओं का हिस्सा बनने के लिए तो तैयार कर लेती हैं, लेकिन जब इलाज पर हुए खर्च की भरपाई करने का वक्त आता है, तो उसमें कई तरह की अड़चन पेश कर दी जाती है या कई बार मना भी कर दिया जाता है।*

*निजी अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच मिलीभगत के सहारे चल रही इस गड़बड़ी के मामले अक्सर सामने आते रहे हैं, लेकिन अब तक इस तरह के घोटालों पर रोक को लेकर सरकार की ओर से कोई ठोस सक्रियता नहीं देखी गई है। हाल ही में यह मसला संसद में उठाया गया, जिसमें सरकार से स्वास्थ्य बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग की गई। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने संसद में कहा कि निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों का ऐसा मकड़जाल बन गया है, जो आम लोगों की कमर तोड़ रहा है।*

*अक्सर ऐसे मामले देखे जाते हैं, जिसमें अस्पताल में मरीज की मौत हो जाती है और नियमों का हवाला देकर या अलग-अलग कारण बता कर बीमा कंपनी दावे को खारिज कर देती है। इलाज के दौरान अस्पताल में किसी मरीज की मौत हो जाती है, तो कई बार खर्च चुकाने में असमर्थ होने पर अस्पताल शव देने तक से इनकार कर देता है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसी स्थिति में मरीज के परिजन किस तकलीफ से गुजरते होंगे। सवाल है कि बीमा कारोबार से संबंधित सरकारी महकमे इस तरह की मनमानियों के खिलाफ क्या कदम उठाते हैं। इसी मसले पर एक अन्य राज्यसभा सांसद संजय यादव ने कहा कि कंपनियां हर साल करोड़ों रुपए का प्रीमियम तो इकट्ठा करती हैं, लेकिन जब इलाज के बाद मरीज या उसके परिजन खर्च के भुगतान के लिए संपर्क करते हैं, तो वे अलग-अलग तकनीकी कारणों का हवाला देकर रकम का एक बड़ा हिस्सा काट लेती हैं।*

*असल में कंपनियां जब लोगों को बीमा कराने का भरोसा दे रही होती हैं, तब नियम-शर्तों को बताने के मामले में स्पष्टता और पारदर्शिता नहीं बरती जाती। दूसरी ओर, ज्यादातर लोग अस्पष्ट और जटिल स्वरूप में दर्ज नियमों के मामले को कंपनी के भरोसे पर छोड़ देते हैं। बाद में कंपनियां लोगों के इसी भरोसे का फायदा उठा कर नियमों को आधार बनाती हैं। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आइआरडीए) के 2024 के आंकड़े के मुताबिक, एक ही वर्ष में करीब छब्बीस हजार करोड़ रुपए के बीमा दावे खारिज हुए। किसी अस्पताल में भर्ती होने और इलाज पर आए खर्च के मुकाबले काफी कम रकम का भुगतान करने के मामले आम रहे हैं।*

*इस बात की पड़ताल की जानी चाहिए कि क्या बड़े निजी अस्पताल और बीमा कंपनियों के बीच कोई सांठगांठ है, जिसके तहत किसी व्यक्ति को बीमा कराने के लिए तैयार करने से लेकर इलाज कराने के लिए अस्पताल का चुनाव करने, खर्च के भुगतान के दावे पर निर्णय लेने का कोई संजाल काम करता है। इस तरह के गठजोड़ की जांच कर गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने और शिकायतों से निपटने लिए एक राष्ट्रीय मानक बनाने की जरूरत है, ताकि मरीजों के भरोसे और उनकी सेहत का सौदा न किया जा सके।*

ऊर्जा सुरक्षा

**आयात निर्भरता बाहरी झटकों को बहुत तेजी से घरेलू संकट में बदल देती है**

# ऊर्जा व्यवस्था पर पुनर्विचार की जरूरत



**देबजित पालित और डॉ आकांक्षा जैन**

जैसे-जैसे पश्चिम एशिया में संघर्ष तीव्र हो रहा है, भारत की ऊर्जा संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से सामने आ रही है। भारत ने पश्चिम एशिया, रूस, अमेरिका और अफ्रीका से आयात बढ़ाकर ऊर्जा सुरक्षा के लिए आपूर्ति स्रोतों में विविधता लाने की रणनीति अपनाई है। इससे किसी एक देश पर निर्भरता तो कम होती है। होर्मुज जलडमरुमध्य में व्यवधान जारी रहने के हालात सामने हैं। भारत के लिए इसके प्रभाव तत्काल और वास्तविक हैं, क्योंकि यह अपने कच्चे तेल का लगभग 40-50 फीसदी, अपने तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का 50 फीसदी से अधिक और आयातित तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) का अधिकांश (90 फीसदी) इसी रास्ते से आयात करता है। भारत अपने कुल कच्चे तेल की जरूरत का 85 फीसदी से अधिक, प्राकृतिक गैस का लगभग 50-55 प्रतिशत और एलपीजी की खपत का करीब 60 फीसदी आयात करता है। यह आयात निर्भरता बाहरी झटकों को बहुत तेजी से घरेलू संकट में बदल देती है।

हमने देखा कि शुरुआत में संकट के गहराते ही साप्ताहिक एलपीजी आयात में लगभग 30 प्रतिशत की गिरावट आयी और बहत्तर घंटों के भीतर ही घबराहट में खरीदारी के कारण एलपीजी एजेंसियों के भंडार खाली हो गये। सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू किया, व्यावसायिक आपूर्ति को सामान्य स्तर के 20 फीसदी तक सीमित कर दिया और रिफाइनरियों से एलपीजी उत्पादन बढ़ाने को कहा। ऊर्जा संकट का असर केवल रसोई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि कई परस्पर जुड़े क्षेत्रों में फैल गया। सबसे अधिक प्रभावित उर्वरक क्षेत्र हुआ, क्योंकि देश की लगभग 70 प्रतिशत यूरिया उत्पादन क्षमता गैस आधारित है, जिसमें से लगभग 86 फीसदी गैस पश्चिम एशिया से आती है। एलएनजी आपूर्ति में बाधा ने सब्सिडी का बोझ बढ़ा दिया और आपूर्ति संकट का खतरा पैदा कर दिया। मासिक यूरिया उत्पादन, जो सामान्यतः 25 लाख टन होता है, मार्च में घटकर 17 लाख टन होने का अनुमान है, क्योंकि संयंत्रों ने गैस बचाने के लिए रखरखाव कार्य पहले ही शुरू कर दिये। खरीफ बुवाई का मौसम जून में शुरू होता है। ऐसे में, यदि यह संघर्ष अप्रैल के बाद भी जारी रहता है, तो स्थिति पूरी तरह बदल सकती है, जिससे उर्वरक संकट खाद्य सुरक्षा संकट में बदल सकता है। अन्य प्रभावित क्षेत्रों में परिवहन और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमइ) शामिल हैं। जाहिर है, ऊर्जा केवल एक अलग क्षेत्र नहीं है, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था की आधारभूत जरूरत है, इसलिए इसमें व्यवधान का प्रभाव व्यापक और बहुगुणित होता है। मौजूदा संकट बार-बार घटित होने वाला एक पैटर्न है। वर्ष 1973 के अरब तेल प्रतिबंध ने वैश्विक तेल कीमतों को 300 फीसदी तक बढ़ा दिया था और भारत को पहली बार आयात निर्भरता के बारे में गंभीरता से सोचने पर मजबूर किया था। वर्ष 1990 के खाड़ी युद्ध ने इराकी तेल निर्यात को कम कर दिया। उसके बाद 2010 और 2018 में ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों ने भारत को अपने तीसरे सबसे बड़े कच्चे तेल आपूर्तिकर्ता से आयात लगभग शून्य करने के लिए मजबूर किया। फिर फरवरी, 2022 में रूस-यूक्रेन संकट ने फिर से परिस्थितियों को बदल दिया।

मूल समस्या दरअसल संरचनात्मक है। ऊर्जा व्यवस्था स्थिर दुनिया में कीमतों के अनुकूलन के लिए बनायी गयी है, पर अस्थिर दुनिया के लिए उसमें कोई अतिरिक्त सुरक्षा नहीं है। भारत ने ऊर्जा सुरक्षा के लिए आपूर्ति स्रोतों में विविधता लाने की रणनीति अपनाई है-पश्चिम एशिया, रूस, अमेरिका और अफ्रीका से आयात बढ़ाकर। इससे किसी एक देश पर निर्भरता तो कम होती है, पर प्रणालीगत जोखिम समाप्त नहीं होता। एलपीजी संकट एक महत्वपूर्ण कमजोरी को उजागर करता है। भारत की रसोई ऊर्जा प्रणाली एलपीजी पर अत्यधिक निर्भर है। यदि विश्वसनीय बिजली आपूर्ति या विकेंद्रीकृत सौर ऊर्जा से समर्थित बिजली पर खाना पकाने के विकल्पों को बढ़ाया जाये, तो इस निर्भरता को काफी हद तक कम किया जा सकता है। देश की ऊर्जा व्यवस्था पर पुनर्विचार की शुरुआत 'इलेक्ट्रॉन्स बनाम अणु' से होनी चाहिए। अणु यानी तेल, गैस, एलएनजी और एलपीजी जैसे वे ऊर्जा स्रोत, जिन्हें निकालना, परिवहन करना और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के माध्यम से लाना पड़ता है। चूंकि भारत में इनका पर्याप्त उत्पादन नहीं होता, इसलिए ये भू-राजनीतिक जोखिमों के प्रति संवेदनशील हैं। इसके विपरीत, 'इलेक्ट्रॉन्स' यानी बिजली का उत्पादन देश के भीतर होता है और इसका वितरण राष्ट्रीय ग्रिड के माध्यम से होता है, जिससे ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

सकारात्मक बात यह है कि भारत ने बिजली क्षेत्र में अपेक्षा से कहीं अधिक प्रगति की है। पिछले साल 29 जुलाई को पहली बार एक दिन में भारत की कुल बिजली मांग का 51.5 प्रतिशत नवीकरणीय स्रोतों से पूरा हुआ। ऐसे ही, सितंबर, 2025 तक देश की कुल स्थापित क्षमता 500 गीगावॉट से अधिक हो गयी, जिसमें 51 फीसदी से अधिक गैर-जीवाश्म स्रोतों से था-यह लक्ष्य 2030 से पांच वर्ष पहले ही हासिल कर लिया गया। फरवरी, 2026 तक नवीकरणीय क्षमता 266 गीगावॉट से अधिक हो चुकी है। वर्ष 2025 में भारत ने लगभग 50 गीगावॉट नयी नवीकरणीय क्षमता जोड़ी, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग दोगुनी है। इस बार के केंद्रीय बजट में ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर के लिए 600 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री भी तेजी से बढ़ रही है। ऊर्जा सुरक्षा के संदर्भ में यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। हर इलेक्ट्रिक वाहन डीजल की मांग कम करता है। हर इंडक्शन चूल्हा एलपीजी सिलेंडर की आवश्यकता घटाता है। ऐसे ही, सौर ऊर्जा इकाई किसी विदेशी सरकार के निर्णयों पर निर्भर नहीं रहती। भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्रांति केवल पर्यावरण की दृष्टि से नहीं, बल्कि राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

फिर भी, कुछ क्षेत्रों जैसे विमानन, शिपिंग, भारी उद्योग, माल परिवहन और पेट्रोकेमिकल्स में 'अणु' आवश्यक बने रहेंगे। इन क्षेत्रों के लिए भारत को हरित हाइड्रोजन, जैव ईंधन, बायोगैस और कृत्रिम ईंधनों जैसे घरेलू स्तर पर उत्पादित हरित विकल्पों को प्राथमिकता देनी चाहिए। जैसे, बायोगैस जैविक और कृषि अपशिष्ट से बनायी जा सकती है, जबकि नवीकरणीय ऊर्जा से हरित हाइड्रोजन तैयार किया जा सकता है, जिसे पाइप्ड प्राकृतिक गैस के साथ मिलाया जा सकता है। कोयले के गैसीकरण से सिंथेटिक गैस बनायी जा सकती है, जिससे डाइमिथाइल ईथर तैयार कर एलपीजी के साथ मिलाया जा सकता है। यानी जहां संभव हो, वहां बिजली का उपयोग, और जहां जरूरी हो, वहां ईंधन का उपयोग। अब समय आ गया है कि भारत ऊर्जा सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा के रूप में देखे और भू-राजनीतिक झटकों से निपटने के लिए अपनी क्षमता मजबूत करे।

खुला मंच

# सरकारी फरमान से मुर्गा-मुर्गी टेंशन में

**मुकेश नेमा**

मुर्गा सर पर हाथ धरे बैठा है ,मुर्गी सन्नाटे मे है। फड़फड़ाते चूजे कोने मे दुबके हैं और नवजात अंडे माँ का मुँह निहार रहे हैं, जो मुसीबत सर पर आन पड़ी है वो बड़ी भारी है ,उससे कैसे जूझें ,कैसे पार पाएं ,अब इस मुद्दे पर विचार विमर्श हो रहा है।

सरकार का फरमान है। अब मुर्गी के दिए हर अंडे पर वो तारीख लिखी जाए जिस दिन उसकी डिलीवरी हुई हो। कैसे कर पाएंगे वो इस काम को। इसकी चिंता खाए जा रही है उन्हें। मुर्गी मायूस है। अब सब जान जाएँगे कि हमारे यहाँ बच्चों की लाईन लगी हुई है। हँसेंगे सब हम पर। मुर्गी ने पूछा अब। हम मना नही कर सकते सरकार को ?

मुर्गा टेंशन में है। सरकार को मना नही किया जा सकता। सरकार को हक है वो पब्लिक से कभी भी कोई भी कागज माँग ले। ऐसे में बच्चों की पैदाइश बाबत बर्थ सर्टिफिकेट तो बनवाना ही पड़ेंगे हमे।

मुर्गा दूर की सोच रहा है। सरकार हमारे बारे मे सब कुछ जानना चाहेगी।

मुर्गी और हक्का बक्का हुई। मसलन कैसी बातें ?

यही कि , हम लोगों का ब्याह कब हुआ ? तुम प्रेगनेन्ट कब कब हुई ? प्रेगनेंसी मे प्रॉपर वैक्सीन्शन हुए या नही ,हुए तो कब कब? अब तक कितने अंडे दे चुकी? हर अंडे का वजन कितना है ,और यदि उसका वजन कम है तो उसे आँगनबाड़ी भेजा या नही। उसे दाल दलिया कब कब खिलाए गए? जैसी बातें। इन सभी के कागज तैयार करना पड़ सकते है हमे। और सरकार को देना होंगे।

हे भगवान। हम गरीबों के बारे मे इतनी सब जानकारी जुटा कर सरकार करेगी क्या?

सरकार माई बाप होती है जनता की। भला चाहती है, इसके लिए उसने आदमी रख छोड़े है। ये होते है सरकारी आदमी। कागज काले करने की तनख्वाह मिलती है इन्हें। आँकड़े चाहिए होंगे उन्हें, ऐसे मे अब हम पर निगाह है उनकी।

यानी हमारे बारे में आँकड़े इकट्ठा होने से हमारा अच्छा होगा ?

मुर्गा बोला- बस पेंच यह इस मामले मे कि मेहनती सरकारी बाबू आँकड़े इकट्ठा करते करते इतना थक जाते है कि बात आगे नहीं बढ़ पाती। मुर्गी की आँखें भर आई हैं। हे भगवान। राम जी रक्षा करें हमारी।

मुर्गा लंबी लंबी साँसें ले रहा है। हिम्मत रख। गरीब है हम और गरीब होने का सबसे बड़ा फायदा ये है कि कोई भी मुसीबत उसका कुछ बिगाड़ नही पाती।

प्रसंगवश

# शिक्षा के अनुरूप रोजगार को गति मिले

*सरकारी नौकरियों की घटती संख्या, निजी क्षेत्र की जरूरतों में बदलाव, बढ़ती आबादी तथा रोजगारपरक शिक्षा के अभाव में देश में रोजगार के अवसर कम हुए हैं। कहा जाने लगा है कि अब केवल शिक्षा ही रोजगार की गारंटी नहीं रह गई है। हाल के कुछ सर्वेक्षण इस बात की पुष्टि करते हैं। पिछले दिनों इस कटु सत्य को बयां करती 'स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया 2026' रिपोर्ट आई है। रिपोर्ट बताती है कि देश में चालीस प्रतिशत युवा स्नातकों को बेरोजगार रहना पड़ता है। साथ ही उनमें से केवल सात फीसदी को ही एक वर्ष के भीतर स्थिर वेतन वाली नौकरियां मिल पाती हैं। निस्संदेह, हाल ही में सामने आए ये आंकड़े देश में रोजगार सृजन और उच्च शिक्षा तक पहुंच के बीच के असंतुलन को ही उजागर करते हैं। उल्लेखनीय है कि अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार, प्रत्येक वर्ष करीब पचास लाख स्नातक देश के कार्यबल में प्रवेश करते हैं। लेकिन उनमें से मुश्किल से आधे ही रोजगार पा सकते हैं। इसके साथ ही उन्हें कम सुरक्षित व कम वेतन वाली नौकरियां ही मिलती हैं। निश्चय ही दुनिया की सबसे अधिक युवा आबादी वाले देश के लिये यह सुखद संकेत नहीं कहा सकता है। अन्य शब्दों में कहें तो स्नातक होने और रोजगार के अवसरों के बीच व्याप्त असंतुलन के चलते भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश के कालांतर जनसांख्यिकीय दायित्व में तब्दील होने का खतरा पैदा हो रहा है। जिसे देश के नीति-नियंताओं को गंभीरता से लेना चाहिए। विशेषज्ञों का अनुमान है कि देश में कामकाजी उम्र की आबादी के साल 2030 से पहले चरम पर पहुंचने का आकलन है। इस स्थिति में चिंता जतायी जा रही है कि देश में युवा ऊर्जा के सदुपयोग करने का अवसर तेजी से कम होता जा रहा है। निर्विवाद रूप से यदि भविष्य में पर्याप्त और लाभकारी रोजगार के अवसर पैदा नहीं किए जाते हैं तो देश में बेरोजगारी बढ़ने से युवाओं के कुंठित होने का खतरा पैदा हो सकता है।*

*वहीं दूसरी ओर भारतीय रोजगार परिदृश्य पर नजर रखने वाले विशेषज्ञ चिंता जता रहे हैं कि देश को शिक्षित युवाओं में लगातार बढ़ती निराशा, स्थिर आय और धीमी आर्थिक गतिशीलता जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। वास्तव में यहां प्रश्न केवल संख्या का ही नहीं है वरन यह रोजगार की गुणवत्ता का भी सवाल है। देश में कई स्नातक ऐसे संस्थानों से निकलते हैं, जो शिक्षकों की कमी, पुराने पाठ्यक्रम और कमजोर उद्योग संबंधों जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। विडंबना यह भी है कि देश में कुशल श्रम को रोजगार देने में सक्षम क्षेत्र, मसलन विनिर्माण और उच्च मूल्य वाली सेवाएं पर्याप्त रूप से विकसित नहीं हुई हैं। इसका परिणाम यह है कि डिग्री की संख्या रोजगार बाजार में मांग की संख्या के अनुपात में कहीं अधिक है। वहीं दूसरी ओर, निर्विवाद रूप से देश के रोजगार बाजार में सकारात्मक रूप से भी प्रगति के संकेत मिल रहे हैं। जाति और लिंग से जुड़ी व्यावसायिक बाधाएं धीरे-धीरे कम हो रही हैं। हालांकि, रोजगार सृजन में समांतर वृद्धि के बिना ये उपलब्धियां महत्वहीन ही होंगी। यह भी हकीकत है कि मौजूदा परिदृश्य में देश को नामांकन बढ़ाने की प्राथमिकता से हटकर रोजगार क्षमता बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा। दूसरे शब्दों में कहें तो व्यावसायिक प्रशिक्षण में निवेश बढ़ाने, उद्योग तथा अकादमिक साझेदारी को दृढ़ता देने की दिशा में काम करने तथा श्रम प्रधान क्षेत्रों को मजबूत करने की जरूरत होगी। निश्चित रूप से जब हम श्रम प्रधान क्षेत्रों को प्रभावी बनाने का प्रयास करेंगे तो रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो सकेगी। इसके साथ ही यह भी जरूरी होगा कि देश की आर्थिक नीति को तेजी से बढ़ते शिक्षित कार्यबल की वास्तविकताओं के अनुरूप बनाया जाए। हमारे नीति नियंताओं के सामने चुनौती बिल्कुल स्पष्ट है कि देश की अर्थव्यवस्था में यह सुनिश्चित किया जाए कि शिक्षा का लाभ यूं ही व्यर्थ न चला जाए।*



जन्मदिवस विशेष

**मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व, कृतित्व और उनके सांस्कृतिक चिंतन तथा अवदान का अवलोकन**

# मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना के संवाहक हैं मोहन

**धर्मेन्द्र सिंह लोधी**

भारत की महान् सभ्यता, हजारों वर्षों की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक साधना, सामाजिक परंपरा और मानव मूल्यों से निर्मित हुई है। हमारे देश में शासन की अवधारणा केवल प्रशासनिक और राजनैतिक नहीं है, बल्कि धर्म, लोकमंगल और सांस्कृतिक संरक्षण की साधना भी रही है। इसलिए हमारे दर्शन में राष्ट्र को केवल राजनीतिक इकाई नहीं माना गया, बल्कि संस्कृति, परंपरा और आत्मिक चेतना का जीवंत रूप माना गया है। यही कारण है कि भारत की पहचान उसकी भौगोलिक सीमाओं से अधिक उसकी सांस्कृतिक आत्मा से होती है।

मध्यप्रदेश को भारत का 'हृदय प्रदेश' कहा जाता है। क्योंकि यह देश के मध्य में स्थित है। लेकिन इसके साथ ही मध्यप्रदेश भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र भी है। यह वह भूमि है, जहाँ इतिहास, अध्यात्म, लोकजीवन, संत परंपरा, शौर्य परंपरा और और सांस्कृतिक वैभव एक साथ स्पंदित होते है। इसी पवित्र भूमि पर जन्में मध्यप्रदेश के यशस्वी, लोकप्रिय, कर्मठ और दूरदर्शी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी आज मध्यप्रदेश की उस सांस्कृतिक चेतना के संवाहक के रूप में प्रतिष्ठित है, जो अतीत की गौरवशाली परंपराओं को वर्तमान की विकास यात्रा और भविष्य की संभावनाओं से जोड़ती है। मुख्यमंत्री जी के जन्मदिन की अवसर पर हार्दिक मंगकामनाएं व्यक्त करते हुए उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और सांस्कृतिक चिंतन के उन आयामों का स्मरण करते हैं जिन्होंने मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊर्जा और नई दिशा प्रदान की है।

डॉ.मोहन यादव जी का जीवन केवल एक कुशल और सशक्त राजनैतिक नेतृत्व का उदाहरण नहीं है, बल्कि भारतीय दर्शन से निर्मित एक सांस्कृतिक व्यक्तित्व का भी उदाहरण है। भारतीय परम्परा में नेतृत्व को धर्म, नीति, लोक कल्याण और समाज को दिशा देने का दायित्व माना गया है। इसी भावना के कारण महाभारत में कहा गया है-

**प्रजा-सुखे सुखं राज्ञः प्रजानां तु हिते हितम्।**
**नात्मप्रियम् हितं राज्ञः प्रजानां तु प्रियम् हितम्।।**

अर्थात् राजा का सुख प्रजा के सुख में निहित होता है, और उसका हित प्रजा के हित में निहित होता है। इसलिए राजा को अपने हित से अधिक प्रजा के हित को महत्व देना चाहिए। दरअसल, डॉ. मोहन यादव का नेतृत्व इसी भारतीय दृष्टि से प्रेरित दिखाई देता है, जहाँ प्रगति, संस्कृति, लोक कल्याण, समरसता और शासन एक दूसरे के पूरक बनकर चलते हैं। मध्य प्रदेश की पुण्य भूमि पर उनका नेतृत्व लोक मंगल की साधना के रूप में दिखाई देता है।

डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में हमारा प्रदेश धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और वैश्विक सांस्कृतिक संवाद के केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। आज मध्यप्रदेश की विकास योजनाएँ केवल अधोसंरचना तक सीमित नहीं है, बल्कि उनमें संस्कृति, पर्यटन, अध्यात्म और लोक जीवन की परंपराओं को भी प्रमुख स्थान दिया जा रहा है। शास्त्रों में कहा गया है- धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः। अर्थात यदि समाज में धर्म और नैतिकता का आधार समाप्त होता है, तो उसका विकास भी दिशाहीन हो जाता है। इस भावना को केन्द्र में रखते हुए डॉ. मोहन यादव जी मध्यप्रदेश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से समृद्ध बनाने की दिशा में ले जा रहे हैं।

मध्य प्रदेश की सरकार ने पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक चिंतन को जिस दृष्टि से विकसित किया है, उसमें तीन महत्वपूर्ण आयाम दिखाई देते हैं। एक- धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन का विस्तार। दो- ऐतिहासिक को सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण और तीन- स्थानीय लोक कला और परंपराओं का प्रोत्साहन। उज्जैन महाकाल लोक, ओंकारेश्वर में एकात्म धाम और अद्वैत लोक जैसे धार्मिक और



सांस्कृतिक लोकों का निर्माण, चित्रकूट, ओरछा और अमरकंटक जैसे पवित्र स्थलों का विकास भारत की आध्यात्मिक परंपरा को वैश्विक मंच प्रतिष्ठित कर रहा है। खजुराहो, साँची, माण्डू, ग्वालियर और ऐरण जैसे ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण हमारी सांस्कृतिक स्मृति को सुरक्षित करने का कार्य कर रहा है। तानसेन संगीत समारोह, कालिदास समारोह, खजुराहो नृत्य समारोह, चंदेरी और महेश्वर की सांस्कृतिक परंपराएं प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयां प्रदान कर रही है।

मध्यप्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए माननीय डॉ.मोहन यादव जी के नेतृत्व में कई नवाचार किए गए है। पर्यटन के क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने के लिए नई पर्यटन नीति और नई फिल्म पर्यटन नीति लागू की गई है। प्रदेश भर में पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा और पीएमश्री पर्यटन हेली सेवा प्रारंभ की गई है। पर्यटन स्थलों पर अधोसंरचना का विकास किया गया है। और इतना ही नहीं सुरक्षित पर्यटन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गये है। डॉ.मोहन यादव जी की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि पिछले साल मध्य प्रदेश में चौदह करोड़ से अधिक पर्यटकों का आगमन हुआ और मध्यप्रदेश को सर्वश्रेष्ठ टूरिज्म डेस्टिनेशन का सम्मान प्राप्त हुआ है।

भारतीय संस्कृति का मूलतत्व आध्यात्मिकता है । यह आध्यात्मिकता उस व्यापक दृष्टि का प्रतीक है, जिसमें संपूर्ण सृष्टि को एक परिवार मानकर 'वसुदेव कुटुम्बकम' का उद्घोष किया गया है। इसी भावना से प्रेरित होकर भारतीय संस्कृति ने सदैव विश्व को शांति, करुणा और सहअस्तित्व का संदेश दिया है। डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक दृष्टि भी इसी उदार और समन्वयकारी विचार को अभिव्यक्त करती है।

आज जबकि संपूर्ण विश्व अभूतपूर्व वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति के बावजूद नैतिक संकट, पर्यावरणीय असंतुलन, सामाजिक विघटन, युद्ध और अशांति जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे समय में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व भारत की सनातन संस्कृति मानवता को संतुलन, करुणा और सहअस्तित्व का मार्ग दिखा रही है। डॉ.मोहन यादव जी के नेतृत्व में आज हमारा मध्यप्रदेश सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक परंपरा के एक प्रमुख केंद्र के रूप में पल्लवित हो रहा है। धर्म, संस्कृति, आध्यात्म, दर्शन और पर्यटन के सभी आयामों को एक साथ जोड़कर मध्यप्रदेश सांस्कृतिक और आध्यात्मिक नेतृत्व के नए शिखर को स्पर्श कर रहा है।

प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी के कुशल नेतृत्व में विकास और प्रगति की अद्वितीय गाथा लिखी जाए। प्रदेश में अंत्योदय का विचार साकार हो। मध्यप्रदेश विकास, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ता रहे। और प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना युगों-युगों तक मानवता के मार्ग को आलोकित करती रहे। इन्हीं मंगलकामनाओं के साथ माननीय मुख्यमंत्री जी को जन्मदिवस की शुभकामनाएँ ।

**(लेखक- संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री हैं)**


जीवन दर्शन

# पेड़ और प्रकृति से सीखें शांति और संतुलन

तुम इसलिए बेचैन हो, क्योंकि तुम्हारे जीवन का मार्ग और तुम्हारी यात्रा तुम्हें घर और मां से दूर ले जा रही है। पर सच तो यह है कि हर दिन, हर पल तुम एक कदम और करीब जाते हो उस असली घर की ओर, जो तुम्हारे भीतर है।

पेड़ मेरे लिए हमेशा सबसे गहरे उपदेशक रहे हैं। मैं उनका आदर करता हूं जब वे जंगलों और उपवनों में अपने समूहों के साथ खड़े होते हैं, और उससे भी अधिक तब, जब वे अकेले खड़े होते हैं-अडिग, शांत, और आत्मनिर्भर। वे किसी पलायनवादी साधु की तरह नहीं, जो किसी कमजोरी के कारण दुनिया से भाग गए हों, बल्कि उन महान, एकाकी पुरुषों की तरह, जैसे बीथोवेन और नीत्शे, जो अकेले रहकर भी संपूर्ण होते हैं। उनकी ऊंची शाखाओं में दुनिया की सरसराहट गूंजती है और उनकी जड़ें अनंत की गहराइयों में विश्राम करती हैं, फिर भी वे खुद को खोते नहीं। वे पूरे जीवन-बल के साथ एक ही प्रयत्न करते हैं-अपने स्वभाव के अनुसार पूर्ण होना, अपने अस्तित्व को गढ़ना और स्वयं को प्रकट करना।

एक सुंदर और सशक्त वृक्ष से अधिक पवित्र और प्रेरणादायक कुछ भी नहीं। जब एक पेड़ कटता है और उसके तने की परतें उजागर होती हैं, तब उसमें उसकी पूरी जीवन-कथा लिखी होती है। ऊंचे पहाड़ों



और निरंतर विपरीत परिस्थितियों में ही सबसे मजबूत वृक्ष पनपते हैं। पेड़ एक पवित्र स्थान की तरह हैं। जो उन्हें सुनना और उनसे संवाद करना जानता है, वह जीवन का सत्य समझ सकता है। वे किसी किताबी ज्ञान और उपदेशों का प्रचार नहीं करते, बल्कि जीवन के उस प्राचीन नियम को जीते हैं, जो हर परिस्थिति में स्थिर रहता है।

जब हम पर कोई विपत्ति आती है और हम अपनी जिंदगी और नहीं झेल पाते, तब एक पेड़ हमसे कुछ कहना चाहता है- शांत हो जाओ! शांत हो जाओ! मेरी तरफ देखो! जिंदगी न आसान है, न मुश्किल। अपने भीतर ईश्वर को बोलने दो, और तुम्हारे विचार शांत हो जाएंगे। तुम इसलिए बेचैन हो, क्योंकि तुम्हारे जीवन का मार्ग और तुम्हारी यात्रा तुम्हें घर और मां से दूर ले जा रही है। लेकिन सच तो यह है कि हर दिन, हर पल तुम एक कदम और करीब जाते हो उस असली घर की ओर, जो तुम्हारे भीतर है। घर सिर्फ एक जगह नहीं, बल्कि एक मानसिक और भावनात्मक स्थिति है, जो तुम्हारे दिल में बसी हुई है। शाम की हवा में जब पेड़ों की सरसराहट सुनाई देती है, तो मन में एक अनोखी तड़प जागती है, भटकने की, खोजने की। लेकिन यह भागने की इच्छा नहीं, बल्कि अपने असली घर की खोज है। हर रास्ता अंततः उसी ओर ले जाता है। हर कदम एक जन्म है, हर कदम एक अंत, और हर अंत एक नई शुरुआत। पेड़ हमें सिखाते हैं कि उनके विचार गहरे, धीमे और स्थिर होते हैं। वे हमसे अधिक बुद्धिमान हैं-जब तक कि हम उन्हें सुनना न सीख लें। और जब हम सुनना सीख जाते हैं, तब हमारे भीतर एक अद्भुत शांति और आनंद जन्म लेता है। तब हम कुछ और बनने की इच्छा नहीं रखते। हम वही बनना चाहते हैं जो हम हैं। यही खुशी है।

**हरमन हेस**

॥गीता ज्ञान॥



**श्लोक**

**त्रैगुण्यविषया वेदा**
**निस्त्रैगुण्यो भवार्जुन।**
**निर्द्वन्द्वो नित्यसत्त्वस्थो**
**निर्योगक्षेम आत्मवान॥**

**भावार्थ**

वेद तीन गुणों से युक्त विषयों का प्रतिपादन करते हैं। हे अर्जुन! तुम इन तीनों गुणों से रहित हो जाओ, सभी द्वन्द्वों से मुक्त रहो, सत्त्वगुण में स्थिर रहो और आत्मा के कल्याण में स्थित रहो।

## 5वीं और 8वीं कक्षा का आज जारी होगा परीक्षा परिणाम

**जागरण, रीवा।** राज्य शिक्षा केन्द्र स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा बुधवार को कक्षा 5वीं एवं 8वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। विद्यार्थी सुबह 11.30 बजे से अपना परीक्षा परिणाम डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट आरएसकेएमपी डॉट इन आब्लिक रिजल्ट डॉट एसएमपीएक्स पोर्टल पर देख सकेंगे। राज्य शिक्षा केंद्र से मिली जानकारी अनुसार 25 मार्च को परीक्षा परिणाम घोषणा की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से राज्य शिक्षा केन्द्र कार्यालय के सभाकक्ष में संचालित की जाएगी। इसके बाद सुबह 11.30 बजे परीक्षा परिणाम पोर्टल पर जारी किया जाएगा। विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षकगण राज्य शिक्षा केन्द्र की वेब पोर्टल पर अपना रोल नंबर/समग्र आईडी डालकर रिजल्ट देख सकेंगे। साथ ही इसी पोर्टल पर शिक्षक, संस्था प्रमुख अपनी शाला का विद्यार्थीवार परिणाम भी देख सकेंगे। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा वेब पोर्टल की लिंक भी क्यूआर कोड के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। प्रदेश में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर कराई गई थी। यह विगत 20 से 28 फरवरी के बीच हुई थी। जिसमें प्रदेश की शासकीय, अशासकीय शालाओं एवं पंजीकृत मदरसों के कक्षा 5वीं तथा कक्षा 8वीं के के छात्रों ने परीक्षा दी थी।

**वेब पोर्टल पर छात्र 11.30 बजे से देख सकेंगे, क्यूआर कोड से लिंक खोल सकेंगे**

## जागरूक और शिक्षित समाज ही सशक्त लोकतंत्र की नींव

### पूर्व सांसद चंद्रमणि त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर व्याख्यानमाला आयोजित



जागरण, रीवा

सौदामिनी सेवा संस्थान के तत्वावधान में पूर्व सांसद एवं प्रखर जननेता स्व.चंद्रमणि त्रिपाठी की पुण्यतिथि के अवसर पर 'भारत में संसदीय लोकतंत्र और राजनीतिक दलों की भूमिका' विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, रीवा परिसर में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात पत्रकार एवं शिक्षाविद् कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक प्रभाकर सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में एबीवीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रघुराज किशोर तिवारी, जयराम शुक्ला, परिसर निदेशक सतेंद्र डहेरिया, अंचल शुक्ला, मंचासीन ऊषा त्रिपाठी एवं कार्यक्रम संयोजक प्रज्ञा त्रिपाठी उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता विजय मनोहर तिवारी ने अपने विस्तृत एवं विचारोत्तेजक उद्बोधन में भारत में लोकतंत्र की लगभग दो हजार वर्षों पुरानी गणराज्यीय परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की लोकतांत्रिक चेतना कोई आधुनिक अवधारणा नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न अंग रही है। उन्होंने प्राचीन गणराज्यों, सभा-समितियों एवं लोकभागीदारी की परंपरा को आधुनिक संसदीय लोकतंत्र की जड़ों से जोड़ा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र केवल चुनावों से नहीं, बल्कि जागरूक नागरिकों, उत्तरदायी राजनीतिक दलों और पारदर्शी शासन व्यवस्था से निर्मित होता है। आजादी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं, बल्कि एक सतत जिम्मेदारी है, जिसे बनाए रखने के लिए नागरिकों को सजग रहना आवश्यक है। संविधान की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान में निहित मूल्यों—न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व—को व्यवहार में उतारना ही सच्चे लोकतंत्र की पहचान है। उन्होंने वर्तमान समय की चुनौतियों जैसे राजनीतिक ध्रुवीकरण, वैचारिक असहिष्णुता, सामाजिक विभाजन एवं सूचना के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की। भविष्य की चुनौतियों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाए रखने के लिए शिक्षा, नैतिकता और नागरिक भागीदारी को प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपेक्षा जताई कि वे केवल मतदाता न बनें, बल्कि राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। अध्यक्षीय उद्बोधन में पूर्व विधायक प्रभाकर सिंह ने स्व. चंद्रमणि त्रिपाठी के संघर्षपूर्ण जीवन को याद करते हुए उन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों का सच्चा प्रहरी बताया। प्रो. डॉ. रघुराज किशोर तिवारी ने शिक्षा और लोकतंत्र के संबंध पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जागरूक और शिक्षित समाज ही सशक्त लोकतंत्र की नींव है। वर्तमान चल रहे विभिन्न प्रकार के विमर्श में सजग रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। जयराम शुक्ला ने संविधान की मूल भावना और सामाजिक समरसता पर अपने विचार रखे। परिसर निदेशक सतेंद्र डहेरिया ने विश्वविद्यालय की ओर से आभार व्यक्त करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। अन्य वक्ताओं ने भी स्व. चंद्रमणि त्रिपाठी के व्यक्तित्व, उनके लोकतांत्रिक योगदान और सामाजिक सरोकारों को स्मरण करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में समाजवादी आंदोलन के वरिष्ठ साथी बृहस्पति सिंह, राम सिंह, मीसाबंदी बसंत दुबे, मीसाबंदी एवं पूर्व महापौर राजेंद्र ताम्रकार, महाबली गौतम, रामनारायण मिश्रा, भाजपा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, विजय श्रीवास्तव, संतोष सिंह सिसोदिया, डॉ. प्रवीण तिवारी, चेतना मिश्रा, रामनारायण तिवारी, मयूरी सिंह, सहित पारिवारिक सदस्य वंशगोपाल त्रिपाठी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन अम्बिकेश सिंह ने किया, जबकि अंत में डॉ. व्योमकेश शुक्ल ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर स्व.चंद्रमणि त्रिपाठी स्मृति लोकप्रहरी पुरस्कार चार पत्रकारों को प्रदान किया गया जिनमें अजय सिंह नवस्वदेश, देवेंद्र सिंह जागरण, संदीप जड़िया स्टार समाचार, आफताब आलम दैनिक भास्कर शामिल हैं।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का हुआ शुभारंभ



### छात्रों सहित प्राध्यापकों ने दी ग्रामीणों को जानकारी

**जागरण, रीवा।** शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन ग्राम बरा पैपखार में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.अर्पिता अवस्थी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ.नागेश त्रिपाठी के संयोजन में उल्लास पूर्ण वातावरण में किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि ग्राम के वरिष्ठ नागरिक एवं सेवा निवृत्त एएसआई यूपी उपाध्याय एवं विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय श्री पांडे रहे। सर्वप्रथम युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि एवं पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ नागेश त्रिपाठी ने शिविर के उद्देश्य एवं शिविर के दौरान संचालित होने वाले विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं दिनचर्या के बारे में विस्तार से छात्र-छात्राओं से चर्चा की। शिविर के दौरान डिजिटल साक्षरता स्वच्छता कार्यक्रम तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्राम वासियों को देना तथा उससे लाभान्वितों का सर्वे तथा स्वास्थ्य पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिविर का समापन 28 मार्च को किया जावेगा। महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.निवेदिता टैंभरे ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मुख्य उद्देश्य तथा इसके माध्यम से व्यक्तित्व विकास की विस्तृत जानकारी देते हुए मौजूद लोगों को इसके महत्व को बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने शासकीय टीआरएस महाविद्यालय की प्राचार्य एवं शिविर से जुड़े सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शिविर आयोजन की बधाई दी। ग्रामवासियों ने जन जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण माध्यम शिविर को बताया तथा ग्राम की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वसन दिया। कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में डॉ.गुलाब धर, डॉ.प्रियंका तिवारी, देवेश पांडेय, गायत्री मिश्रा, किरण एवं पीयूष मणि यादव एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## ओलंपियाड परीक्षा में वनस्थली स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन







**रीवा।** राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ओलंपियाड परीक्षा में वनस्थली स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन इंडियन ओलंपियाड परीक्षा (जैसे एमओ, एनएसओ, एसडीएफ) जो राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होती हैं, में राज्य स्तर पर स्थान हासिल करना एक बड़ी उपलब्धि है। इंडियन टैलेंट ओलंपियाड की ओर से आयोजित इंटरनेशनल ओलंपियाड परीक्षा 2025-26 में रीवा के वनस्थली के कक्षा 2 के छात्र संस्कार त्रिपाठी ने गणित विषय में राज्य में चौथी रैंक लाकर अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया, इन्हें इंडियन टैलेंट ओलिंपियाड की ओर से स्कालरशिप और मेडल दिया जायेगा। वहीं कक्षा तीसरी से शिवेश मिश्रा ने राज्य मे 23वी रैंक लाकर एक्सीलेंस अवार्ड एवं मेडल प्राप्त किया, और कक्षा 4 से आरुष पटेल ने 19वीं रैंक लाकर एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त किया। इस वर्ष के ओलंपियाड में पूरे देश के लगभग 45000 विद्यालयों से लाखों छात्रों ने भाग लिया, जिसमें वनस्थली स्कूल रीवा के 150 से अधिक छात्र शामिल हुए थे, जिसमें लगभग सभी बच्चों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिन्हें विद्यालय डायरेक्टर डॉ मनोज तिवारी एवं प्राचार्य दीप्ती अग्रवाल द्वारा अन्य प्रतिभागियों के क्लास टॉपर होने पर ट्रॉफी देकर उन्हें सम्मानित किया गया। बता दें की यह वह परीक्षा है जो छात्रों की योग्यता को प्रमाणित करती है। स्टेट टॉपर्स को आमतौर पर गोल्ड मेडल, मेरिट सर्टिफिकेट, और स्कॉलरशिप से सम्मानित किया जाता है, विद्यालय ऐसे मेधावी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। इंडियन टैलेंट ओलिंपियाड प्रति वर्ष कक्षा 1 से 10 तक के छात्रों के लिये विभिन्न विषयों में राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षा आयोजित करता है।

## विश्व शांति हेतु गीतांजलि में हुआ सुन्दरकांड पाठ



**रीवा।** गीतांजलि पब्लिक स्कूल परिसर में सामूहिक सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। इस सुदंरकांड पाठ का मुख्य उद्देश्य जन कल्याण की भावना एवं विश्व शांति, खासकर वर्तमान समय में ईरान, अमेरिका, इजरायल के बीच जो युद्ध चल रहा है, जिसके कारण वहाँ के निवासी ही नहीं अपितु पूरे विश्व के लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं, रहा। जिस प्रकार से विश्व में अशांति के बादल छाये हुए हैं, वह किसी बड़ी दुर्घटना का संकेत है। स्कूल संस्थापक शिव प्रसाद प्रधान ने सभी से आग्रह किया कि सुंदर पाठ का आयोजन कर विश्व शांति के लिए कामना करें। इस कार्यक्रम में आयोजक शिव प्रसाद प्रधान, अरुणा प्रधान एवं वरुण प्रधान, रितिका प्रधान, गीतांजलि गोयल, रामकुमार प्रधान, आधिष, पाविनी, पर्णिका, आधृत, शैला अग्रवाल, विजय प्रधान, सुनीता प्रधान , तरुण प्रधान एवं विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं काफी संख्या में लोग भी सम्मिलित होकर प्रार्थना के साथ प्रसाद ग्रहण किये।

## नवीन न्यायालय परिसर में जल संगोष्ठी एवं पौधरोपण



**रीवा।** पर्यावरण के संरक्षण और सर्व विधि संवर्धन हेतु समर्पित संस्था नव्य निकुंज ने विश्व जल दिवस के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय के नवीन परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम एवं जल संगोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान जल संरक्षण के महत्व को समझते हुए एवं जल संरक्षण में पौधों की भूमिका के उल्लेखनीय योगदान को ध्यान में रखते हुए न्यायालय परिसर में पौधों का रोपण किया गया जिनमें अशोक गुलमोहर, कचनार, अनार, जामुन, अमरूद जैसे 21 किस्म के पौधे रोपे गए। इस आयोजन का उद्देश्य फलदार एवं औषधीय महत्व के पौधों के रोपण द्वारा न्यायालय परिसर को प्राकृतिक रूप से समृद्ध भी करना है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रीवा विभाग के विभाग प्रचारक हरिनारायण वैद्य, शासकीय आईटीआई रीवा के प्राचार्य सौरभ शुक्ला, कौशल विकास विभाग की सहायक संचालक आकांक्षा तिवारी एवं दीपमाला त्रिपाठी, सहायक प्राध्यापक अजीत मिश्रा, प्रशिक्षु एसडीओ (फॉरेस्ट) शुभम सोनी की विशेष उपस्थिति रही। शहर के विभिन महाविद्यालयों जैसे श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय, रीवा अभियांत्रिकी महाविद्यालय, ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने भी इस पौधारोपण कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई।

## अजा किसानों को खाद्य सुरक्षा का दिया प्रशिक्षण

**रीवा।** वेटरनरी कॉलेज में 'रीवा जिले के अनुसूचित जाति के किसानों में खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरुकता' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया जिसमें मुख्यतः महिला प्रशिक्षणार्थिओं ने हिस्सा लिया । कार्यक्रम की अध्यक्षता, महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ अजित प्रताप सिंह द्वारा की गयी, जिन्होंने प्रशिक्षणार्थिओं को खाद्य सुरक्षा की सम्पूर्ण स्वास्थ्य में भूमिका और महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, रीवा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ संजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जिन्होंने अनुसूचित जाति के किसानों और महिलाओं के लिए खाद्य सुरक्षा पर चल रही सरकारी योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। महाविद्यालय में पदस्थ विषय विशेषज्ञों तथा प्राध्यापकों ने दूषित खाने से हो होने वाले विभिन्न रोग, उनका निदान, बचाव तथा पशु पालन और जन स्वस्थ से सम्बंधित खाद्य सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान दिए। इस कार्यक्रम का वित्त पोषण, भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय मास अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ बालेश्वरी दीक्षित, प्रभारी पशु चिकित्सा सार्वजनिक एवं महामारी विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अनीता तिवारी तथा डॉ योगेश चतुर एवं डॉ सरलीन तोमर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अलोक कुमार दीक्षित और सहायक प्राध्यापक डॉ सोमेश कुमार मेश्राम, डॉ अभिलाषा सिंह सहित अन्य प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

**वेटरनरी कॉलेज में हुआ आयोजन**

## आधुनिक 'फीको' तकनीक से मोतियाबिंद शिविर में 28 मरीजों को मिली नई रोशनी



**रीवा।** अमहिया स्थित रीवा लायंस नेत्र चिकित्सालय में आयोजित मोतियाबिंद शिविर में 28 मरीजों की सफल सर्जरी कर उन्हें नई रोशनी प्रदान की गई। यह शिविर जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें अनुभवी नेत्र सर्जनों द्वारा आधुनिक 'फीको' पद्धति से ऑपरेशन किए गए। कायक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महर्षि पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरु प्रो. डॉ शिव शंकर मिश्र की गरिमामयी उपस्थित रही। उनके साथ विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ. तुलसीदास परौहा पाणिनि विश्वविद्यालय उज्जैन एवं प्रो.डॉ. नीरज शर्मा प्राचार्य (संस्कृत महाविद्यालय, देवेंद्र नगर) भी मौजूद रहे। शिविर में मरीजों को निःशुल्क दवाएं, चश्मे, पौष्टिक भोजन और ठहरने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। ऑपरेशन के बाद चिकित्सकों ने मरीजों को आंखों की देखभाल और आवश्यक सावधानियां रखने की सलाह दी। मुख्य अतिथि कुलगुरु प्रो. डॉ शिव शंकर मिश्र ने रीवा लायंस नेत्र चिकित्सालय की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और जरूरतमंद लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने चिकित्सालय का निरीक्षण भी किया। उन्होंने जनरल वार्ड, डीलक्स वार्ड और ऑपरेशन थियेटर में स्थापित नई माइक्रोस्कोप मशीन का अवलोकन किया, जहां मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए जाते हैं। चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी ने बताया कि अब रीवा में ही आधुनिक तकनीक के माध्यम से उच्च गुणवत्ता की मोतियाबिंद सर्जरी संभव है और संस्था का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में एमजेएफ लायन डी.पी. सिंह परिहार, लायन चेतना मिश्रा, मयूरी सिंह सहित अन्य पदाधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही चिकित्सालय के प्रबंधक प्रखर गुप्ता, ज्ञानेंद्र पाठक, मीनाक्षी सिंह, प्रियंका शुक्ला, आशीष पाठक, शालिनी सिंह, राजदुलारी पटेल, परवीन खान सहित स्टाफ एवं मरीजों के परिजन भी मौजूद रहे।

## शिक्षकों ने उठाई सेवा सुरक्षा व न्यायसंगत निर्णय की मांग



**रीवा।** प्रदेश में लंबे समय से कार्यरत शिक्षकों पर टी.ई.टी. पात्रता परीक्षा अनिवार्य किए जाने के आदेश के विरोध में जिला शिक्षक कांग्रेस ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि सामान्य परिस्थितियों में विभिन्न राज्यों तथा न्यायालयों द्वारा भी यह दृष्टिकोण अपनाया गया है कि दीर्घकाल से कार्यरत शिक्षकों को सेवा सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। ऐसे में टी.ई.टी. परीक्षा की अनिवार्यता से शिक्षकों में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रही है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव शिक्षा व्यवस्था पर भी पड़ सकता है। मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस ने शासन से मांग की है कि जिन शिक्षकों की नियुक्ति शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रभावी होने से पूर्व सेवा शर्तों के आधार पर की गई है, उन्हें टी.ई.टी. पात्रता परीक्षा से छूट प्रदान की जाए। साथ ही संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 16 के अंतर्गत समानता के अधिकार एवं सेवा शर्तों के सिद्धांतों का पालन सुनिश्चित किया जाए। बिना किसी दोष या अक्षमता के केवल नई पात्रता परीक्षा के आधार पर शिक्षकों को सेवा से पृथक न किया जाए। ज्ञापन में चतुर्थ समयमान वेतनमान के आदेश शीघ्र जारी करने तथा नियुक्ति दिनांक से अध्यापक संवर्ग को वरिष्ठता प्रदान किए जाने की भी मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वाले पदाधिकारियों में रमाकांत शुक्ला, दिनेश पांडे, शिवेंद्र पांडे, शिवकुमार तिवारी, देवदास कोल, संकर्षण तिवारी, संजय तिवारी, अशोक कुमार पांडे, उमाशंकर मिश्रा, सुरेश चंद्र तिवारी, मीरा उपाध्याय, मनोज पांडे, शिवकुमार साकेत, अनिल पांडे सहित अन्य पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस जिला रीवा के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि शासन द्वारा समय रहते इस विषय पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो शिक्षकों को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आगे आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

**टी.ई.टी. पात्रता अनिवार्यता के विरोध में सौंपा ज्ञापन**

## अंतरजिला क्रिकेट प्रतियोगिता बालिका (अंडर-18) आज से



**जागरण, रीवा।** मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देशानुसार एवं रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के आयोजकत्व में 18 वर्ष से कम आयु की महिला खिलाड़ियों के बीच खेली जाने वाली अंतरजिला क्रिकेट प्रतियोगिता ( महिला अंडर-18 ) का शुभारंभ आज 25 मार्च से हो रहा है । रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सह सचिव देवेश शुक्ला के द्वारा उक्त जानकारी देते हुये बताया कि इस प्रतियोगिता में रीवा संभाग की सतना, सीधी,, मैहर एवं रीवा जिले की टीमें भाग ले रही हैं एवं इसके मैच लीग आधार पर होंगे। अर्थात सभी टीमें एक-एक बार एक दूसरे के विरुद्ध खेलेंगी एवं अंतिम लीग मैच के बाद पहले एवं दूसरे स्थान पर रहीं टीमों के बीच फाइनल मैच होगा जो 28 मार्च को खेला जावेगा । सभी मैच एक दिवसीय होंगे एवं 45-45 ओवरों के होंगे । आज पहले दिन 25 मार्च को रीवा के एमपीसीए क्रिकेट मैदान में मेजबान रीवा एवं मैहर के बीच मैच होगा, वहीं अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय स्टेडियम में सीधी एवं सतना की टीमों के बीच मैच खेला जावेगा। इस प्रतियोगिता में किये गये प्रदर्शन के आधार पर रीवा संभाग की महिला अंडर-18 क्रिकेट टीम का चयन किया जावेगा जो कि 8 अप्रैल से ग्वालियर में खेली जाने वाली मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता मे भाग लेगी। अतः मैचों के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन को परखने के लिये रीवा संभाग की महिला टीम चयनसमिति के सदस्य निशी मिश्रा एवं धीरेन्द्र शुक्ला आदि उपस्थित रहेंगे । आयोजक आरडीसीए एवं जिला क्रिकेट संघ के द्वारा मैच के सफल आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है तथा खेल प्रेमियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में मैदानों में पहुंचकर मैचों का आनंद उठाने की अपील की गई है।

### अंडर-18 टीम घोषित

रीवा जिले की महिला अंडर-18 टीम की की घोषणा हुई जिसमें दीप्ति सिंह को कप्तान की जिम्मेदारी दी गयी । टीम आज से आरंभ हो रही अंतरजिला क्रिकेट प्रतियोगिता मे भाग लेगी । आज से आरंभ हो रही महिला अंडर-18 अंतरजिला क्रिकेट प्रतियोगिता मे भाग लेने वाली रीवा जिले की अंडर-18 महिला क्रिकेट टीम की घोषणा आज जिला चयनसमिति के चयनकर्ताओं संतोष सिंह, उमेश मिश्रा के द्वारा की गयी । टीम की कप्तानी आलराउंडर दीप्ति सिंह को दी गयी है ।

### टीम इस प्रकार

दीप्ति सिंह (कप्तान), ऋचा सिंह , दीपांशी शुक्ला, सृष्टि सिंह, ऊर्वी पाण्डेय, गुनगुन पटेल, अनुजा पाण्डेय, वैष्णवी मंडलोई, दिव्या साकेत, अंशी बाजपेयी, खुशी मिश्रा, हर्षिता तिवारी, मीनाक्षी सिंह, विमला माझी, प्रतीक्षा त्रिपाठी एवं आस्था सिंह। मध्यप्रदेश की अंडर 19 महिला टीम की सदस्य रह चुकीं निशी मिश्रा रीवा टीम की कोच का दायित्व निभायेंगी।

## भगतसिंह की विरासत बचाना जरूरी

**रीवा।** शहीद दिवस के मौके पर भारतीय जन नाट्य संघ इकाई रीवा द्वारा होटल सेलिब्रेशन के हॉल में विचार पूर्ण आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्षता कर रहे डॉ.चंद्रिका चंद्र द्वारा भगत सिंह की विरासत की जानकारी देते हुए सतत अध्ययन की आवश्यकता पर बल दिया गया। विषय प्रवर्तन करते हुए हनुमंत किशोर द्वारा वैज्ञानिक समाजवाद के प्रति भगत सिंह का रुझान और उनकी क्रांति की अवधारणा का गहन प्रतिपादन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रंजना बंसल द्वारा भगत सिंह के लेख 'मैं नास्तिक क्यों हूं ' के वाचन से हुई। डॉ.सरोज गोस्वामी द्वारा भगत सिंह के बहाने आज के परिवेश का विश्लेषण किया गया। सूर्य नारायण पांडे ने भगत सिंह की साझी विरासत को स्पष्ट किया। कामरेड लालमणि गौतम, वर्षा सिंह, प्रिंस निगम, एड.अंकिता सिंह द्वारा विर्मश को आगे बढ़ाते हुए समसामयिक परिदृश्य की तार्किक आलोचना की गई। कार्यक्रम का गरिमापूर्ण रोचक संचालन विवेक सिंह द्वारा और आभार प्रदर्शन इप्टा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.विद्याप्रकाश तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ रंगकर्मी सुमन सिंह,हरीश धवन, विनोद मिश्र, विपुल गहरवार, सुधीर सिंह कमल कानपुरी, एड.के.के.शुक्ला, मनोज अग्रवाल सहित शहर के रंगकर्मी साहित्यकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार

### सूचना

यह आम जनता की जानकारी के लिए है कि प्रधान मंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.im) पर 01.04.2024 से शुरू होगी। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जो बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और औद्योगिकी, पर्यावरण तथा कला और संस्कृति के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के योग्य हैं।

5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु का कोई भी बच्चा (31 जुलाई, 2026 तक), जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है, पुरस्कार के लिए पात्र है।

किसी भी नागरिक से खुले नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https:// awards.gov.im) के माध्यम से प्राप्त किए जाएंगे। पुरस्कारों के लिए स्व-नामांकन और सिफारिशो, दोनों पर विचार किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31.07.2026 है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https:// awards. gov.im) देखें।

cbc 46101/11/0046/2526

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **15/04/2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **मेसर्स आन्या एक्वा एसोसिएट्स** प्रोपराइटर- श्रीमती नीतू सिंह पत्नि श्री पुष्पराज सिंह<br>निवासी : एलन टाउन स्कूल के सामने, जेपी टर्न के पास, पडारा, रीवा म.प्र.-486001<br>श्रीमती नीतू सिंह पत्नि श्री पुष्पराज सिंह | मशीनरी स्थित खुला एलनटाउन स्कूल, जे.पी टर्न के पास, मौजा- पादरा 333, पटवारी हल्का धेखा 26, वार्ड नं. 05, आरआईसी- रीवा तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र.- 486001<br>BAANKNET PROPERTY ID: CNRBAANYA<br>COORDINATES: 24.546324, 81.268863<br>सांकेतिक कब्जा | 04-05-2021<br>20-10-2021<br>दि. 23/03/2026 को ₹ 77,75,884.38 + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 4,50,000/-<br>₹ 45,000/-<br>₹ 10,000/- |

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 14/04/2026 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 15/04/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)
दिनांक : 23.03.2026, स्थान : भोपाल
प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

# जल संरक्षण हम सबकी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी : कमिश्नर

## गर्मियों में पेयजल आपूर्ति नियमित रखने के लिए उचित प्रबंध करें



**जागरण, रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि जल संरक्षण और संवर्धन हम सबकी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। जलगंगा संवर्धन अभियान में सभी अधिकारी बढ़चढ़ कर योगदान दें। शासन के निर्देशों के अनुरूप नदियों के उद्गम स्थलों की सफाई, पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार तथा गत अभियान के अधूरे जल संरक्षण के कार्यों को पूरा कराने पर विशेष जोर दें। जल संरक्षण के संबंध में किए जा रहे प्रयासों का फोटो सहित विवरण जनसम्पर्क कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराकर प्रचार-प्रसार कराएं। ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, नगरीय निकाय तथा उच्च शिक्षा विभाग मिलकर जल संरक्षण के संबंध में जागरुकता अभियान चलाएं।

कमिश्नर ने कहा कि अधीक्षण यंत्री पीएचई गर्मियों में संभाग के हर बसाहट में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रबंध करें। हैण्डपंपों के सुधार के लिए सभी विकासखण्डों में तत्काल कंट्रोल रूम शुरू करें। राइजर पाइप, वाहन तथा अन्य संसाधनों के साथ हैण्डपंप सुधार के लिए टीम तैनात करें। पेयजल के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर तत्परता से और संवेदनशीलता से कार्यवाही करें। जल गंगा संवर्धन अभियान में पीएचई और जल निगम के अधिकारी नलजल योजनाओं के स्त्रोत तथा हैण्डपंपों में रिचार्ज पिट बनाने का अभियान चलाएं। एकल नलजल योजनाओं का निर्माण कार्य 31 मार्च तक पूरा कराकर इसे ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर करें। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में पेयजल की नियमित आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

### खरीदी केन्द्रों में व्यवस्था सुनिश्चित करें

कमिश्नर ने कहा कि सात अप्रैल से निर्धारित खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन शुरू होगा। सभी खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल तक पर्याप्त संख्या में बारदाने उपलब्ध कराएं। खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए छाया, पानी, शौचालय आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। पंजीकृत किसानों के रकबे का दो दिवस में शत-प्रतिशत सत्यापन कराएं। उपार्जित गेहूं के भण्डारण के लिए भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

**जिलों की ग्रेडिंग बी रहने पर नाराजगी :** कमिश्नर ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों में सिंगरौली को छोड़कर शेष जिलों की ग्रेडिंग बी रहने पर नाराजगी व्यक्त की। कमिश्नर ने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से लंबित प्रकरणों का निराकरण कराएं। प्रकरणों के नॉन अटेंडेड रहने पर संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही करें। सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण के लिए विशेष प्रयास करें। कमिश्नर ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान में शेष बचे आवेदन पत्रों का तीन दिवस में निराकरण कराएं। रीवा तथा सिंगरौली जिलों में आवेदन पत्रों की संख्या अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र दर्ज कराएं।

कमिश्नर ने कहा कि ई-ऑफिस में रीवा संभाग प्रदेश में संभागों की रैंकिंग में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। सभी अधिकारी संभाग के जिलों की रैंकिंग में सुधार पर भी ध्यान दें। कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं पर कार्यवाही करके प्रतिवेदन ऑनलाइन दर्ज करें। सभी अधिकारी प्रत्येक बुधवार क्षेत्र का भ्रमण करके विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की मानीटरिंग करें। भ्रमण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र उचित मूल्य दुकानों तथा अस्पतालों का निरीक्षण करके सामान्य जानकारी लें। अधिकारी 31 मार्च तक सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण तत्काल पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत कर दें। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त एलएल अहिरवार, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, अधीक्षण यंत्री पीएचई महेन्द्र सिंह, उप संचालक मछलीपालन डॉ. अंजना सिंह, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. आरपी सिंह, एसडीओ वन हेमेन्द्र खण्डेलवाल तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कमिश्नर और अन्य अधिकारी साइकिल से पहुंचे कार्यालय

**जागरण, रीवा।** रीवा संभाग में कमिश्नर बीएस जामोद की पहल पर प्रत्येक मंगलवार को सुमंगल साइकिल दिवस मनाया जा रहा है। कमिश्नर तथा अन्य अधिकारी सुमंगल दिवस पर साइकिल से कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। कमिश्नर के साथ अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. आरपी सिंह तथा कमिश्नर कार्यालय के कर्मचारी भी साइकिल से कार्यालय पहुंचे। संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी तथा उप संचालक मछली पालन डॉ. अंजना सिंह सहित कई अधिकारियों ने कार्यालय पहुंचने के लिए ई-रिक्शा और ई-स्कूटी का उपयोग किया।



# आईजी ने पेश की मिसाल, जिला अस्पताल में किया रक्तदान



**अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने भी किया ब्लड डोनेट**

**रीवा।** आईजी गौरव राजपूत ने मंगलवार को जिला चिकित्सालय में रक्तदान किया। देशभक्ति और जनसेवा की भावना को लेकर उन्होने प्रेरणादायक उदाहरण पेश करते हुए रक्तदान किया। उनका यह कदम न सिर्फ जरूरतमंद मरीजों के लिए काम आया बल्कि समाज के लोगों को भी रक्त दान की प्रेरणा मिली। आईजी राजपूत ने कहा कि रक्तदान महादान है और हर सक्षम व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। उनके इस पहल से उन मरीजों को नई उम्मीद मिलेगी जो गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं और रक्त की कमी के कारण परेशान हैं। इसके साथ ही अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने भी एक गर्भवती महिला को प्रसव के दौरान रक्त की आवश्यकता की सूचना पर देश भक्ति-जन सेवा को चरितार्थ करते हुए जिला चिकित्सालय पहुंच कर रक्तदान किया।

# महंगाई पर एनएसयूआई का पैदल मार्च, सरकार को दी चेतावनी



**जागरण, रीवा।** एनएसयूआई रीवा जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के निर्देशानुसार जिला उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा के नेतृत्व में बढ़ती महंगाई के विरोध में पैदल मार्च किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सिलेंडर की अर्थी और मोटरसाइकिल के साथ पैदल मार्च निकालकर सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश जताया। जारी विज्ञप्ति में जिला उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा ने कहा कि देश में लगातार बढ़ती महंगाई ने आम आदमी का जीवन यापन मुश्किल कर दिया है। इसके साथ ही रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं। सत्यम मिश्रा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्दों में अनावश्यक हस्तक्षेप का खामियाजा देश की जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज हालात ऐसे हो गए हैं कि लोग गैस सिलेंडर के लिए लाइन में खड़े होने को मजबूर हैं, जबकि जिला प्रशासन द्वारा बोला जा रहा है कि सिलेंडर कि किसी भी प्रकार की कोई कमी नही है। पैदल मार्च सिंधी चौराहा से शुरू होकर घोड़ा चौराहा, प्रकाश चौराहा होते हुए हेमू कल्याणी स्थल तक पहुंचा, जहां प्रदर्शन का समापन किया गया। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार जल्द ही महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम नहीं उठाती है तो एनएसयूआई द्वारा आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा। पैदल मार्च में प्रमुख रूप से रीवा विधानसभा अध्यक्ष संस्कार त्रिपाठी,टीआरएस कॉलेज इकाई अध्यक्ष नित्कर्ष मिश्रा, मनगवां विधानसभा अध्यक्ष समीर पाण्डेय, रायपुर ब्लॉक अध्यक्ष श्रृजल द्विवेदी, टीआरएस इकाई उपाध्यक्ष अक्षांश चौरसिया, रितिक तिवारी, मोहित मिश्रा, देवांश शुक्ला, प्रीतेश सोनी, ऋषिकांत पांडेय, अमर शुक्ला, गौरव तिवारी, नंदन दुबे और विवेक सिंह परिहार व अन्य छात्र मौजूद रहे।

# पार्किंग का जिम्मा नगर निगम को, निजी व्यक्ति कर रहा संचालित





## आवास तोड़कर शासकीय भूमि में की गई थी वाहन पार्किंग व्यवसथा

**जागरण, रीवा।** शहर के प्रकाश चौराहा स्थित शासकीय आवासों को तोड़कर उक्त भूमि वाहन पार्किंग व्यवस्था कराने नगर निगम को दी गई थी, किन्तु नगर निगम द्वारा स्वयं यहां पार्किंग व्यवस्था न कर पार्किंग का जिम्मा निजी व्यक्ति को सौंप दिया गया है जो यहां वाहन पार्क करने वालों से मनमाना शुल्क वसूल रहा है। शासन के नियमानुसार कहीं पर भी पार्किंग का जिम्मा निजी व्यक्ति के हाथों में सौंपने के पूर्व उसकी बोली निर्धारित की जाती है, और निर्धारित दिनांक में बोली के आधार पर पार्किंग का ठेका दिया जाना है। जानकारों की मानें तो प्रकाश चौराहे पर जो पार्किंग स्थाल बनाया गया है उसका न तो ठेका हुआ है न ही बोली लगी है। सीधे तौर पर निजभ व्यक्ति को पार्किंग स्थल बनाने का जिम्मा सौंप दिया गया है, जो यहां वाहन खड़े करने वालों की जेब काट रहा है।

### नगर निगम ने कराई मुनादी

**रीवा।** नगर निगम द्वारा अमाहिया मार्ग में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जानी है, जिसकी सूचना नगर निगम द्वारा पूर्व में नोटिस के माध्यम से दी जा चुकी है। हालांकि अभी तक कई ऐसे अतिक्रमण कारी हैं जिनके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। अतिक्रमण प्रभारी सुखेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि नगर निगम द्वारा अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने की सूचना मंगलवार को मुनादी के माध्यम से एक बार फिर से दी गई है। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही जल्द निगम प्रशासन द्वारा की जानी है।

# जय कन्हैया लाल के जयकारों से गूंजा नर्मदापुरम श्रीमद् भागवत कथा



**श्री कृष्ण लीलाओं का किया वर्णन**

**रीवा।** योगेश्वर महादेव नर्मदापुरम समान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा व्यास श्री गर्भदास जी महाराज ने भगवान वामन अवतार (राजा बलि प्रसंग) और श्री कृष्ण जन्मोत्सव की लीलाओं का वर्णन किया। कथा व्यास जी ने नंदोत्सव का सुंदर वर्णन किया जिसमें 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की' के जयकारों के साथ संपूर्ण नर्मदापुरम गूंज उठा और मिठाई एवं लड्डू बांटे गए। महाराज श्री ने वामन अवतार प्रसंग में भगवान द्वारा राजा बलि के अभिमान को दूर करने और भगवान वामन के रूप में सब कुछ तीन पग में नापने की कथा का वर्णन किया। अत्याचारी कंस के कारागार में भगवान कृष्ण का जन्म, वसुदेवजी द्वारा यमुना पार कर गोकुल ले जाने और नंद बाबा के घर जन्मोत्सव का वर्णन का वर्णन किया।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म.प्र)**

क्रमांक 43/विशेष विवाह/2026
रीवा, दिनांक 09/02/2026

**इश्तहार**

आवेदक श्री रोहित घोष पिता श्री पंचम लाल घोष उम्र 32 वर्ष निवासी वर्माडांग खास, थाना व तहसील दीगौड़ा जिला टीकमगढ़ (म.प्र.) एवं आवेदिका ज्योति वर्मा पुत्री श्री रामचरण वर्मा उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम पियरिया पोस्ट पटियारी थाना पनवार तहसील जवा जिला रीवा (म.प्र) के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छाया प्रति, अंक सूची की छाया प्रति,निवास प्रमाण पत्र, एवं ₹100/रूपए का चालान प्रस्तुत किया गया है जो विचाराधीन है। अतः उक्त विवाह अनुष्ठान के संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 28.4.2026 को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा

पेशी दिनांक –28.04.2026

विवाह अधिकारी
जिला रीवा (म.प्र.)

RN- 83798

# गांधी कॉम्प्लेक्स में दुकानदारों के अतिक्रमण को हटाया

## लोहे के रैम्प बन रहे थे आवागमन में बाधा



**जागरण, रीवा।** निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार शहर में बढ़ते अतिक्रमण के विरुद्ध नगर निगम द्वारा सख्त एवं निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को जोन क्रमांक 02 अंतर्गत गांधी कॉम्प्लेक्स में दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के सामने लोहे के दर्जनों रैम्प बनाकर स्थायी अतिक्रमण कर लिया गया था। जिस कारण आम नागरिकों एवं वाहन चालकों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी। जिसे हटाने की कार्यवाही की करते हुए सड़क को व्यवस्थित कर रोड चौड़ीकरण किया गया जिससे क्षेत्र में यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके। साथ ही मौके पर दुकानदारों को सख्त चेतावनी भी दी कि भविष्य में यदि किसी प्रकार का अतिक्रमण पुनः किया गया, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण प्रभारी रावेन्द्र शुक्ला के साथ अतिक्रमण अमला मौजूद रहा।

# फर्श पर भरा पानी, नलों से टोंटी नदारद, असहनीय दुर्गंध



**रीवा।** कलेक्टोरेट कार्यालय स्थित सुविधाघर की ही सुध लेने वाला कोई नहीं। यहां बना सुविधाघर अपनी दुर्गति की कहानी स्वयं की बयां कर रहा है। सुविधाघर का उपयोग करने अंदर ध्जाना है तो पहले फर्श पर भरे पानी आदि से होकर जाना पड़ता है। सुविधाघर का उपयोग करने के बाद हाथ धोने के लिए यहां पानी की कोई सुविधा नहीं है, अंदर नल तो लगे हैं, किन्तु नलों में लगी टोटियां नदारद हैं, नलों से बहने वाले पानी के लिए नीचे लगे पइप नदारद हैं। टॉयलेट के फ्लश टैंक टूटे दरवाजे के किनारे की शोभा बढ़ा रहे हैं, असहनीय दुर्गंध और पानी के अभाव में सुविधाघर की हालत खस्ता हो रही है, जिसकी सुध जिम्मेदारों द्वारा नहीं ली जा रही।

**MP POORV KSHETRA VIDYUT VITRAN CO. LTD.**

विद्युत ब्रह्मोति

BLOCK NO.7, SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR 482008 (M.P.)
Tel No:0761 2702473, Fax No.0761-2660048 | CIN: U40109MP2002SGC015120

**TENDER NOTICE**

The e-tenders are invited for following civil works. Details of e-tender are available on M.P. Govt web site mpeprocrument.com. However the brief details of works are as under:-

| S. No. | Tender Specification No | Particulars | i)Estimated cost ii) Completion period iii) Class of contractor | Cost of Tender Document | Earnest Money | Last date of purchase of Tender | Last date of submission of tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SEC/Dist/JBP/TS_25 (e-tender no. 2026_PKVVC_ 493378_1) | DEVELOPMENT OF CT, PT AND COMBINED CT PT LAB AT MTRU PREMISES NAYAGAON JABALPUR | i) Rs. 27.41 lacs ii) 6 MONTHS i/c rainy season iii) Contractor should be registered in appropriate class | Rs. 2360/- | Rs. 27410 | 02.04.2026 | 02.04.2026 |

For details please logon to www.mpez.co.in/mpeprocurement.com
SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW
'' विद्युत अनियमितता संबंधी शिकायत के लिए वी मित्र ऐप डाउनलोड करें और पाएं रू. 50,000 तक का इनाम !''

Adl. Chief Engineer (civil) Jabalpur

# यातायात पुलिस की जांचः ऑटो, ई-रिक्शा के कागजात लायसेंस किये चेक

## कमियां पाई जाने पर की गई चालानी कार्यवाही



**जागरण, रीवा।** शहर के प्रकाश चौराहा पर मंगलवार को यातायात पुलिस ने शहर में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले ऑटो व रिक्शा की जांच की। जांच के दौरान चालकों के लायसेंस, वाहनों के कागजात, चालकों ने वर्दी पहनी है या नहीं आदि जांच की गई। कमियां पाई जाने पर ऑटो व ई-रिक्शा के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए उनसे मौके पर ही चालान शुल्क वसूला गया। प्रकाश चौराहा में कार्यवाही की सूचना मिलते ही कई ऑटो व ई-रिक्शा चालकों ने अपना रास्ता बदल दिया व कार्रवाई से बचने अन्य मार्ग से घूमकर गए। कार्रवाई के दौरान यहां से गुजरने वाले प्रत्येक वाहनों की जांच की गई, जिससे प्रकाश चौराहे पर ऑटो व ई-रिक्शा की भीड़ लग गई।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना** दिनांक : 20.03.2026

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

ई-निविदा सूचना संख्या : JHS-N-W-32-26 | कार्य लागत लगभग : Rs. 7496515.27

कार्य का नाम : रिलायबिलिटी इम्प्रूवमेंट ऑफ़ सिग्नल्लिंग गियर्स बाय strengthening दी सेक्शनल सिग्नल्लिंग OFC इन दी सेक्शन ऑफ ADSTE/LAR.

धरोहर राशि : Rs. 149900/- | निविदा प्रपत्र का मूल्य : Nil

निविदा खुलने की तिथि : 17.04.2026 Time 15:00

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि : 12 माह

• निविदा दिनांक 17.04.2026 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T) पर देखें। 641/26 (D)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**कार्यालयः-नगर परिषद रामपुर नैकिन जिला सीधी (म.प्र.)**

क्र.315,320,322/324/ठ-टेन्डर/नपरि/2026 रामपुर नैकिन दिनाक 18.03.2026

**ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा पंजीकृत समस्त संविदाकारो को सूचित किया जाता है कि इस निकाय क्षेत्रान्तर्गत स्वच्छता सामाग्री, हैडपंप सामाग्री, विद्युत सामाग्री जल प्रदाय मरम्मत सामग्री क्रय किया जाना है अतः इच्छुक संविदाकार/फार्म एजेन्सी निम्न तालिका अनुसार अपनी दरे प्रस्तुत कर सकते हैं। कार्य की विस्तृत विवरण वेबासाइट www.mptenders.gov.in देखा जा सकता है।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | निर्माण कार्य | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा फार्म क्रय शुल्क | आपूर्ति की अवधि (माह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | 2026_UAD_493742_1 | SUPPLY OF SWACHATA SAMAGRI | 4000000 | 30000/- | 5000/- | 31 मार्च 2027 |
| 2. | 2026_UAD_493728_1 | SUPPLY OF JALPRADAYA MATERIAL | 4000000 | 30000/- | 5000/- | 31 मार्च 2027 |
| 3. | 2026_UAD_493760_1 | SUPPLY OF ELECTRICAL MATERIAL | 4000000 | 30000/- | 5000/- | 31 मार्च 2027 |
| 4. | 2026_UAD_493752_1 | SUPPLY OF HANDPUMP MATERIAL | 4000000 | 30000/- | 5000/- | 31 मार्च 2027 |
| 5. | 2026_UAD_493773_1 चतुर्थ निविदा सूचना | वार्ड क्रमांक 07 में दिनेश साकेत के घर से उमेश साहू के घर तक पी.सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 582791 | 5827/- | 2000/- | कार्यादेश जारी होने के दिनांक से 03 माह तक |

● निविदा दिनांक 25.03.2026 को 10:30 बजे शामः से दिनांक 24.04.2026 को दोपहर 05:30 बजे तक आनलाईन प्राप्त/प्रस्तुत की जा सकती है। ● निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निकाय के पास सुरक्षित रहेगा एंव सषर्त निविदा मान्य नही होगी। ● देयको मे नियमानुसार शासकीय करो की कटौती की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद रामपुर नैकिन
जिला सीधी (म.प्र.)

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**बेचना है**

विंध्य विहार, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी रीवा में प्राइम लोकेशन पर 2516 एसक्यार फिट प्लाट बिक्रय करना है। संपर्क करेंः- 9685016521

RN.-G.M. Sir (25/3)

# कलेक्टर ने किसानों के खेत में पहुंचकर पंजीकृत रकबे का किया सत्यापन

**रीवा।** गेहूं उपार्जन के लिए किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने पटना एवं लक्ष्मणपुर ग्राम पंचायत में किसानों के खेतों में पहुंचकर पंजीकृत रकबे का सत्यापन किया। उन्होंने पटना ग्राम पंचायत के भूमि स्वामी किसान हरदयाल पाण्डेय के खेत में जाकर पंजीकृत रकबे का सत्यापन किया। इसी प्रकार लक्ष्मणपुर के किसान इन्द्रकुमार पाण्डेय व प्रमिला देवी द्वारा कराए गए फसल पंजीयन के रकबे का कलेक्टर ने मौके पर सत्यापन किया। उन्होंने उपस्थित तहसीलदार व पटवारी से किसानों द्वारा पंजीकृत रकबे की जानकारी प्राप्त की।

**कार्यालय तहसीलदार तहसील जवा, जिला रीवा (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक ---------------

**उद्घोषणा (आम इश्तहार)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा ग्राम घूमन कला पटवारी हल्का घूमन कला तहसील जवा जिला रीवा स्थित भूमि की आराजी नं. :-

| स.क्र. | आराजी नं. | कुल क्षेत्रफल | आवेदित क्षेत्रफल का अंश भाग |
|---|---|---|---|
| 1 | 2/2 | 6.0700 | 6.0700 |
| 2 | 67 | 16.1867 | 16.1867 |
| 3 | 113 | 1.2020 | 1.2020 |
| 4 | 175 | 0.0320 | 0.0320 |
| 5 | 339 | 0.2190 | 0.2190 |
| 6 | 542 | 0.1740 | 0.1740 |
| 7 | 676 | 0.4780 | 0.4780 |
| 8 | 925/1 | 2.6000 | 2.6000 |
| 9 | 1040 | 1.5130 | 1.5130 |
| 10 | 1128 | 1.1970 | 1.1970 |
| 11 | 53 | 0.3440 | 0.3440 |
| 12 | 88 | 12.1160 | 12.1160 |
| 13 | 147 | 0.6190 | 0.6190 |
| 14 | 241 | 0.0930 | 0.0930 |
| 15 | 513 | 0.0850 | 0.0850 |
| 16 | 555 | 0.1010 | 0.1010 |
| 17 | 793 | 0.0730 | 0.0730 |
| 18 | 955/5 | 6.5570 | 6.5570 |
| 19 | 1080 | 0.5750 | 0.5750 |
| 20 | 1154 | 1.1690 | 1.1690 |
| 21 | 43 | 20.4160 | 20.4160 |
| 22 | 83 | 30.3510 | 1.911 |
| 23 | 134 | 9.4940 | 9.4940 |
| 24 | 224 | 0.4580 | 0.4580 |
| 25 | 424 | 0.5180 | 0.5180 |
| 26 | 547 | 1.9020 | 1.9020 |
| 27 | 736 | 1.4280 | 1.4280 |
| 28 | 947 | 13.7060 | 13.7060 |
| 29 | 1055 | 0.0610 | 0.0610 |
| 30 | 1142/6 | 15.0830 | 15.0830 |
| 31 | 46/1 | 2.0230 | 2.0230 |
| 32 | 84 | 7.8020 | 1.931 |
| 33 | 142/2 | 1.0360 | 1.0360 |
| 34 | 237 | 0.3240 | 0.3240 |
| 35 | 441 | 0.1420 | 0.1420 |
| 36 | 549 | 0.1130 | 0.1130 |
| 37 | 759 | 0.2950 | 0.2950 |
| 38 | 949/2 | 1.5690 | 1.5690 |
| 39 | 1059/3 | 1.6430 | 1.6430 |
| 40 | 1152 | 2.5570 | 2.5570 |
| 41 | 65 | 16.0710 | 16.0710 |
| 42 | 107 | 20.1490 | 4.976 |
| 43 | 164/2 | 2.1120 | 2.1120 |
| 44 | 313 | 0.0400 | 0.0400 |
| 45 | 535 | 0.1130 | 0.1130 |
| 46 | 559 | 0.4210 | 0.4210 |
| 47 | 922 | 0.6960 | 0.6960 |
| 48 | 1031/2 | 1.2960 | 1.2960 |
| 49 | 1090 | 0.4410 | 0.4410 |
| 50 | 1161 | 1.4080 | 1.4080 |
| 51 | 66 | 18.2120 | 18.2120 |
| 52 | 110 | 13.1440 | 7.000 |
| 53 | 164/3 | 1.3150 | 1.3150 |
| 54 | 315 | 0.1170 | 0.1170 |
| 55 | 541 | 0.2190 | 0.2190 |
| 56 | 603 | 0.0490 | 0.0490 |
| 57 | 924 | 0.2140 | 0.2140 |
| 58 | 1036/2 | 9.3970 | 9.3970 |
| 59 | 1127 | 1.1970 | 1.1970 |
| 60 | 1166/135 | 0.6600 | 0.6600 |
| 61 | 64 | 18.2120 | 18.2120 |
| 62 | 95 | 16.0460 | 16.0460 |
| 63 | 162 | 0.4660 | 0.4660 |
| 64 | 246 | 0.1740 | 0.1740 |
| 65 | 520 | 0.3320 | 0.3320 |
| 66 | 558 | 0.0320 | 0.0320 |
| 67 | 820 | 0.5220 | 0.5220 |
| 68 | 993 | 2.7720 | 2.7720 |
| 69 | 1089 | 0.3480 | 0.3480 |
| 70 | 1157 | 9.6120 | 9.6120 |
| 71 | 42 | 2.1640 | 2.1640 |
| 72 | 80/3/4/2 | 0.0810 | 0.0810 |
| 73 | 126 | 0.3240 | 0.3240 |
| 74 | 214 | 0.1820 | 0.1820 |
| 75 | 382 | 0.1010 | 0.1010 |
| 76 | 545 | 0.3440 | 0.3440 |
| 77 | 691 | 0.1010 | 0.1010 |
| 78 | 941 | 0.9300 | 0.9300 |
| 79 | 1053 | 0.2190 | 0.2190 |
| 80 | 1140 | 6.6870 | 6.6870 |

में औद्योगिक भूमि कार्य के आवंटन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। उक्त भूमि आवंटन के संबंध में जिस किसी आम व खास को कोई आपत्ति हो तो वह **15 दिवस के अन्दर** न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समय अवधि के पश्चात आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा जारी।

हस्ता/-
नायब तहसीदार
वृत्त डभोरा

पद मुद्रा

म.प्र. माध्यम/124977/2026

## संक्षिप्त खबरें

### दिग्विजय सिंह ने उठाया गोंडी भाषा का मामला



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को सदन में गोंडी भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल किए जाने का मामला राज्यसभा में उठाया। उन्होंने कहा कि देश में 1.30 करोड़ लोग गोड़ी भाषा बोलते हैं। इसके बावजूद इसके उपयोग को अपेक्षित प्रोत्साहन नहीं मिल पा रहा है। उच्च सदन को संबोधित करते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा, गोंडी भाषा भारत की प्रमुख प्राचीन आदिवासी भाषाओं में से एक है, जिसे देश के अनेक राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में लोग बोलते हैं। यह भाषा गोंड जनजाति की सांस्कृतिक परंपराओं, लोक कथाओं और ज्ञान परंपरा की वाहक रही है। उन्होंने कहा कि देश में गोंडी भाषा बोलने वालों की संख्या करीब 1 करोड़ तीन लाख है। बावजूद इसे संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है। सिंह ने कहा कि इसी कारण गोंडी भाषा का संरक्षण और संवर्धन नहीं किया जा रहा।

### तीन संगठनों पर बैन एक साल के लिए बढ़ाया

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (माओवादी) और उसके दो प्रमुख सहयोगी संगठनों पर लगे प्रतिबंध की अवधि को एक साल के लिए और बढ़ा दिया गया है। मध्यप्रदेश विशेष क्षेत्र सुरक्षा अधिनियम, 2000 के तहत इन संगठनों को विधि विरुद्ध घोषित करते हुए कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (माओवादी), क्रांतिकारी किसान कमेटी (केकेसी) और क्रांतिकारी जन कमेटी (केजेसी) पर प्रतिबंध की अवधि को बढ़ाया गया है।गृह विभाग की अपर सचिव मनीषा सेंतिया के आदेश के अनुसार अब यह प्रतिबंध 18 नवंबर 2025 से प्रभावी माना जाएगा और 18 नवंबर 2026 तक लागू रहेगा। राच्य सरकार का मानना है कि ये संगठन समाज में अस्थिरता पैदा करने और हिंसक गतिविधियों को बढ़ावा देने में लिप्त रहे हैं। हालांकि हाल के महीनों में मध्यप्रदेश को नक्सल मुक्त घोषित किया गया है, लेकिन एहतियात के तौर पर और इन संगठनों के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त रखने के लिए कानूनी प्रतिबंध को जारी रखना आवश्यक माना गया है।

### कांग्रेस ने बनाए 41 नगर और मण्डलम अध्यक्ष

**विसं भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस ने 41 नगर अध्यक्ष और 9 मंडलम अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। इसके अलावा चार जिलों की कार्यकारणी की भी घोषणा की गई है। प्रदेश संगठन महासचिव डॉ. संजय कामले ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के अनुमोदन के उपरांत 41 नगर अध्यक्षों की नियुक्ति के साथ-साथ 4 जिलों अशोकनगर, खंडवा ग्रामीण, झाबुआ एवं कटनी ग्रामीण की जिला कांग्रेस कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त 9 जिलों की 18 विधानसभा क्षेत्र के मंडलम स्तर पर भी संगठनात्मक नियुक्तियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना तथा आमजन से सीधा संवाद स्थापित करना है। डॉ. कामले ने विश्वास व्यक्त किया कि नव-नियुक्त पदाधिकारी अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने पढ़ा हनुमान चालीसा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के जन्मदिन की पूर्वसंध्या में मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया। इस मौके पर पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में बीडीए के पूर्व उपाध्यक्ष सुनील पांडे,वंदे मातरम समिति के अध्यक्ष पयोज जोशी,अशोक सैनी,जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र गुप्ता,हेमंत कपूर,झुग्गी -झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक निखिलेश मिश्रा,अरेरा मंडल अध्यक्ष अभिषेक पुरोहित, वार्ड 45 के संयोजक महेन्द्र वर्मा सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा टैगोर मंडल की कार्यकारणी घोषित

**विसं भोपाल।** भाजपा ने भोपाल के टैगोर मंडल की कार्यकारणी की मंगलवार को घोषणा कर दी। जिसमें 27 कार्यकर्ताओं को विभिन्न पदों की जिम्मेदारी दी गई है। जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति की सहमति से बनी समिति में नीरज सक्सेना को सह मीडिया प्रभारी बनाया गया है,जबकि दिनेश दुबे को कार्यालय मंत्री की जवाबदेही सौंपी गई है।

# कमजोर भाजपा विधायकों को ताकत देगा संघ, क्षेत्रों में बड़े नेताओं को बितानी होगी रात

## नगरीय निकाय चुनावों को लेकर भाजपा ने शुरू की तैयारी, वरिष्ठ नेताओं ने बनाई रणनीति

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में चार पंचवर्षीय सत्ता संभाल रही भारतीय जनता पार्टी अभी भी कांग्रेस को लेकर लापरवाह नहीं है। पार्टी ने अपने ऐसे विधानसभा क्षेत्रों को चिन्हित किया है,जहां पर उनके विधायक पहले से कमजोर हुए है और जहां पर कांग्रेस के विधायक है। इन क्षेत्रों में संघ के पूर्णकालिकों के अलावा बड़े नेता डेरा डालेंगे। मध्यप्रदेश भाजपा निकाय चुनावों से पहले अपनी जमीनी पकड़ को और मजबूत बनाने की तैयारी में है। इसके लिए पार्टी ने तय किया है कि जहां पर उनके दल के विधायकों की जमीन खिसक रही है,वहां संघ के पूर्णकालिकों को भेजा जाएगा। जिनके द्वारा विधानसभा के हर बूथ स्तर पर रात्रि विश्राम कर वहां की जनता से भाजपा की विचारधारा और सरकार के कामकाजों की चर्चा की जाएगी। वहां जनता को बताया जाएगा कि भाजपा की जीत देश-प्रदेश के लिए क्यों जरुरी है। बताया गया है कि पूर्णकालिकों को उन क्षेत्रों में भी भेजा जाएगा,जहां पर कांग्रेस विधायक है। वहां पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर दस्तक दी जाएगी। पूर्णकालिक क्षेत्र की समस्याओं को चिन्हित करेंगे और उन्हें निराकृत कराने के लिए वे स्वयं शासन प्रशासन से पहल करेंगे। समस्या का समाधान होने और विकास कार्यो की सौगात मिलने के बाद पूर्णकालिकों द्वारा विधिवत रुप से उसका प्रचार प्रसार किया जाएगा,जिससे लोगों को यह पता चल सके कि उनके यहां भाजपा द्वारा काम कराए जा रहे है




### वरिष्ठ नेता भी बूथों पर बिताएंगे रात

जानकारों की माने तो ऐसे क्षेत्रों में पूर्णकालिकों के अलावा पार्टी के वरिष्ठ नेता और जिला स्तर के पदाधिकारी भी जुटेंगे। नेताओं को बूथ स्तर तक रात्रि विश्राम करना होगा। इस दौरान उनके द्वारा चौपाल लगाकर लोगों को सरकार की विकास योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। ये नेता प्रशासनिक अधिकारियों के साथ दिन में शिविर भी लगाएंगे,जहां मौके पर ही लोगों की समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा।

### इन नेताओं की सिफारिश पर मिलेंगे टिकट

पार्टी के जानकारों की माने तो भारतीय जनता पार्टी अभी से निकाय चुनावों की तैयारी में जुट गई है। इन क्षेत्रों में लगाए गए नेताओं द्वारा पार्टी को बताया जाएगा कि निकायों के लिए किन्हें पार्षद पद का और किन्हें अध्यक्ष पद के लिए टिकट दिए जाने चाहिए। बताया गया है कि पूर्णकालिक क्षेत्रों में अपनी सक्रियता के दौरान स्थानीय युवाओं,पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं का सहयोग लेंगे। इस दौरान कार्यकर्ताओं की सक्रियता के आधार पर ही निकाय चुनावों में टिकट दिए जाने की सिफारिश की जाएगी।

**चिन्हित विधायकों के साथ होगी बैठक:** बताया गया है कि पूर्णकालिकों और नेताओं को मैदान पर भेजने के पहले कमजोर आंके जा रहे विधायकों की बैठक भोपाल में बुलाई जाएगी। जिन्हें पार्टी की रणनीति से अवगत कराते हुए निर्देशित किया जाएगा कि उन्हें पार्टी द्वारा दी गई व्यवस्था के आधार पर अपने क्षेत्र में सक्रियता बढ़ानी है।

**आपसी खींचतान होगी खत्म:** बताया गया है कि भोपाल में इस संबंध में पार्टी नेतृत्व द्वारा रणनीति बनाते समय इस बात पर भी फोकस किया गया कि क्षेत्रों में पार्टी के अंदर खींचतान जैसी स्थिति है। विशेष तौर पर कांग्रेस से आए कार्यकर्ताओं और पुराने कार्यकर्ताओं के बीच अब तक पूरी तरह से तालमेल नहीं बन पाया है।

**संभाग स्तर पर ही तय होंगे टिकट:** जानकारों का कहना है कि इस बार पार्टी ने तय कर लिया है कि निकाय चुनावों के टिकट संभागीय स्तर पर ही तय किए जाएंगे। टिकट के लिए किसी भी कार्यकर्ता को भोपाल नहीं आना पड़ेगा। पार्टी मुख्यालय में निकाय चुनावों के लिए न तो बैठक होगी और न ही किसी भी तरह की समिति का गठन किया जाएगा।

### हाईकोर्ट की कारिडोर निर्माण पर रोक बरकरार

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने पूर्व में जारी उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसके तहत नेशनल हाइवे अथारिटी आफ इंडिया के कारिडोर निर्माण पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) या राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड के जिम्मेदार अधिकारी को हाजिर होने के निर्देश दिए हैं। यह अधिकारी कोर्ट उक्त क्षेत्र के प्रबंधन के लिए प्रस्तावित इंटीग्रेटेड लैंड स्केप मैनेजमेंट प्लान की व्याख्या करेगा और यह भी सुनिश्चित करेगा कि इस प्रोजेक्ट से वन्यजीवों की स्वतंत्र आवाजाही बाधित नहीं हो। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई सात अप्रैल को निर्धारित की है। महाराष्ट्र के अमरावती में रहने वाले अद्वैत केओले ने 2021 में एक जनहित याचिका दायर कर एनएचएआई के उक्त प्रोजेक्ट को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने दलील दी थी कि उक्त क्षेत्र से बाघ गुजरते हैं और निर्माण कार्य से वन्यजीवों का आवागमन प्रभावित होगा। हाई कोर्ट ने एक अप्रैल, 2022 को उक्त क्षेत्र में किसी भी तरह की कार्रवाई करने पर रोक लगा दी थी। यह आदेश ध्यान में रखते हुए पारित किया था कि प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग एक महत्वपूर्ण बाघ और वन्यजीव मार्ग से होकर गुजर रहा है इससे उस क्षेत्र के वन्यजीवों की आवाजाही प्रभावित होने की संभावना है।

# सोम डिस्टलरीज को अदालत से झटका, लाइसेंस निलंबन को ठहराया सही, याचिका हुई खारिज

## हाईकोर्ट की कठोर टिप्पणी -शराब का व्यापार कोई मौलिक अधिकार नहीं

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सोम डिस्टलरीज के लाइसेंस निलंबन के मामले में सुरक्षित रखा अपना फैसला मंगलवार को सुनाया। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने आदेश में कहा कि शराब का व्यापार कोई मौलिक अधिकार नहीं है और नियमों का उल्लंघन करने पर लाइसेंस निलंबित करना या निरस्त किया जाना वैधानिक है। कोर्ट ने इस मामले में तत्कालीन एक्साइज कमिश्नर द्वारा की गई कार्रवाई को सही ठहराते हुए कहा कि जब नियमों का उल्लंघन गंभीर और डिस्टिलिंग, ब्रूइंग, बॉटलिंग आदि गतिविधियों से संबंधित हो, तो इसके खिलाफ व्यापक कार्रवाई करना उचित है। इस टिप्पणी के साथ ही अदालत ने सोम डिस्टलरीज की तरफ से आबकारी विभाग के खिलाफ दाखिल की गई याचिका को निरस्त कर दिया।

### दोनों पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने खारिज की याचिका



दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद अपने फैसले में न्यायालय ने माना कि शो-कॉज नोटिस केवल एक निश्चित अवधि तक सीमित नहीं होता। हर साल लाइसेंस का नवीनीकरण स्वतः नहीं, बल्कि इस बात पर निर्भर है कि लाइसेंसधारी ने नियमों और शर्तों का पालन किया अथवा नहीं। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि धोखाधड़ी किसी भी कानूनी प्रक्रिया को पूरी तरह खत्म कर देती है, यह गंभीर अपराध है। कोर्ट ने अपने आदेश में लिखा है कि एक बार धोखाधड़ी साबित हो जाए, तो उसके बाद के सभी तर्क कमजोर हो जाते हैं। इसी टिप्पणी के साथ अदालत ने इस मामले में तत्कालीन एक्साइज कमिश्नर की कार्रवाई को सही ठहराते हुए दायर याचिका खारिज कर दी।

### खटखटाया था कोर्ट का दरवाजा

शराब कंपनी सोम डिस्टलरीज एंड ब्रेवरीज की तरफ से दाखिल चाचिका में कहा गया था कि उनके 8 लाइसेंस एक्साइज विभाग ने 4 फरवरी 2026 के आदेश के जरिए निलंबित किए थे, जिसमें फर्जी परमिट के जरिए शराब परिवहन का गंभीर आरोप था। कंपनी की तरफ से तर्क दिया गया कि जिस नोटिस के आधार पर कार्रवाई की गई, वह 2023-24 का था, जबकि लाइसेंस 31 मार्च 2024 को समाप्त हो चुके थे। ऐसे में नोटिस समाप्त माना जाना चाहिए। कंपनियों को 2024-25 और 2025-26 में नए लाइसेंस जारी किए गए थे, इसलिए नए लाइसेंस सस्पेंड करना विधिसम्मत नहीं है। यह भी तर्क दिया गया कि संबंधित मामलों में हाईकोर्ट ने सजा पर स्टे दिया था, जिससे शो-कॉज नोटिस का आधार खत्म हो गया था। इस मामले में शासन की तरफ से कहा गया कि आबकारी अधिनियम के तहत स्पष्ट रूप से कार्रवाई का अधिकार है। लाइसेंसधारी को नियमों का पालन करना अनिवार्य है। यदि लाइसेंसधारी धोखाधड़ी या नियम उल्लंघन में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करना कानूनन सही है।

# पेड़ काटने की अनुमति वन विभाग के अफसरों के पास

## रेंजर होंगे वृक्ष अधिकारी, सरकार ने जारी किया नोटिफिकेशन

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने नगरीय क्षेत्रों में पेड़ों के संरक्षण और उन्हें काटने या हटाने (शिफ्टिंग) को लेकर बदलाव किया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के तहत, अब नगरीय निकायों के कार्यों के लिए पेड़ों को काटने या हटाने की अनुमति देने की जिम्मेदारी वन विभाग के अधिकारियों को सौंपी गई है। मध्य प्रदेश वृक्षों का परिरक्षण (नगरीय क्षेत्र) अधिनियम, 2001 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी इस आदेश में संबंधित क्षेत्र के वन परिक्षेत्र अधिकारी (रेंजर) या परियोजना क्षेत्रपाल को च्वृक्ष अधिकारीच नियुक्त किया गया है। नगरीय निकायों के अधिकार क्षेत्र, वन विभाग के स्वामित्व वाली भूमि या वन विकास निगम को हस्तांतरित भूमि पर खड़े पेड़ों को काटने या हटाने का फैसला अब इन्हीं अधिकारियों के पास होगा।

### अपील के लिए अधिकारी तय

यदि वृक्ष अधिकारी के निर्णय के खिलाफ नगरीय निकाय को कोई अपील करनी हो, तो उसके लिए भी पदानुक्रम तय कर दिया गया है। अब वन विभाग या वन विकास निगम के सहायक वन संरक्षक संवर्ग के उप वनमंडलाधिकारी (एसडीओ) या संभागीय प्रबंधक (वन विकास निगम) को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। नए नोटिफिकेशन से साफ हो गया है कि नगरीय निकायों के विकास कार्यों की राह में आने वाले पेड़ों को हटाने के लिए अब वन विभाग की अनुमति अनिवार्य होगी। यह कदम नगरीय क्षेत्रों में हरियाली और विकास कार्यों के बीच संतुलन बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्रों में लागू माना जाएगा। अब तक नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर परिषदों में उद्यानिकी अधिकारी या इंजीनियर इसकी अनुमति देते थे।

# आंगनवाड़ी में बच्चों को मिल रही है बेहतर शिक्षा: भूरिया

## मंत्री ने बच्चों को बांटे विद्यारंभ प्रमाण पत्र

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** महिला एवं बाल विकास के नवाचार के तहत मंगलवार को राजधानी भोपाल सहित राज्य की आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों को 'विद्यारंभ प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इन बच्चों ने आंगनवाड़ी से अपनी प्राथमिक शिक्षा पूरी की है। इस मौके पर मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि आंगनवाड़ी के जरिए शाला-पूर्व शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर हो रही है। नेहरू नगर स्थित आंगनवाड़ी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रमाण पत्र देने के बाद मंत्री ने बच्चों और अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्र बच्चों के जीवन की महत्वपूर्ण प्रारंभिक पाठशाला हैं, जहां पोषण और शिक्षा दोनों का ध्यान रखा जाता है। आंगनवाड़ी बच्चों की देखभाल का स्थान ही नहीं, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा का समन्वित केन्द्र हैं। मंत्री ने कहा कि 3 से 6 साल की आयु के दौरान आंगनवाड़ी में बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक और



भावनात्मक विकास पर खास ध्यान दिया जाता है। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि वे मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा जैसे अनेक दायित्वों का निर्वहन समर्पण के साथ कर रही हैं और यहां बच्चों को विद्यालयी शिक्षा के लिए सक्षम बनाया जा रहा है। इस अवर पर सचिव, महिला बाल विकास जीवी रश्मि ने कहा कि यह प्रमाण पत्र दस्तावेज के साथ बच्चों की शिक्षा यात्रा का पहला अहम पड़ाव है। इसका मकसद आंगनवाड़ी की अनौपचारिक शिक्षा से प्राथमिक विद्यालय की औपचारिक शिक्षा में बच्चों का सहज प्रवेश सुनिश्चित करना है।

# दिसंबर तक रिटायर होंगे 14 आईपीएस राजाबाबू और गुप्ता बनेंगे स्पेशल डीजी

### इस माह हिमानी खन्ना की सेवानिवृत्ति

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** इस साल मार्च के अंतिम दिन से लेकर अक्टूबर के आखिरी दिन तक कुल 14 आईपीएस रिटायर हो जाएंगे। इस माह के अंत में हिमानी खन्ना का रिटायरमेंट है। 2006 बैच की प्रमोटी आईपीएस अधिकारी हिमानी फिलहाल सागर रेंज की आईजी हैं और जेएनपीए की निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रही हैं। इसके बाद अप्रैल माह में सविता सोहाने और जितेंद्र सिंह पंवार की सेवानिवृत्ति होगी। सविता 2009 बैच की प्रमोटी आईपीएस अफसर हैं और फिलहाल शहडोल रेंज में बतौर डीआईजी पदस्थ हैं, जबकि पंवार 2016 बैच के प्रमोटी आईपीएस हैं और भोपाल में बतौर डीसीपी ट्रैफिक पदस्थ हैं। मई माह में 2009 बैच के प्रमोटी आईपीएस महेशचंद्र जैन भी रिटायर हो जाएंगे, जो अभी इंदौर में डीआईजी नारकोटिक्स के तौर पर काम कर रहे हैं।

**जून-जुलाई में डीजी एवं स्पेशल डीजी स्तर के दो अफसरों का रिटायरमेंट:** जून माह में स्पेशल डीजी टेलीकम्युनिकेशन संजीव शमी शर्मा का रिटायरमेंट है। वे 1993 बैच के सीधी भर्ती के अधिकारी हैं। इसी माह 2004 बैच के प्रमोटी आईपीएस संजय तिवारी भी सेवानिवृत्त होंगे, जो आईजी भोपाल ग्रामीण का पद




संभाल रहे हैं। जुलाई में 1991 बैच की सीधी भर्ती के डीजी रैंक के अफसर आलोक रंजन भी रिटायर होंगे, जो फिलहाल प्रतिनियुक्ति पर केंद्र सरकार में एनसीआरबी के डायरेक्टर के तौर पर कार्यरत हैं। जुलाई में ही 2006 बैच के प्रमोटी अरविंद सक्सेना और 2009 बैच के शशिकांत शुक्ला भी रिटायर हो जाएंगे। सक्सेना फिलहाल ग्वालियर रेंज के आईजी हैं, जबकि डीआईजी रैंक के शुक्ला एफएसएल भोपाल के डायरेक्टर हैं।

### इन अफसरों का होगा प्रमोशन

इस साल के अंत तक स्पेशल डीजी के पद पर 1994 बैच के एडीजी ट्रेनिंग राजा बाबू सिंह और डीपी गुप्ता का स्पेशल डीजी बनना तय है, क्योंकि उनके बैच के बाकी अधिकारी स्पेशल डीजी बन चुके हैं। इसके साथ ही इस साल 2012 बैच के 3 आईपीएस अफसरों को डीआईजी बनने का मौका मिल सकता है। इस साल की शुरुआत में दो आईपीएस अफसर रिटायर हो चुके हैं। जनवरी में जहां बड़वानी एसपी के पद पर पदस्थ 2012 बैच के प्रमोटी आईपीएस जगदीश डाबर रिटायर हो गए थे, वहीं फरवरी में आईजी लॉ एंड ऑर्डर का पद संभाल रहे 2006 बैच के प्रमोटी अधिकारी अंशुमान सिंह रिटायर हो गए हैं। साल के अंत में डीजीपी कैलाश मकवाणा का भी रिटायरमेंट है, लेकिन सिंहस्थ की तैयारी और आयोजन को देखते हुए उन्हें एक और एक्सटेंशन मिल सकता है।

### अगस्त में रिटायर होंगे चार आईपीएस

इस साल अगस्त में सबसे अधिक चार आईपीएस का रिटायरमेंट है। 1989 बैच के डीजी रैंक के अफसर और पुलिस हाउसिंग के चेयरमैन अजय शर्मा, 1994 बैच के स्पेशल डीजी एजेके आशुतोष रॉय, 1995 बैच के एडीजी इंटेलिजेंस ए साईं मनोहर और 2006 बैच के प्रमोटी आईपीएस और फिलहाल नर्मदापुरम आईजी मिथिलेश शुक्ला अगस्त में सेवानिवृत्त होंगे। इसके बाद अक्टूबर में सोनाली मिश्रा का रिटायरमेंट है। वे भी एडीजी स्तर की अधिकारी हैं और रेल सुरक्षा बल में प्रतिनियुक्ति पर महानिदेशक के पद पर तैनात हैं। इनमें से अजय शर्मा का नाम फिलहाल केंद्र की एक एजेंसी में प्रतिनियुक्ति के लिए चर्चाओं में है और उनकी नियुक्ति हो जाएगी तो उन्हें दो साल तक का एक्सटेंशन मिल सकता है।

**जनसंवाद** बीट प्रणाली को मजबूत करने थाना प्रभारी से लेकर आरक्षक की जिम्मेदारी की तय, माइक्रो बीट पर जोर

# जनता की मांग पर सीपी ने हॉट स्पॉट पर बढ़ाए गश्त के पहरे

### एक माह में आयोजित किए 20 स्थानों पर जनसंवाद

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** जनता की मांग पर भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने चिन्हित हॉट स्पॉट पर गश्त के पहरे व राउंड बढ़ाए हैं। जहां पहले चार राउंड पुलिस ऐसे स्थानों पर राउंड करती थी अब दोगुने आठ राउंड लगा रही है। बीट प्रणाली को मजबूत करने के लिए थाना प्रभारी से लेकर आरक्षक तक की जिम्मेदारी तय की है। माइक्रो बीट को मजबूत करने के लिए आरक्षक को रोजाना अपनी बीट में कम से कम दो जगह जाकर संवाद करना हैं। जनता की समस्या जानना है। खुद पुलिस कमिश्नर 14 फरवरी से 15 मार्च तक शहर के लगभग 20 स्थानों पर गए और जनसंवाद किया। उनका यह अभियान अभी भी जारी है। वह जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनकर निराकरण के निर्देश दे रहे हैं। जनता के बीच पुलिस की छवि सुधारने के लिए आपसी संवाद को बेहतर कर थाने की साफ-सफाई को लेकर अहम निर्देश दिए हैं। थाना मुंशी को थाने की सफाई का जिम्मा दिया है, ताकि आने वाले पीड़ितों को एक बेहतर माहौल मिल सके।



### एक महीने के दौरान पीक आवर्स में ड्यूटी पाइंट लगाने की मांग

एक महीने के दौरान पुलिस कमिश्नर द्वारा किए जनसंवाद कार्यक्रम में आमजन की प्रमुख समस्याओं में सुरक्षा से जुड़ी, सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीना, नशे में असामाजिक तत्वों द्वारा उत्पात, महिलाओं व बच्चियों की सुरक्षा को लेकर चिंता, पुलिस व्यवस्था से संबंधित मांगें, विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग, बीट प्रभारी की क्षेत्र में सक्रियता, कुछ स्थानों पर पुलिस व्यवहार संबंधी शिकायत, यातायात से संबंधित समस्याएं, ट्रैफिक जाम और अव्यवस्थित यातायात, चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल की आवश्यकता, पीक आवर्स में ड्यूटी पाइंट लगाने की मांग, पार्किंग व सार्वजनिक व्यवस्था, ऑटो रिक्शा का अव्यवस्थित जमावड़ा, लाइट की कमी, देर रात दुकानों के कारण असामाजिक तत्वों का जमावड़ा और ड्रग्स/नशा कारोबारियों व अवैध हथियारों की गतिविधियां सामने आईं।

### कम्यूनिटी पुलिसिंग को बल मिलेगा

पुलिस कमिश्नर का जनसंवाद कार्यक्रम जारी है। साथ ही उन्होंने थाना पुलिस से इलाके में पकड़ मजबूत करने लोगों के बीच उनकी समस्या जानने तथा रोजाना जनसंवाद करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस कमिश्नर का मानना है कि इससे पुलिस बेहतर होगी और कम्यूनिटी पुलिसिंग को बल मिलेगा। पुलिस की जनता के बीच छवि में सुधार होगा। अपराधियों पर नजर रहेगी। अपराध में कमी आएगी।

### ड्रग्स व अवैध हथियार रखने वालों की निगरानी

इन समस्याओं को सुनने के बाद पुलिस कमिश्नर ने चिन्हित हॉट स्पॉट क्षेत्रों में पुलिस राउंड और गश्त बढ़ाने, महिलाओं से अभद्रता, सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं। यातायात व्यवस्था सुधारने हेतु स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप और लेफ्ट टर्न बनाने, आवश्यक चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने और पीक आवर्स में ड्यूटी पाइंट तैनात करने, मार्केट क्षेत्रों में पार्किंग व्यवस्था सुधारने और मल्टी-लेवल पार्किंग का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रात्रि गश्त को बढ़ाने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी निगरानी मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। अवैध नशा, ड्रग्स पैडलर और अवैध हथियार रखने वालों पर कड़ी निगरानी व कार्रवाई के निर्देश देकर शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए बोला है।

### स्मिता भारद्वाज के रिटायर होने पर सचिन सिन्हा बनेंगे एसीएस

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रमुख सचिव स्तर के आईएएस अधिकारी सचिन सिन्हा 1 अप्रैल को अपर मुख्य सचिव (एसीएस) बन जाएंगे। वे वर्तमान में प्रशासन अकादमी में पदस्थ हैं। 31 मार्च को माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष और एसीएस स्मिता भारद्वाज रिटायर हो रही हैं। उनके रिटायर होने पर सचिन सिन्हा का एसीएस रैंक में प्रमोशन होगा। स्मिता भारद्वाज के अलावा इस साल मई माह में प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली में तैनात राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सचिव अलका उपाध्याय, जून माह में खादी ग्रामोद्योग के महाप्रबंधक माल सिंह भयडिया, अगस्त माह में पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव, जबकि अक्टूबर माह में केंद्रीय गृह मंत्रालय में पदस्थ एसीएस स्तर के अफसर आशीष श्रीवास्तव एवं लोकायुक्त संगठन की सचिव अरुणा गुप्ता भी रिटायर हो जाएंगी।



# लोकसभा चुनाव से पहले 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करेगी सरकार

## लोकसभा सीटें बढ़कर 816 हो जाएंगी, 273 सीटें महिलाओं के लिए रहेंगी आरक्षित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की तैयारी में है। इसके लिए संसद के मौजूदा सत्र में दो बिल लाए जा सकते हैं। इसके जरिए महिला आरक्षण लागू करने की मौजूदा शर्त में बदलाव किया जाएगा। इससे लोकसभा में सदस्यों की संख्या 543 से बढ़कर 816 हो सकती है। इनमें महिला सांसदों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या 273 हो जाएगी। गृहमंत्री अमित शाह ने इस पर सहमति बनाने के लिए सोमवार को एनडीए और गैर-कांग्रेसी विपक्षी दलों के नेताओं के साथ बैठक की। सहमति बनने पर बिल इसी हफ्ते पेश किए जा सकते हैं। दरअसल, 2023 में महिला आरक्षण कानून संविधान के 106वें संशोधन के रूप में पास हुआ था। इसके तहत महिला आरक्षण नई जनगणना के बाद लागू होना है। अब सरकार का प्रस्ताव है कि नई जनगणना का इंतजार करने की बजाय 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही परिसीमन किया जाए। इससे प्रोसेस तय समय पर पूरी हो सकेगी और आरक्षण लागू किया जा सकेगा।



### संसद के सत्र में लाए जाएंगे 2 बिल

संसद के मौजूदा सत्र में दो बिल लाए जिनमें एक बिल के जरिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन होगा, जबकि दूसरा परिसीमन कानून में बदलाव से जुड़ा होगा। इसे पास कराने के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत जरूरी होगा। इसी वजह से सरकार विपक्ष का समर्थन जुटाने में लगी है।

**273 सीटें महिलाओं के लिए होंगी आरक्षित :** प्रस्ताव के मुताबिक 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। आरक्षण का ढांचा ऐसा होगा, जिसमें एससी और एसटी वर्ग की महिलाओं को उनके कोटे के भीतर हिस्सा मिलेगा। इसी फॉर्मूले पर राज्यों की विधानसभाओं में भी सीटें बढ़ाने और महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने की योजना है, ताकि पूरे देश में एक जैसा ढांचा रहे।

**कांग्रेस से चर्चा बाकी:** गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों इसके लिए कई नेताओं से बैठकें की हैं। इनमें वाईएसआर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, एनसीपी (एसपी), आरजेडी और एआईएमआईएम के नेता शामिल रहे। बीजेडी और शिवसेना (यूबीटी) से भी बातचीत हुई है, जबकि कांग्रेस से चर्चा बाकी है।

**महिला आरक्षण बिल कानून नहीं बना:** महिला आरक्षण कानून 2023 में संविधान के 106वें संशोधन के रूप में पास हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसकी मंजूरी दे चुकी हैं। लोकसभा में यह बिल लगभग सर्वसम्मति से और राज्यसभा में सर्वसम्मति से पास हुआ था।

### यूपी में सबसे ज्यादा 40 सीटें बढ़ेंगी

महिला आरक्षण के बाद यूपी में सबसे ज्यादा 40 लोकसभा सीटें बढ़ेंगी। 80 से बढ़कर 120 हो जाएंगी। महाराष्ट्र में महिलाओं के लिए 24 सीटें आरक्षित हो जाएंगी। यहां लोकसभा की सीटें 48 से बढ़कर 72 हो जाएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बिहार में महिला सीटों की संख्या 20 हो सकती है। यहां कुल सीटें 40 से 60 तक पहुंच सकती है। एमपी में 15 महिला आरक्षित सीटें बढ़ सकती हैं। तमिलनाडु में 20 और दिल्ली में 4 यानी महिला सीटें होंगी। झारखंड में 7 महिला आरक्षित सीटें बढ़ने का अनुमान है।

### 1931 में पहली बार महिला आरक्षण का मुद्दा उठा था

- **1931:** भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान महिलाओं के लिए राजनीति में आरक्षण के मुद्दे पर चर्चा हुई थी। तब प्रस्ताव खारिज कर दिया गया।
- **1971:** भारत में महिलाओं की स्थिति पर समिति का गठन किया गया। इसके कई सदस्यों ने विधायी निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण का विरोध किया।
- **1974:** महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए महिलाओं की स्थिति पर एक समिति ने शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय को एक रिपोर्ट सौंपी।
- **1988:** महिलाओं के लिए राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना ने महिलाओं को आरक्षण देने की सिफारिश की। इसने महिलाओं आरक्षण अनिवार्य करने वाले 73वें और 74वें संविधान संशोधनों की नींव रखी।
- **1993:** 73वें और 74वें संविधान संशोधनों में पंचायतों और नगर निकायों में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित की गईं। महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड और केरल सहित कई राज्यों ने स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू किया है।

# दुनिया में सिर्फ सैन्य ताकत से ही देश सुरक्षित: किम

## बोले सुप्रीमो- हम और ज्यादा परमाणु हथियार बनाएंगे



**प्योंगयांग, जेएनएन।** नॉर्थ कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन ने देश के पास परमाणु हथियार होने को लेकर खुशी जताई है। सरकारी मीडिया के मुताबिक उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजराइल के ईरान पर किए गए हमले साबित करते हैं, कि उनके देश का परमाणु हथियार रखने का फैसला सही था। किम ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध दिखाता है कि आज की दुनिया में सिर्फ मजबूत सैन्य ताकत ही किसी देश को सुरक्षित रख सकती है। उन्होंने यह बयान सोमवार को संसद में लंबे भाषण के दौरान दिया। अपने भाषण में किम ने दक्षिण कोरिया के प्रति सख्त रुख दोहराया और कहा कि वह अपने देश की परमाणु ताकत को और मजबूत करेंगे, ताकि अमेरिका को रोका जा सके। किम जोंग उन का यह भाषण मंगलवार को लिखित रूप में जारी हुआ है। इसमें उन्होंने कहा कि 2019 में ट्रम्प के साथ बातचीत टूटने के बाद परमाणु हथियार बढ़ाने का फैसला उनका सबसे सही कदम था। किम ने कहा कि नॉर्थ कोरिया अब अमेरिका के खिलाफ एकजुट मोर्चे में और ज्यादा सक्रिय भूमिका निभाएगा। हालांकि उन्होंने ट्रम्प का नाम सीधे नहीं लिया, लेकिन यह जरूर कहा कि उनके विरोधी टकराव चाहते हैं या शांति, यह उन पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि नॉर्थ कोरिया हर स्थिति के लिए तैयार है। किम ने देश को आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था बनाने, ज्यादा परमाणु हथियार और उन्हें ले जाने वाली मिसाइलें बनाने पर जोर दिया। किम ने यह भी कहा कि परमाणु हथियारों की वजह से नॉर्थ कोरिया अब ज्यादा सुरक्षित है।

### साउथ कोरिया को बताया दुश्मन देश

साउथ कोरिया को लेकर उन्होंने कहा कि हम उसे सबसे बड़ा दुश्मन मानेंगे और पूरी तरह नजरअंदाज करेंगे। अगर साउथ कोरिया कोई भी कदम उठाता है जो उनके देश को नुकसान पहुंचाता है, तो उसे कड़ी सजा दी जाएगी। कई दशकों से अमेरिका और उसके सहयोगी देश, प्रतिबंध और बातचीत के जरिए नॉर्थ कोरिया को परमाणु कार्यक्रम छोड़ने के लिए मनाने की कोशिश करते रहे हैं, लेकिन अब तक सभी प्रयास असफल रहे हैं। व्हाइट हाउस में दोबारा आने के बाद ट्रम्प ने किम से फिर बातचीत करने की इच्छा जताई है। हालांकि, किम का कहना है कि बातचीत तभी हो सकती है, जब अमेरिका आधिकारिक तौर पर नॉर्थ कोरिया को परमाणु शक्ति के रूप में मान्यता दे। नॉर्थ कोरिया लंबे समय से यह कहता रहा है कि अगर लीबिया के मुअम्मर गद्दाफी और इराक के सद्दाम हुसैन के पास परमाणु हथियार होते तो उनका अंत इस तरह नहीं होता।

## संक्षिप्त समाचार


### चौथी बार निर्विरोध जदयू के अध्यक्ष चुने गए नीतीश



**पटना, जेएनएन।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को चौथी बार जदयू के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए। पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी से जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने नीतीश कुमार के निर्वाचन का प्रमाण पत्र हासिल किया। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में अभी काम कर रहे नीतीश कुमार इसी महीने के 16 तारीख को राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। वह मुख्यमंत्री का पद छोड़ दिल्ली जा रहे हैं। उसी समय नीतीश कुमार ने जदयू के विधायकों की बैठक में यह स्पष्ट किया था कि वह राज्यसभा जरूर जा रहे पर पार्टी और सरकार दोनों को वह देखते रहेंगे। नीतीश कुमार की तरफ से जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिल्ली स्थित पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय में 19 मार्च को नामांकन किया था।

एसआईआर वोटर लिस्ट विवाद

### केवल बंगाल में ही अड़चनः सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चल रहे विवाद पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि पश्चिम बंगाल को छोड़कर अन्य राज्यों में यह प्रक्रिया काफी हद तक सुचारु रूप से पूरी हुई है और वहां से बहुत कम कानूनी विवाद सामने आए हैं। मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान कहा कि जिन राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया लागू की गई, वहां बड़े पैमाने पर कोई लिटिगेशन नहीं देखने को मिला। उन्होंने टिप्पणी की, पश्चिम बंगाल को छोड़कर जहां-जहां यह प्रक्रिया हुई, वहां यह काफी हद तक शांतिपूर्ण रही। अन्य राज्यों में भी कुछ जटिलताएं हो सकती हैं, लेकिन बड़े स्तर पर विवाद नहीं हुआ। अदालत यह टिप्पणी उस समय कर रही थी, जब वह पश्चिम बंगाल में स्क्रैक्र प्रक्रिया को लेकर दाखिल याचिकाओं के एक समूह पर सुनवाई कर रही थी।

### टेक्सॉस की वैलेरो रिफाइनरी में धमाका

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका की सबसे बड़ी रिफाइनरियों में से एक, वैलेरो एनर्जी पर सोमवार शाम जोरदार विस्फोट हुआ। धमाका इतना तेज था कि आसपास के घर हिल गए और आसमान में दूर-दूर तक काला धुआं दिखाई देने लगा। घटना के तरंत बाद सुरक्षा के मद्देनजर स्थानीय प्रशासन ने निवासियों को घरों के भीतर रहने के निर्देश दिए हैं। मौके पर दमकल विभाग और आपातकालीन टीमें स्थिति को नियंत्रित करने और वायु गुणवत्ता की निगरानी में जुटी हैं। दरअसल, सोमवार शाम टेक्सस के पोर्ट आर्थर में वैलेरो एनर्जी की रिफाइनरी में जोरदार विस्फोट की खबर मिली। धमाके के साथ रिफायनरी में आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने एक जोरदार विस्फोट की आवाज सुनने का जिक्र किया, विस्फोट के साथ आसपास के घर हिल गए। अभी तक इस घटना में किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। पोर्ट आर्थर अग्निशमन विभाग के एंटोनियो मिशेल ने कहा, फिलहाल हमारी कोई भी यूनिट घटनास्थल पर नहीं है, वे रास्ते में हैं। यह विस्फोट कैसे हुआ, यह भी पता नहीं चल सका है। जिसकी जांच चल रही है। अधिकारियों के अनुसार, आसपास के क्षेत्र में जहरीले पदार्थों के रिसाव की आशंका का पता लगाने के लिए वायु गुणवत्ता की निगरानी की जा रही है। गौरतलब है कि ह्यूस्टन से लगभग 90 मील पूर्व में टेक्सस खाड़ी तट पर स्थित वैलेरो पोर्ट आर्थर रिफाइनरी अमेरिका की सबसे बड़ी रिफाइनरियों में से एक है। यह भारी खट्टे कच्चे तेल से प्रतिदिन 435,000 बैरल गैसोलीन, डीजल और जेट ईंधन का उत्पादन कर सकती है।

### फिलीपींस में राष्ट्रीय उर्जा आपातकाल की घोषणा



**मनीला, जेएनएन।** फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने मंगलवार को देश में राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल की घोषणा की। मार्कोस ने बताया कि पश्चिम एशिया में जंग से देश की उर्जा आपूर्ति को पैदा हुए खतरे के कारण यह फैसला लिया गया। उन्होंने कहा कि ईंधन,खाद्य सामग्री, दवाइयों, कृषि उत्पादों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति, वितरण और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है। मार्कोस ने एक कार्यकारी आदेश में कहा, यह संघर्ष वैश्विक उर्जा बाजारों में अनिश्चितता,आपूर्ति श्रृंखला में गंभीर व्यवधान और अंतरराष्ट्रीय तेल में कीमतों में उतार-चढ़ाव पैदा कर रहा है, जिससे देश की उर्जा सुरक्षा पर खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय उर्जा आपातकाल की घोषणा सरकार को मौजूदा कानूनों के तहत जवाबदेह और समन्वित उपाय लागू करने में सक्षम बनाएगी, ताकि वैश्विक उर्जा आपूर्ति और घरेलू अर्थव्यवस्था में पैदा होने वाले व्यवधानों से पैदा जोखिमों से निपटा जा सके।

# बीएमसी की लापरवाही से 23 करोड़ की सरकारी भूमि पर बना सामुदायिक भवन

## जनभागीदारी समिति से हो गया चरनोई की भूमि पर निर्माण, निस्तार के नाम से दर्ज भूमि

**जागरण, भोपाल।** सरकारी भूमि पर किसी कॉलोनाइजर, भूमाफिया या बिल्डर द्वारा कब्जा कर उसे बेचना आम बात है, लेकिन किसी सरकारी एजेंसी द्वारा ऐसा करना हास्यपद लगता है। ऐसा ही एक मामला राजधानी भोपाल में सामने आया है। जानकारी अनुसार होशंगाबाद रोड जाटखेड़ी वार्ड नंबर 53 मिसरोद के पास राजस्व विभाग की 0.607 हेक्टेयर यानि 1.5 एकड़ भूमि है। सरकारी रिकार्ड में यह भूमि चरोखर निस्तार के नाम से दर्ज है। यानि ऐसी भूमि पर किसी प्रकार का निर्माण नहीं हो सकता। लेकिन भोपाल नगर निगम ने यहां सामुदायिक भवन का निर्माण करा दिया है। यह निर्माण जनभागीदारी समिति के माध्यम से कराया गया है। इस भूमि का बाजार मूल्य कलेक्टर गाइडलाइन के अनुसार 23 करोड़ रुपए के आस पास है।



### मामला हाइकोर्ट में, बीएमसी को देना है जवाब

उक्त पूरा मामला फिलहाल हाइकोर्ट में लंबित है। शिकायतकर्ता नरेन्द्र सिंह ने बताया कि मामले की आखिरी सुनवाई फरवरी माह में हुई थी। इस सुनवाई में कोर्ट ने नगर निगम भोपाल सहित कलेक्टर भोपाल से जवाब मांगा है।

यह मामला मेरे पदभार ग्रहण करने से पहले का है। फिर भी इस मामले को दिखवा रही हूं, कोर्ट भी जल्द ही जवाब भेजा जाएगा। यदि कुछ गलत हुआ है तो उसे हम सुधारेंगे।

**संस्कृति जैन**, आयुक्त नगर निगम भोपाल

### लैंड ऑफ यूज को बदले बगैर कराया निर्माण

जाटखेड़ी में सरकारी भूमि पर बने सामुदायिक भवन के निर्माण की प्रक्रिया वर्ष 2021-22 में शुरू हुई थी। मार्च 2022 में नगर निगम द्वारा विज्ञप्ति जारी की गई, जिसमें जनभागीदारी समिति के सहयोग से भवन निर्माण किया जाना था। इस कार्य के लिए 34 लाख रुपए की लागत का बजट निर्धारित किया गया। इसमें 17 लाख रुपए नगर निगम और 17 लाख जनभागीदारी समिति को खर्च करना थे। इस पूरी प्रक्रिया में नगर निगम द्वारा 1.5 एकड़ भूमि का लैंड ऑफ यूज नहीं कराया गया। यह भूमि चरोखर यानि निस्तार के नाम से दर्ज है, जब तक इस भूमि का लैंड ऑफ यूज नहीं बदला जाता, इस पर किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं हो सकता।

### कुछ लोगों ने मिलकर बना ली समिति

दरअसल इस पूरे मामले में कुछ लोग शामिल हैं। इनमें मुख्य धर्मेन्द्र पाटीदार हैं। जिन्होंने जनभागीदारी समिति का गठन किया। इस समिति में मनोज, मोहित, राजकुमार एवं रमेश पाटीदार सदस्य हैं। सदस्यों के अलावा और भी लोग इसमें शामिल हैं। उक्त सभी लोगों ने मिलकर नगर निगम आयुक्त के नाम से चैक जमा कराए गए। करीब 17 लाख रुपए समिति ने एकत्रित किए और 17 लाख रुपए निगम ने अपने बजट से खर्च कर निर्माण कराया है।

# आज घोषित होंगे 5वीं और 8वीं के परीक्षा परिणाम

## 23 लाख से अधिक विद्यार्थी हुए थे शामिल




**जागरण, भोपाल।** राच्य शिक्षा केंद्र बुधवार को कक्षा 5वीं और 8वीं का परीक्षा परिणाम घोषित करेगा। इस साल बोर्ड पैटर्न पर आयोजित इन परीक्षाओं में प्रदेश भर के 23.68 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे। राच्य शिक्षा केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया सुबह 11 बजे शुरू होगी और 11:30 बजे रिजल्ट को पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाएगा, ताकि छात्र-छात्राएं ऑनलाइन अपना रिजल्ट देख सकें। राच्य शिक्षा केंद्र ने इस बार विद्यार्थियों की सुविधा के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रोल नंबर या समग्र आईडी के साथ ही क्यूआर कोड स्कैनिंग के जरिए भी रिजल्ट देखने की सुविधा उपलब्ध कराई है।

### प्रदेश में बनाए थे 322 मूल्यांकन केंद्र

इस साल पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 20 से 28 फरवरी के बीच हुआ था, जिसमें सरकारी और निजी स्कूलों के साथ-साथ मदरसों के छात्र भी शामिल थे। इन परीक्षाओं में 5वीं के 12 लाख 76 हजार और 8वीं के 10 लाख 92 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए थे। रिजल्ट को समय पर और सटीक तरीके से तैयार करने के लिए प्रदेश भर में 322 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए थे। इसके लिए 1.10 लाख शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी और अंकों की ऑनलाइन एंट्री सीधे पोर्टल पर की गई। खास बात यह है कि छात्र अपनी व्यक्तिगत मार्कशीट देखने के साथ-साथ, स्कूल के प्राचार्य और शिक्षक भी अपने पूरे स्कूल का विद्यार्थीवार परिणाम देख सकेंगे, जिससे स्कूलों के प्रदर्शन का विश्लेषण करना आसान होगा।

### 800 करोड़ के पार पहुंचा धुरंधर-2 का कलेक्शन



**मुंबई, जेएनएन।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर द रिवेंज यानी धुरंधर-2 बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने रिलीज के पांचवें दिन यानी सोमवार को भारत में 65 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने दुनियाभर में 800 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है और फिल्म छावा और पीके के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म का भारत में कुल नेट कलेक्शन 519.12 करोड़ रुपए और ग्रॉस कलेक्शन 619.76 करोड़ रुपए हो गया है। बता दें कि ग्रॉस कलेक्शन टिकट से हुई कुल कमाई होती है, जबकि नेट कलेक्शन टैक्स के बाद बची कमाई होती है। ओवरसीज मार्केट में फिल्म ने 210 करोड़ रुपए की कमाई की, जिससे इसका कुल वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 829.76 करोड़ रुपए हो गया। 5 दिनों की कमाई के मामले में यह फिल्म दूसरे स्थान पर है। इससे आगे पुष्पा 2 है, जिसने 881.26 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

भारत में 5 दिनों का नेट कलेक्शन पहला हफ्ता पेड प्रीव्यू शो-43.00 करोड़ (गुरुवार) 102.55 करोड़ (शुक्रवार) 80.72 करोड़ (शनिवार) 113.00 करोड़ (रविवार) 114.85 करोड़ दूसरा हफ्ता (सोमवार) 65.00 करोड़ कुल (5 दिन) 519.12 करोड़।

# राजधानी में अब हवाला कारोबार हुआ तो तीन थाना प्रभारियों पर गिरेगी गाज

### हवाला व्यापारियों पर नकेल कसने पुलिस कमिश्नर ने दिए निर्देश, तय की जिम्मेदारी

## दो साल में हो चुकी पांच हवाला कारोबारियों से लूट व डकैती की घटनाएं, कार्यप्रणाली पर किए सवाल

**जागरण, भोपाल।** राजधानी में अब हवाला कारोबार नहीं होगा। हवाला व्यापारियों पर शिकंजा नकेल कसने के लिए पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने निर्देश दिए हैं। उन्होंने तीन थाना प्रभारी हनुमानगंज, श्यामला हिल्स और चूनाभट्टी को साफ तौर पर बोला कि यदि हवाला का कारोबार हुआ तो उन पर गाज गिर सकती है। उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होंगे और कार्रवाई होगी इसलिए हवाला कारोबार नहीं होगा। पुलिस कमिश्नर ने तीनों थाना प्रभारियों की जिम्मेदारी तय कर मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं।




### चूनाभट्टी में रहने वाले सभी कारोबारी

राजधानी में हुई सभी लूट के कारोबारी चूनाभट्टी इलाके में रहते हैं। कलेक्शन का पैसा लेकर जब में देर शाम या रात में घर जाने के लिए तभी उनके साथ लूट हुई। अधिकांश गुजरात के रहने वाले निकले। जोकि यहां कुछ समय से कारोबारियों के यहां नौकरी कर रहे थे और उनका पैसा लेकर जाते थे। यह पैसा हनुमानगंज और कोतवाली इलाके से जुटाया जाता है। इसलिए हनुमानगंज, श्यामला हिल्स और चूनाभट्टी थाना प्रभारी को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि यदि लूट होती है तो क्यों न आपकी कार्यप्रणाली को संदेह के घेरे में लाया जाए।

### गुना कांड से सबक, अलर्ट मोड पर पुलिस

गुना हवाला कांड को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कमिश्नर ने सख्त निर्देश दिए हैं और अलर्ट मोड पर रखा है। किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी इसलिए राजधानी में हवाला कारोबारियों पर पुलिस की नजर है। यदि हवाला के पैसे पकड़े भी जाते हैं, तो तुरंत अपने सीनियर अफसरों डीसीपी, एडिशनल डीसीपी और एसीपी को जानकारी देने के बाद आयकर विभाग को सूचना देने के लिए बोला गया है। भोपाल पुलिस कमिश्नरेट में बीते दो साल में पांच हवाला कारोबारियों से लूट और डकैती की घटनाएं सामने आई हैं। इनमें पैसा हनुमानगंज और कोतवाली इलाके से निकलता था। इसके बाद श्यामला हिल्स, टीटीनगर और चूनाभट्टी में लूट लिया गया। अधिकांश मामलों में पीड़ित चूनाभट्टी के रहने वाले थे। जोकि कलेक्शन कर हवाला को पैसा लेकर निकलते थे। दो बार श्यामला हिल्स, एक बार टीटीनगर, एक बार चूनाभट्टी और एक बार छोला मंदिर इलाके में उनके साथ लूट की वारदातें की गईं।

### झपटमारी दिखाकर झाड़ लिया था पल्ला

छोला मंदिर इलाके में हवाला का पैसा लुटेरों ने लूटा लेकिन बचने के लिए पुलिस ने इसे झपटमारी दिखाते हुए सिर्फ तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर पल्ला झाड़ लिया था। बाद में जब श्यामला हिल्स इलाके की घटना में यही आरोपी पकड़े गए तो छोला मंदिर की लूट का खुलासा हुआ। इसके बाद छोला मंदिर पुलिस ने अपने केस में न केवल आरोपियों की संख्या बढ़ाई बल्कि धारा भी बढ़ाई। देखने में आया है कि अधिकांश आरोपी या तो हनुमानगंज इलाके में काम कर चुके थे या वहीं काम करने वाले ने मुखबिरी की और इसके बाद लूट की गई। चार से छह लोगों ने लूट की वारदात की। इस बार जब श्यामला हिल्स में 7 मार्च की रात लूट की गई तो उसमें आरोपियों की संख्या 12 से अधिक निकली। एक के बाद एक लुटेरे जुड़ते चले गए। लूट में शामिल जब एक लुटेरे को अपना हिस्सा नहीं मिला तो इस घटना का खुलासा हुआ। साढ़े 55 लाख की लूट के इस मामले में पुलिस ने 35 लाख रुपए आरोपियों से बरामद किए। कुछ आरोपियों की पुलिस को अब भी तलाश है।

### छोला मंदिर में कारोबारी को लात मारकर गिराया था

छोला मंदिर में सबसे पहले हवाला कारोबारी से लूट अगस्त 2024 में की गई। इसके बाद श्यामला हिल्स इलाके में इन्हीं लुटेरों ने दो मोपेड पर आकर बाणगंगा की पुलिया के पास लूट की थी। यह घटना नवंबर 2024 की थी। इसके बाद चूनाभट्टी इलाके में फरवरी 2025 में लूट हुई। हवाला कारोबारी से करीब 25 लाख रुपए लूटे गए। जून 2025 में टीटीनगर इलाके में हवाला कारोबारी से 40 लाख की लूट पत्रकार कालोनी के पास हुई थी। इसमें छह आरोपी थे, जिन्होंने मोपेड से पीछा कर लात मारकर कारोबारी को गिराया था और लूट की थी। लूट का सिलसिला थम गया था कि 7 मार्च 2026 में फिर से श्यामला हिल्स इलाके में लूट नहीं डकैती की वारदात को अंजाम दिया गया। इसमें अकाउंटेंट ने मुखबिरी की थी।

# कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान में निभाई सहभागिता

## रामसागर तालाब में ग्रामीणों के साथ किया श्रमदान



**जागरण, रीवा।** जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य किए जा रहे हैं। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण के दौरान रायपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पटना में जल गंगा अभियान में सहभागिता निभाई। कलेक्टर ने रामसागर तालाब के गहरीकरण और साफ-सफाई कार्य में ग्रामीणों के साथ श्रमदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि पानी को बचाने व इसके सहेजने का कार्य हम सबकी जिम्मेदारी है। रामसागर तालाब बड़ा तालाब है। इसमें गत वर्ष भी गहरीकरण व साफ-सफाई का कार्य हुआ था जिससे काफी मात्रा में पानी भरने लगा है। इस वर्ष सभी लोग मिलकर इसमें श्रमदान करें और यह संकल्प लें कि इस तालाब को पूरा भरने लायक बनाएंगे। कलेक्टर ने कहा कि समय रहते यदि पानी के बचाने की चिंता नहीं की गई तो भविष्य में इसके परिणाम घातक होंगे। जिले में नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण के साथ ही पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई व जीर्णोद्धार के कार्य इस अभियान में कराए जा रहे हैं। निस्तारी तालाबों से अतिक्रमण हटाए जाएंगे। उन्होंने बड़े किसानों से अपेक्षा की कि वह अपने खेत में खेत तालाब बनाएं। कलेक्टर ने ग्रामीणजनों से हैण्डपंप के पास सोख्ता गड्ढा बनाकर जल संग्रहण करने की भी समझाइश दी। उन्होंने कहा कि छत का पानी भी जमीन के नीचे जाए, ऐसी व्यवस्था कराएं। कलेक्टर ने कहा कि समाज की सहभागिता से ही यह अभियान सफल होगा और पानी के बचाव से आने वाली पीढ़ी को लाभ मिलेगा। उन्होंने रामसागर तालाब का सीमांकन कराकर सौन्दर्यीकरण का प्रस्ताव भेजने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने ग्रामीणजनों को आश्वस्त किया कि इस तालाब का सौन्दर्यीकरण कराकर मेड़ में सघन वृक्षारोपण भी कराया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान गत दो वर्षों से संचालित हो रहा है। यह अभियान जनता का अभियान है। शासन, प्रशासन के साथ जनसामान्य को पानी की एक-एक बूंद बचाने में अपनी सहभागिता निभानी होगी। उन्होंने कहा कि जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य कराए जा रहे हैं। सभी लोग इस महत्वपूर्ण अभियान में अपना सहयोग करें। कार्यक्रम में एसडीएम मनगवां संजय जैन ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में विभागों के साथ ही जनभागीदारी की सहभागिता आवश्यक है तभी यह अभियान अपने उद्देश्य को प्राप्त कर सकेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान प्रदीप दुबे ने बताया कि जनपद अंतर्गत चार सौ कार्य जल संरक्षण अभियान में लिए गए हैं। इसके साथ ही पूर्व के जल संरक्षण के कार्य भी कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्राचीन जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार व नवीन संरचनाओं का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

**बघेली गीत के माध्यम से दिया संदेश :** इस अवसर पर सुषमा शुक्ला ने बघेली गीत के माध्यम से जल बचाव व संरक्षण का संदेश दिया। पटना ग्राम के ग्रामीणजनों ने समवेत स्वर में जल संरक्षण का संकल्प लिया और रामसागर तालाब में श्रमदान किया।

## लक्ष्मणपुर के कृषक अशोक कुशवाहा कर रहे हैं प्राकृतिक खेती



**रीवा।** लक्ष्मणपुर ग्राम पंचायत के किसान अशोक कुशवाहा अपनी तीन एकड़ जमीन में से डेढ़ एकड़ जमीन में प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने बायो रिसोर्स सेंटर भी बनाया है जहाँ वह प्राकृतिक खेती के उपयोग में आने वाले बीजामृत, जीवामृत, नीमास्त्र एवं ब्रम्हास्त्र आदि का निर्माण कर रहे हैं। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने किसान के बायो रिसोर्स सेंटर पहुंचकर प्राकृतिक खेती के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बायो रिसोर्स सेंटर अन्य किसानों के लिए भी उपयोगी होगा जहाँ से वह प्राकृतिक खेती करने के लिए जागरूक होंगे और प्राकृतिक खेती में उपयोग में आने वाले प्रकल्पों का भी क्रय कर सकेंगे। कलेक्टर ने कृषि विभाग के उप संचालक को निर्देश दिए कि कस्टम हायरिंग सेंटर के समान ही बायो रिसोर्स सेंटर भी स्थापित कराएं। यह किसानों के लिए एक अच्छा माध्यम होगा। उप संचालक ने बताया कि जिले में आठ बायो रिसोर्स सेंटर स्थापित कराए गए हैं। भ्रमण के दौरान किसान अशोक कुशवाहा ने बताया कि प्राकृतिक खेती से प्रेरणा लेकर गांव के अन्य किसान भी प्राकृतिक खेती करने लगे हैं। बायो रिसोर्स सेंटर से गोबर की खाद सहित अन्य प्रकल्प किसानों द्वारा अपनी खेती के लिए क्रय किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित कृषक रविशंकर ने बताया कि उन्होंने अशोक की खेती से प्रभावित होकर अपनी 25 डिसमिल भूमि में प्राकृतिक खेती करनी शुरू की है।

# जिले को टीबी मुक्त बनाने का दोहराया संकल्प, किया जागरूक

## जिला अस्पताल में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**जागरण,रीवा।** जिला अस्पताल में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय क्षय दिवस के अवसर पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने तथा अपनी सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ दिलाई। परिचर्चा के दौरान क्षय रोग (टीबी) के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, समय पर जांच एवं उपचार सुनिश्चित करना तथा जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा भी की गयी। परिचर्चा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यत्नेश त्रिपाठी, सिविल सर्जन डॉ.प्रतिभा मिश्रा, टीबी अधिकारी डॉ.अनुराग शर्मा, डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। डॉ अनुराग शर्मा जिला क्षय अधिकारी ने बताया कि टीबी एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से इलाज योग्य बीमारी है, बशर्ते इसका समय पर पता लगाकर नियमित उपचार किया जाए। इस दौरान टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत चल रही गतिविधियों जैसे सक्रिय केस खोज निक्षय योजना के तहत मरीजों को मिलने वाली सहायता तथा दवा पालन पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे घर.घर जाकर संभावित मरीजों की पहचान करें और उन्हें जांच के लिए प्रेरित करें। बैठक में यह भी बताया गया कि जिले में टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी विभागों एवं समाज के सहयोग की आवश्यकता है। आमजन से अपील की गई कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक खांसीए बुखार, वजन कम होना या रात में पसीना आने जैसे लक्षण दिखाई दें तो वे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं। 100 दिवसीय अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसमें जिले के करीब 600 गांवो में सर्वे कराया जाएगा।

# जिला स्तरीय फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण संपन्न

## जनगणना कार्य का दिया जा रहा है प्रशिक्षण



**रीवा।** वर्ष 2026-27 में कराई जाने वाली जनगणना के प्रथम चरण का प्रशिक्षण फील्ड ट्रेनर्स को दिया जा रहा है। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में 24 से 26 मार्च तथा 30 मार्च एवं एक व 2 अप्रैल को जिला स्तरीय फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने प्रशिक्षार्थियों से कहा कि इस बार की जनगणना ऑनलाइन माध्यम से हो रही है। जनगणना का कार्य महत्वपूर्ण कार्य है। जिला स्तरीय फील्ड ट्रेनर्स का कार्य और भी महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इनके द्वारा ही प्रगणकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। कलेक्टर ने फील्ड ट्रेनर्स से अपेक्षा की कि गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि प्रगणकों को अच्छे ढंग से प्रशिक्षण दे सकें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण टू वे हो और प्रशिक्षक से सभी शंकाओं का समाधान करें। कलेक्टर ने प्रशिक्षण की सभी तैयारियों व व्यवस्थायें पूर्व में ही कर लेने के निर्देश दिये। प्रशिक्षण में डिप्टी कलेक्टर राजेश सिन्हा, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल सहित मास्टर ट्रेनर्स व जिला स्तरीय प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में कलेक्टर कार्यालय में आवेदकों की सुनी गयी समस्यायें



**जागरण, रीवा।** प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आज कलेक्टर कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर राजेश कुमार सिन्हा एवं सुधीर कुमार बेक ने 85 आवेदकों की समस्यायें सुनी तथा प्राप्त आवेदकों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। मनोज कुमार सोनी पतौता के मुआवजा राशि के भुगतान, मड़वा ग्राम के भैयालाल नामदेव द्वारा न्यायालयीन प्रकरण में जबरदस्ती सीमांकन कराने तथा रिमारी निवासी राहुल कोल के कृषि भूमि पर जबरन कब्जा कर खेती करने से रोकने के आवेदन पर संबंधित तहसीलदारों को कार्यवाही के लिए प्रेषित किया गया। जनसुनवाई में गोपालशरण पाण्डेय के नजरी नक्शा सीमांकन के आवेदन पर एसडीएम हुजूर को तथा कछिगवां निवासी शकुंतला के पैतृक जमीन में गलत नाम दर्ज करने के आवेदन पर तहसीलदार मनगवां को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। आरती देवी विश्वकर्मा निवासी दानी के किडनी फेल होने पर आर्थिक सहायता राशि प्रदाय किये जाने के आवेदन पर सीएमएचओ को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार अनंतपुर निवासी छोटेलाल पटेल के विद्युत बिल संबंधित शिकायत को विद्युत विभाग को प्रेषित कर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# कमिश्नर ने आमजनता के आवेदन पत्रों में की सुनवाई



**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आवेदन पत्रों में सुनवाई की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई के आवेदन पत्रों का सात दिवस में निराकरण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। मधुसूदन तिवारी ने खसरे में सुधार तथा रामनिहोर कुशवाहा ने तहसील के आदेश के अमल दरामद कराने के लिए आवेदन दिया। कमिश्नर संबंधित एसडीएम को कार्यवाही के निर्देश दिए। बलराम यादव ने शासकीय भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को रोकने तथा गुरुवर प्रसाद तिवारी सेवानिवृत्त सहायक ग्रेड दो वन विभाग ने पेंशन भुगतान के लिए आवेदन दिया। कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को तत्परता से कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में राजेश श्रीवास्तव, मेघराम चतुर्वेदी, उमेश पाण्डेय, रामनिवास, समयलाल तथा अन्य आवेदकों के आवेदन पत्रों में सुनवाई की गई। जनसुनवाई में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीसीटीवी की निगरानी में होगी सरसों फसल की खरीदी



**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में भावान्तर भुगतान योजना की जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक संप्न्न हुई। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में सरसों उत्पादन किसानों को एक अप्रैल से 30 मई तक फसल विक्री करने पर भावान्तर योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने रीवा, चाकघाट व बैकुण्ठपुर मंडियों में सरसों खरीदी के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मंडी में निर्धारित शेड में सरसों की खरीदी करें तथा अन्य सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित करायें। किसानों को फसल बेंचने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर बताया गया कि जिले में 8900 किसानों ने सरसों फसल विक्रय का पंजीयन कराया है जिसमें से 8200 किसानों का सत्यापन भी हो चुका है। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि सत्यापन को गिरदावारी से मिलान करायें। सरसों फसल की खरीदी सीसीटीवी की निगरानी में होगी तथा किसान को ऑनलाइन भुगतान किया जायेगा तथा शासन द्वारा भावान्तर राशि उसके खाते में ऑनलाइन भेजी जायेगी। भावान्तर का भाव मंडी प्रांगण में इलेक्ट्रानिक बोर्ड में प्रदर्शित होगा। बैठक में एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी, उप संचालक कृषि यूपी बागरी, खाद्य नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर, जिला सूचना अधिकारी मनीष पटेल, कृषि वैज्ञानिक एस.के. पाण्डेय तथा मंडी के अधिकारी उपस्थित रहे।

# लीज नवीनीकरण कराएं, प्रशमन प्रभार व अर्थदण्ड से बचें




**रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा में वेष्ठित पूर्व रीवा सुधार न्यास की आवासीय एवं व्यावसायिक योजना नेहरू नगर, इंदिरा नगर, यातायात नगर, शोरूम कॉम्पलेक्स, तानसेन कॉम्पलेक्स, अम्बेडकर बाजार, कोठी कम्पाउंड, व्यंकट बाजार, गुढ़ चौराहा, हेडगेवार नगर एवं जयप्रकाश नारायण नगर आदि में जिन हितग्राहियों को नवम्बर 1996 तक भूखंड, भवन, दुकान, हॉल, फ्लैट आदि 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, उनका लीज अवधि 30 वर्ष पूर्ण होने के 4 माह पूर्व मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अचल सम्पत्ति का अंतरण नियम 2016 एवं संशोधित नियम 2021 के नियम 17 प्रावधान के अन्तर्गत लीज नवीनीकरण कराया जाना अनिवार्य है। नियम में यह भी प्रावधान है कि यदि लीज नवीनीकरण नहीं कराया गया या लीजडीड अनुबंध के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया, तो आवंटन निरस्त कर लीज समाप्त कर दी जावेगी। हितग्राहियों को लीज नवीनीकरण कराने हेतु समय-समय पर सूचना दी गई है और व्यक्तिगत सूचना भी दी जा रही है। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने अपील की है कि जिन हितग्राहियों ने लीज नवीनीकरण अभी नहीं कराया है, वे तत्काल नगर निगम कार्यालय रीवा में आवेदन प्रस्तुत कर आवश्यक कार्यवाही कराएं और प्रशमन प्रभार, शास्ति, आवंटन निरस्तगी, लीज समाप्ति जैसी अप्रिय कार्यवाही से बचें। साथ ही उक्त योजनाओं के हितग्राही जिन्होने वार्षिक लीजरेन्ट की राशि अभी तक जमा नहीं की है, वह 31 माच तक जमा करायें अन्यथा उनपर ब्याज की अतिरिक्त राशि देय होगी।

# सुदृढ़ अधोसंरचना का विकास अत्यंत आवश्यक : उप मुख्यमंत्री

## विंध्य क्षेत्र में सड़क, फ्लाइओवर एवं पुल-पुलिया निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की



**भोपाल/ रीवा, जागरण।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में विंध्य क्षेत्र में सड़क, फ्लाइओवर एवं पुल-पुलिया निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सुदृढ़ अधोसंरचना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में रीवा फ्लाइओवर, संस्कृत विश्वविद्यालय लक्ष्मणबाग के समीप प्रस्तावित एप्रोच रोड, मऊगंज बायपास तथा मऊगंज-पटेहरा औद्योगिक क्षेत्र को जोड़ने वाली सड़क सहित विभिन्न प्रमुख अधोसंरचना परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, प्रगति, शेष कार्य पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों द्वारा परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिस पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं की सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों में अंतर्विभागीय समन्वय की आवश्यकता है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकृत किया जाए। उन्होंने प्रशासनिक स्तर की स्वीकृतियों, भूमि संबंधी मुद्दों, तकनीकी अड़चनों एवं मैदानी समस्याओं को चिन्हित कर उनके समाधान हेतु त्वरित और यथोचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा, व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

**रोजगार के नए अवसर होंगे सृजित :** उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि क्षेत्र के औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए सुदृढ़ अधोसंरचना का विकास अत्यंत आवश्यक है। बेहतर सड़क संपर्क और परिवहन सुविधाएं निवेश को आकर्षित करने में सहायक होंगी, जिससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के सभी क्षेत्रों में संतुलित एवं समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। अधोसंरचना विकास शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना परियोजनाओं का समयबद्ध पूर्ण होना विंध्य क्षेत्र के दीर्घकालीन विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैठक में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह सहित संबंधित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।


**MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**

**(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)**

**3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)**

**(GST No. 23AAATM9054A3ZX)**

**NOTICE INVITING TENDER No. 373/MTN/2026**

**No./2994/22/D-12/NIT-Maint./2026** **Bhopal, Dated : 24.03.2026**

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

- **SSR Applicable :-** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.
- **Table-1: Name of Work :-** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Agar Malwa | 1 | 24767684.00 |
| 2 | Barwani | 1 | 4264678.00 |
| 3 | Betul | 1 | 7862951.00 |
| 4 | Bhind | 1 | 2087237.00 |
| 5 | Bhopal | 1 | 4494813.00 |
| 6 | Chhatarpur | 1 | 11924546.00 |
| 7 | Chhindwara | 1 | 2190386.00 |
| 8 | Dhar | 1 | 13707437.00 |
| 9 | Dindori | 1 | 29641652.00 |
| 10 | Guna | 1 | 29334383.00 |
| 11 | Gwalior | 1 | 31635136.00 |
| 12 | Indore | 4 | 46388898.00 |
| 13 | Panna | 2 | 28710265.00 |
| 14 | Rajgarh | 1 | 38643119.00 |
| 15 | Ratlam | 1 | 26711048.00 |
| 16 | Sagar | 1 | 23229965.00 |
| 17 | Sehore | 1 | 38905316.00 |
| 18 | Shajapur | 1 | 20834194.00 |
| 19 | Umaria | 2 | 28349505.00 |
| 20 | Vidisha | 2 | 23426664.00 |

- **Table-2 : Name of Work :-** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Ten Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Agar Malwa | 3 | 24963475.00 |
| 2 | Alirajpur | 3 | 27519435.00 |
| 3 | Balaghat | 1 | 23113253.00 |
| 4 | Bhind | 2 | 18030532.00 |
| 5 | Burhanpur | 1 | 1041502.00 |
| 6 | Chhatarpur | 1 | 16186499.00 |
| 7 | Chhindwara | 1 | 33431079.00 |
| 8 | Damoh | 1 | 5493574.00 |
| 9 | Datia | 2 | 18843426.00 |
| 10 | Dewas | 3 | 28429443.00 |
| 11 | Dhar | 6 | 78698178.00 |
| 12 | Dindori | 1 | 55223834.00 |
| 13 | Harda | 1 | 16874977.00 |
| 14 | Indore | 2 | 14632087.00 |
| 15 | Jabalpur | 1 | 6583975.00 |
| 16 | Jhabua | 2 | 15657184.00 |
| 17 | Khandwa | 2 | 19230307.00 |
| 18 | Khargone | 5 | 75334243.00 |
| 19 | Mandsaur | 1 | 11214744.00 |
| 20 | Neemuch | 5 | 84932133.00 |
| 21 | Raisen | 3 | 37425604.00 |
| 22 | Sagar | 2 | 17899229.00 |
| 23 | Sehore | 5 | 62357404.00 |
| 24 | Shajapur | 2 | 16189005.00 |
| 25 | Shivpuri | 1 | 11523400.00 |
| 26 | Sidhi | 1 | 5699386.00 |
| 27 | Vidisha | 3 | 12370855.00 |

- **Table-3 : Name of Work :-** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Fifteen Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Agar Malwa | 1 | 5375489.00 |
| 2 | Alirajpur | 4 | 79622537.00 |
| 3 | Balaghat | 1 | 11427305.00 |
| 4 | Barwani | 2 | 25419098.00 |
| 5 | Betul | 4 | 94874665.00 |
| 6 | Bhind | 2 | 24818399.00 |
| 7 | Bhopal | 2 | 10749797.00 |
| 8 | Dewas | 2 | 18771114.00 |
| 9 | Dhar | 3 | 59363650.00 |
| 10 | Dindori | 1 | 19376150.00 |
| 11 | Guna | 1 | 22256513.00 |
| 12 | Jhabua | 2 | 49540359.00 |
| 13 | Khandwa | 2 | 16997630.00 |
| 14 | Khargone | 1 | 4936330.00 |
| 15 | Mandsaur | 2 | 55814419.00 |
| 16 | Narmadapuram | 1 | 3202156.00 |
| 17 | Neemuch | 2 | 34984056.00 |
| 18 | Pandhurna | 1 | 7047644.00 |
| 19 | Rajgarh | 2 | 59525936.00 |
| 20 | Sagar | 2 | 24705603.00 |
| 21 | Satna | 1 | 69738359.00 |
| 22 | Sehore | 7 | 97444217.00 |
| 23 | Shajapur | 2 | 30611393.00 |
| 24 | Shivpuri | 1 | 8639902.00 |
| 25 | Singrauli | 1 | 48580046.00 |
| 26 | Umaria | 1 | 9226180.00 |
| 27 | Vidisha | 1 | 7429620.00 |

- **Table-4 : Name of Work :-** Repair/Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year-MD)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Balaghat | 2 | 53195710.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **01.04.2026 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission is **21.04.2026 (17:00 hrs.).**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

M.P. Madhyma/125040/2026

'मेरी सड़क' ऐप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

# सड़क सुरक्षा व अतिक्रमण हटाने को लेकर कलेक्टर सख्त, विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

**मऊगंज जागरण।** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिले के पटेहरा, खटखरी एवं बड़इया मोड़ क्षेत्र का निरीक्षण कर सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को स्पीड ब्रोकर, साइन बोर्ड एवं रोड मार्किंग कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए, जिससे आमजन को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। कलेक्टर ने सर्विस रोड पर किए गए अतिक्रमणों को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे अवैध कब्जे न केवल यातायात को बाधित करते हैं, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ाते हैं, इसलिए इन पर सख्ती से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



खटखरी प्रवास के दौरान कलेक्टर ने शासकीय कन्या हाई स्कूल के पुराने और जर्जर हो चुके भवन का निरीक्षण किया। सुरक्षा की दृष्टि से इस भवन को अनुपयोगी पाये जाने पर उन्होंने इसे तत्काल प्रभाव से डिमोलाइश करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके और नई संरचनाओं हेतु स्थान रिक्त हो। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने हनुमना नगर परिषद क्षेत्र में बनने वाले अंतरराष्ट्रीय बस स्टैंड की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रस्तावित भूमि पर अतिक्रमण के कारण कार्य प्रभावित होने पर राजस्व और पुलिस प्रशासन को समन्वय बनाकर अविलंब अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए ताकि बस स्टैंड का निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण हो सके।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की मंशानुसार विकास कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, एसडीएम हनुमना रश्मि चतुर्वेदी ,हनुमना नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता,मप्र सड़क विकास निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सिरमौर के नेहरू पार्क को नष्ट किया जा रहा : कविता

**सिरमौर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू पार्क सिरमौर में कांग्रेस पार्टी की महासचिव कविता पांडे के साथ कांग्रेस नगर अध्यक्ष बृजेश पांडे मंडल अध्यक्ष विष्णु शुक्ला सहित बड़ी तादाद में पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता पहुंचे। वीरेंद्र प्रसाद मिश्र ने बताया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू जब प्रधानमंत्री थे तो इसी स्थान में आये थे और साथ में अपनी छोटी बेटी इंदिरा गांधी को भी लेकर आए थे और भाषण दिए थे। कविता पांडेय ने कहा कि सिरमौर के नेहरू पार्क को नष्ट कर दिया गया है, सरकारें आती हैं जाती हैं लेकिन पूर्वजों के निशाने को कभी नहीं मिटाना चाहिए। श्रीमती पांडेय ने भाजपा सांसद व विधायक की निंदा करते कहा की सिरमौर के इस पार्क को नष्ट किया गया। उन्होंने अपने पार्टी के नगर अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष को संकेत करते हुए



कहा कि नगर परिषद सीएमओ एवं नगर अध्यक्ष से चर्चा कर आवेदन दें की पार्क में बने नेहरू जी के चबूतरा को नष्ट न करें, यदि कोई कार्रवाई नहीं करते हैं खुद कलेक्टर एवं कमिश्नर से जाकर मिलूंगी। श्रीमती पांडेय के साथ वरिष्ठ नेता चरण सिंह, नगर अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष विष्णु शुक्ला व्यास पांडेय पार्षद अनिल सोनी गया मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

# जनगणना संबंधी प्रशिक्षण संपन्न

**मऊगंज जागरण।** शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना की तैयारी के क्रम में तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण का प्रारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण दिनांक 24 मार्च से 26 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। मऊगंज जिले के लिए नियुक्त फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत प्रगणको एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण का शुभारंभ अपर कलेक्टर श्री प्रमोद कुमार पाडेण्य एवं जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल के जिला प्रभारी श्री मोहित साहू द्वारा किया गया। इस दौरान 23 फील्ड ट्रेनर्स को मास्टर ट्रेनर्स डॉ विवेक कुमार पटेल एवं वृजकांत साकेत द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

# जेसीबी की चपेट में आने से महिला गंभीर घायल, रीवा रेफर

## हनुमना जनपद अंतर्गत हटवा निर्भयनाथ का है मामला

**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के हनुमना जनपद अंतर्गत हटवा निर्भयनाथ में जेसीबी ड्राइवर पर लापरवाही के आरोप लगे हैं, ड्राइवर की लापरवाही से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। संवाददाता को घायल महिला के परिजनों ने बताया कि डीबीएल कंपनी सुबह तकरीबन 10:30 बजे जेसीबी मशीन से सड़क पर खुदाई का काम कर रही थी, इस दौरान एक मां अपने बच्चों को स्कूल ले जा रही थी तभी डीबीएल कंपनी के जेसीबी ड्राइवर की घोर लापरवाही सामने आई जिसमे उक्त महिला गम्भीर रूप से चोटिल हो गई। परिजनों के मुताबिक जेसीबी के बकेट के नीचे महिला दब गई जिससे कमर टूट गई और गम्भीर रूप से घायल होने पर डॉक्टरों ने रीवा रेफर कर दिया है। वहीं उनके साथ में एक बच्ची भी थी जिसकी जान बाल बाल बच गई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन महिला को लेकर तत्काल हॉस्पिटल के लिए रवाना हुए। घायल महिला के परिजनों ने संवाददाता को बताया कि डीबीएल कंपनी के द्वारा मनमानी एवं खतरनाक तरीके से सड़क मार्ग को इस तरह से खोद कर क्षतिग्रस्त किया जा रहा है कि ना कोई देखने वाला न ही किसी नियमों का पालन कराने वाले अधिकारी दिख रहे हैं, ठेकेदारों के द्वारा ऐसे गड्ढे कर दिए जाते हैं कि आवागमन पूर्ण रूप से बाधित हो रहा है और जिससे कुछ न कुछ घटनाएं आए दिन हो हो रही है। ग्रामीणों ने जेसीबी ड्राइवर सहित डीबीएल कंपनी पर मामला दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है।



# कलेक्टर ने 38 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**मऊगंज।** कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने 38 आवेदकों की समस्यायें सुनी। उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर समाधानकारक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। बृजभान पटेल निवासी बंधवा कोठार के पट्टे की भूमि में गलत नाम दर्ज होने के आवेदन पर एसडीएम मऊगंज को, बृजवासी प्रसाद तिवारी निवासी जोरौट के नक्शा तरमीम किये जाने के आवेदन पर तहसीलदार नईगढ़ी को तथा रामकरण पटेल निवासी पाड़र के राजीनामे के उल्लंघन, गलत नक्शा तरमीम के आवेदन पर तहसीलदार मऊगंज को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार मऊगंज नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 8 के रहवासियों ने हाई वोल्टेज विद्युत लाइन को आवासीय क्षेत्र से बाहर किये जाने का आवेदन किया। कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये। प्रदीप चतुर्वेदी सुंदरपुर्वा के निजी भूमि से अवैध कब्जा एवं निर्माण रोकने के आवेदन पर तहसीलदार मऊगंज को, शकुंतला सेन निवासी सोनवर्षा के बेदखली का आदेश पालन कराने के आवेदन पर नायब तहसीलदार को तथा दिनेश शुक्ला के नगर परिषद मऊगंज में अधूरी नाली निर्माण को पूर्ण कराने के आवेदन को सीएमओ मऊगंज को कार्यवाही के लिए प्रेषित किया गया। कलेक्टर ने रोशनी शुक्ला के आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर मैरिट सूची में उसके नाम न होने के आवेदन पर कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास को परीक्षण करने के निर्देश दिये।

# घरेलू गैस सिलेंडर के कनेक्शन लेकर 300 सिलेंडरों का किया जा रहा भंडारण : सुनील शुक्ला

## हनुमना, गौरी, शाहपुर, कैलाशपुर, खटखरी में हो रही गैस सिलेंडर की जमकर कालाबाजारी

**हनुमना, नि.प्र.।** हनुमना भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर शासन और प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा है कि आज जिले के साथ-साथ प्रदेश तक में सिलेंडर की मारामारी एवं हाहाकार मचा हुआ है। जिस पर जिला दंडा अधिकारी द्वारा गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पूर्ण रूपेण प्रतिबंध एवं दंडात्मक कार्यवाही किए जाने का आदेश दिया गया है लेकिन मां शारदा इंडियन गैस हनुमना, गैस संचालक गौरी, शाहपुर, कैलाशपुर ,खटखरी के नगर में सूत्रों से मिली




जानकारी के अनुसार कुछ लोगों पर आरोप हैं कि जिनके सिलेंडर के लिए तीन कागज हैं उनके आवासीय मकानों एवं दुकानों में घरेलू गैस सिलेंडर 300तक की संख्या में रखा हुआ है और यह भी कहा जा रहा है कि इस कालाबाजारी कर 950 का सिलेंडर 3000 रु में बिक्री किया जा रहा है। श्री शुक्ला ने आगे कहा कि आखिर यह गैस सिलेंडर किस गैस एजेंसी से इनके पास आ रहा है। गैस सिलेंडर की घोर कमी के बीच घरों में 300 सिलेंडर कैसे और कहां से पहुंच रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए आगे कहा कि यह कालाबाजारी आज से नहीं कई वर्षों से हनुमना नगर के साथ-साथ ग्रामीण स्थानों में भी हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि यह किस अधिकारी के संरक्षण में यह गोरख धंधा चलाया जा रहा है कि जिला के अधिकारी की आदेश की अवहेलना भी की जा रही है। नगर हनुमना, खटखरी, गौरी, कैलाशपुर, प्रतापगंज, मऊगंज अंतर्गत कई ऐसी दुकान हैं जहां असुरक्षित एवं अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेंडर अपने-अपने आवासीय घर दुकान मकान में रखे हुए हैं जो कभी भी बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकते हैं।

## उपभोक्ताओं ने सुनायी अपनी व्यथा

संवाददाता को उपभोक्ताओं ने बताया कि सुबह 8:00 बजे से मां शारदा गैस एजेंसी हनुमना में लाइन लगाए हुए हैं, रोज कामना और रोज खाने का दिहाड़ी का कार्य है किंतु शाम होते-होते यह कहा गया कि सिलेंडर अब नहीं है रु 1600 अगर आपके पास है तो व्यवस्था हम कर देंगे रु 950 लेकर गए थे। खाली हाथ लौट आए! भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील शुक्ला एवं समाजसेवी इंद्रमणि द्विवेदी (मुन्ना ) ने मऊगंज कलेक्टर से मांग की है कि गैस एजेंसी संचालकों की कालाबाजारी की जांच कर कठारे कार्यवाही की जाए जिससे जनता को गैस सिलेंडर आवश्यकतानुषार मिल सके।

# गौ संरक्षण की प्रेरणा देने घर-घर पहुंचा रहे गोबर से निर्मित रामलला की मूर्ति




**डभौरा नि.प्र.।** रीवा जिले के नगर परिषद डभौरा में नवरात्रि के शुभ अवसर पर नगर में संचालित गौशाला में तैयार की जा रही भगवान श्री रामलला की प्रतिमा आम नागरिकों को घर घर भेंटकर गौ संरक्षण का कार्य किया जा रहा। विदित हो कि श्री गौ दर्शन लोक कल्याण शोध संस्थान चौर रामबाग द्वारा विगत कई वर्षो से गौ संरक्षण के लिए सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में डभौरा नगर नगर परिषद डभौरा की अध्यक्ष माया गुप्ता पार्षद रावेंद्र राय दीक्षित, विधायक प्रतिनिधि संजय गुप्ता, संदीप सिंह, संतोष भुजवा को संस्था संचालक जयप्रकाश साहू एवं संस्था प्रबंधक विनीत चतुर्वेदी, विनय शुक्ला ने गौमय श्री रामचंद्र जी की प्रतिमा भेंटकर हर घर गौमय घर अभियान के मध्यम से गौ संरक्षण का संकल्प दिलाया साथ ही गौशाला में महीने में एक बार आने का आग्रह किया गया। संस्थान के संचालक जयप्रकश साहू ने कहा कि हमारे जीवन में गौमाता और गौवंशों का महत्व स्वास्थ्य भूमि संरक्षण पर्यावरण संरक्षण के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। गौमाता एवं गौवंशो के पालना संरक्षण के लिए सतत् अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही आम जनमानस नगर परिषद डभौरा की गौशाला में होने वाले कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने के लिए प्राकृतिक खाद निर्माण एवं प्रशिक्षण जन जन तक पहुंचाने का प्रयास संस्थान द्वारा किया जा रहा है।

# बाजार बैठकी आय गबन करने के लगे आरोप, वसूली की मांग

**गढ़, नि.प्र.।** रीवा जिले की ग्राम पंचायत गढ़ में विकास कार्यों के नाम पर भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। स्थानीय ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों ने कलेक्टर रीवा के नाम एक शिकायती आवेदन सौंपकर पंचायत में हुए कार्यों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। शिकायती पत्र में भ्रष्टाचार के गंभीर बिंदु उठाए गए हैं जिनमें बाजार बैठकी राशि का गबन का आरोप है कि वर्ष 2023 से बाजार बैठकी से होने वाली आय (अनुमानित 1.50 लाख से 2 लाख रुपये) पंचायत के खाते में जमा नहीं की गई। ग्राम सभा प्रस्ताव के बावजूद इस राशि की जानकारी छिपाई गई। पंचायत खाते से स्ट्रीट लाइट के नाम पर महीनों से पैसे निकाले जा रहे हैं, लेकिन धरातल पर कार्य न होने से पूरे ग्राम में अंधेरा छाया रहता है। नाली निर्माण का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। विशेष रूप से आदिवासी बस्ती से बायपास की ओर स्वीकृत नाली के लिए लगभग 1.50 लाख रुपये 6 महीने पहले ही निकाल लिए गए, परंतु कार्य आज भी लंबित है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सरपंच द्वारा अपने करीबियों के खातों में मनरेगा के तहत फर्जी मजदूरी की राशि डाली जा रही है। सार्वजनिक कुओं और पुरानी बावड़ियों के अतिरिक्त कार्य और मरम्मत के नाम पर राशि का आहरण किया गया है, जबकि मौके पर कोई नया काम नहीं हुआ है। प्रशासन से कई बार मामले की शिकायत ग्रामीणों द्वारा की गई है लेकिन इस पर कोई कार्यवाही अभी तक नहीं की जा सकी है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं हुई और गबन की गई राशि की वसूली नहीं की गई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# श्री रामजानकी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं क्षत्रिय महासभा का आयोजन 26 को



**आंचलिक, डेस्क।** श्री रामजानकी मंदिर के प्राण प्रतीष्ठा के शुभ महोत्सव में ग्राम डगरदुआ में सोमवंशी परिवार द्वारा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व भव्य भण्डारे का आयोजन 26 मार्च को किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए पुष्पेन्द्र सिंह एवं कुलदीप सिंह सोमवंशी एडवोकेट ने बताया कि दिनांक 23 मार्च को शोभा यात्रा एवं वेदी पूजा तथा 24 मार्च को जल अधिवास और हवन का कार्य किया गया, 25 मार्च को अन्न अधिवास और हवन और 26 मार्च को भगवान श्री राम जानकी का प्रकट्य पूजन के साथ विशाल भण्डार सम्पन्न होगा। भण्डार के अवसर पर राजा साहब दिनेश प्रताप सिंह सोमवंशी सवायजपुर जिला हरदोई उत्तर प्रदेश, कुंवर लोकेन्द्र प्रताप सिंह सोमवंशी मोहम्मदी विधायक लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश, कुंवर मादवेन्द प्रताप सिंह सोमवंशी विधायक सवायजपुर जिला हरदोई उत्तर प्रदेश, महाराजा अनिल प्रताप सिंह प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश, नागेन्द्र सिंह विधायक गुढ़, युवराज दिव्यराज सिंह जूदेव विधायक सिरमौर, विग्रेडियर के.पी.सिंह हाटी सतना, विनोद जी यक्षवत देहरादून, कुसुम यक्षवत देहरादून, त्रिभुवन प्रसाद सिंह, आनन्दलाल शेखानी उद्योगपति सूरत एवं निधी शेखानी उद्योगपति सूरज के साथ बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज सहित सभी समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित होंगे। प्रसाद वितरण का कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से प्रारम्भ होगा।

# कृष्ण बाललीला का श्रवण कर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

## शारदा धाम दुआरी में भागवत कथा का पांचवां दिन

**मनिकवार, नि.प्र.।** दुआरी स्थित पावन मां शारदा धाम में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पांचवें दिन भक्ति और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला। कथा व्यास मानस मराल हरिशंकर मिश्रा शास्त्री वेदाचार्य ने कृष्ण बाललीला का ऐसा सजीव और भावपूर्ण वर्णन किया कि पूरा पंडाल भक्तिरस में डूब गया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का बाल रूप संसार का सबसे मनमोहक और आकर्षक स्वरूप है, जिस पर संपूर्ण जगत मोहित हो जाता है। कथा व्यास ने बाल कृष्ण की नटखट लीलाओं, माखन चोरी और ग्वाल-बालों के साथ उनके प्रेमपूर्ण संबंधों का ऐसा चित्रण किया कि श्रद्धालु भाव-विभोर होकर जयकारों से गूंज उठे। कथा के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया और हर ओर राधे-राधे व जय श्रीकृष्ण के जयघोष गूंजते रहे। कथा के मुख्य यजमान रहीश अग्निहोत्री अपनी धर्मपत्नी प्रमिला अग्निहोत्री के



साथ विधिवत रूप से उपस्थित रहे, वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस पावन अवसर पर प्रमुख रूप से विनोद कुमार पांडे, रामप्रसाद दुबे, जवाहर सिंह, कुंवर बहादुर सिंह, सुरेश तिवारी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं माला जाप में ओमप्रकाश अग्निहोत्री एवं अशोक कुमार तिवारी ने भक्ति में लीन होकर वातावरण को और अधिक आध्यात्मिक बना दिया। इस दिव्य कथा के प्रभाव से उपस्थित श्रद्धालुओं के हृदय में भक्ति, प्रेम और श्रद्धा का संचार हुआ, जिससे पूरा शारदा धाम आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित हो उठा। इस विशेष अवसर पर गुढ़ के विधायक नागेंद्र सिंह की भी उपस्थिति रहेगी।

## न्यूज कार्नर

### मनगवॉ के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सीएम मिश्रा को पुत्रशोक



**आंचलिक डेस्क।** मनगवॉ के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सीएम मिश्रा के पुत्र डॉ. विनीत मिश्रा (बिनूं) 39 वर्ष का 24 मार्च मंगलवार को सुबह आकस्मिक निधन हो गया। बताया जा रहा है कि वे पिछले कुछ समय से लिवर संबंधी बीमारी से पीड़ित थे। इस बीच हाइपरटेंशन से ब्रेन हेम्ब्रेज हो गया । उनके निधन की खबर मिलते ही मनगवॉ सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। स्वर्गीय डॉ. विनीत मिश्रा अपने पीछे चार वर्ष का एक पुत्र छोड़ गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार ग्राम कुशहा सगरा के पास किया गया है।डॉ. विनीत मिश्रा के निधन पर नगर के जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. ददन प्रसाद गुप्ता, मन्नूलाल गुप्ता, बीएमओ डॉ. देवव्रत पाण्डेय, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रमोद उर्मलिया, नागरिक मंच संयोजक रामेश्वर गुप्ता, पार्षद कपूरचंद्र सोनी, सुशील गुप्ता, राजेन्द्र जोगी, राजेन्द्र दुबे, के.एल. गुप्ता, रामनारायण मिश्रा, लल्लू काका, राजीव गुप्ता, संजीव गुप्ता, एस.पी. तोमर, मेवालाल गुप्ता, प्रभात गुप्ता, शनि देवेन्द्र सिंह दादू सिंह कामता सिंह डॉ आर के शर्मा डॉ उग्रसेन पटेल कैलाश मिश्रा सुभाष मिश्रा एंड संतोष तिवारी शरद चन्द्र तिवारी गोपाल जी छत्रपाल तिवारी पत्रकार विजय मनीष जैन गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल हैं। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की है।

### इषिता गुप्ता नवोदय विद्यालय में चयनित



**मनगवां नि.प्र.।** शासकीय माध्यमिक पाठशाला गोंदरी मनगवां की छात्रा इषिता गुप्ता पिता पुरुषोत्तम गुप्ता निवासी मनगवां ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है । कक्षा पांचवी की यह छात्रा जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में कक्षा 6 में प्रवेश करेगी। उनकी उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शंकर प्रसाद कॉल, वरिष्ठ शिक्षक आलोक मिश्रा, अभिषेक दुबे, अशोक गुप्ता, (उमरी वाले) पुरुषोत्तम गुप्ता, दीपिका गुप्ता, डॉक्टर अनिल गुप्ता, डॉक्टर बिन्नी गुप्ता, आशीष गुप्ता समेत कई अन्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### रोजगार मेला आज शासकीय महाविद्यालय देवतालाब में

**मऊगंज जागरण।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत कलेक्टर संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय देवतालाब में 25 मार्च को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 12 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है।

# भगत सिंह का क्रांतिकारी चिंतन आज भी साम्राज्यवाद के प्रतिरोध की प्रेरणा



## शहादत दिवस पर ग्राम गढ़वा में साम्राज्यवाद विरोधी दिवस का हुआ आयोजन

**मनिकवार, नि.प्र.।** शहादत दिवस के अवसर पर भगत सिंह पैनल द्वारा साम्राज्यवाद विरोधी दिवस ग्राम पंचायत गढ़वा, जनपद पंचायत रीवा, विधानसभा गुढ़ के अंतर्गत 23 मार्च को मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान भगत सिंह की शहादत को लाल सलाम, इंकलाब जिंदाबाद, साम्राज्यवाद मुर्दाबाद और पूंजीवाद मुर्दाबाद के गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कामरेड लालमणि त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य, ने अपने संबोधन में कहा कि महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह की शहादत का उद्देश्य केवल भारत की आजादी तक सीमित नहीं था, बल्कि वे देश की जनता को साम्राज्यवाद और पूंजीवाद के शोषण तंत्र से मुक्त कराना चाहते थे। उन्होंने कहा कि साम्राज्यवाद का प्रतिरोध करना ही भगत सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम के आयोजक ज्ञानेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में भगत सिंह के क्रांतिकारी विचारों की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी पर झूल गए और उनका बलिदान आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है।

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में भगत सिंह पैनल के अध्यक्ष राजेंद्र साकेत सहित रामप्रसाद गुप्ता, रामसुशील द्विवेदी, बाबूलाल शुक्ला, गयाप्रसाद चतुर्वेदी, राजकुमार चतुर्वेदी, अयोध्या पटेल, दिनेश पटेल, कमलभान सिंह, सुरेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, राजबहादुर सिंह, अजय सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, राजबहोर पटेल, रबी पटेल, लाला पटेल, राजकुमार साकेत, लाला कुशवाहा, कल्लू साकेत, लालमन यादव, भारत सिंह, मुन्ना शुक्ला, रामदरश शुक्ला, यज्ञनारायण मिश्रा आदि वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का समापन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किया गया।

# बैंकिंग योजनाओं का लाभ लेने ग्रामीणों को किया प्रेरित

**गढ़, नि.प्र.।** वित्तीय साक्षरता सामुदायिक प्रशिक्षण शिविर आंगनवाड़ी केंद्र गहिरी ग्राम पंचायत पैकन गांव में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता पूर्व जनपद सदस्य दिनेश पटेल ने किया। उपस्थित कर्मचारियों व अमितग्राहियों को सरकार द्वारा संचालित बैंकिंग योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। यहां एजुकेशन लोन के बारे में विस्तार से बताया गया कि जिन छात्र एवं छात्राओं का कक्षा 12 में 85 प्रतिशत से ऊपर रिजल्ट है और उनके माता-पिता के पास कोई शासकीय नौकरी और जमीन न के बराबर है, ऐसे बच्चों एवं बच्चियों को रु 450000 बिना गारंटी के एजुकेशन लोन बैंक से दिए जाएंगे। इस पैसे का उपयोग पढ़ाई में ही करें और आत्मनिर्भर होने पर धीरे-धीरे करके बैंक का पैसा अदा करें।




# त्योंथर तहसील की व्यवस्था सुधारने 12 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

**त्योंथर ब्यूरो।** रीवा जिले की त्योथर तहसील को सुचारू रूप से संचालित करने वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक तिवारी चन्देला के द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर जिला अध्यक्ष रीवा के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व त्योंथर पीएस त्रिपाठी को एक प्रार्थना पत्र सौंपा गया, जिसमें 12 सूत्रीय मांग पत्र के माध्यम से तहसील न्यायालय त्योथर में विचाराधीन सभी प्रकरणों को पूर्व रीडरों से लेकर वर्तमान रीडरों को दिलाया जाय, इसी तरह निर्णित प्रकरणों को वर्तमान रीडरो को दिलाया जाय पटवारी प्रतिवेदन न आने के कारण जो प्रकरण लम्बित है, उनमें पटवारी प्रतिवेदन मंगाया जाय। प्रतिवेदन देने में हीलाहवाली या न देने वाले पटवारियों पर उचित कार्यवाही की जाय। पेंडिंग प्रकरण निकाल कर तारीख पेशियां नियत की जाय। हर सर्किल में कॉजलिस्ट संधारित की जाय,आदेश पारित प्रकरणों की इत्तिला दर्ज कराई जाय व पटवारी द्वारा खसरे की की नक़ल प्रकरण में लगाया जाय, प्रकरण में पारित आदेश को दिनांक को ही सम्बन्धित अधिवक्ता को निर्णय से



सूचित कराया जाय, तहसील न्यायालय में पुराने खसरा सुधार का प्रकरण पेंडिंग हैं उन्हें अनुविभागीय अधिकारी त्योंथर के न्यायालय में भेजा जाय, जनरल तारीख बढ़ाये जाने वाले प्रकरणों को कॉजलिस्ट चढ़ाया जाय। सीमांकन के प्रकरण जो वर्षों से लम्बित हैं, उनका नाप कराया जाकर निराकरण किया जाय, नया तहसील भवन जो बनकर तैयार है शीघ्र प्रारम्भ कराया जाय, कनिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाय, प्रत्येक न्यायालय में अधिवक्ताओं को बैठने की व्यवस्था की जाय, आदि मांग पत्र सौपा गया और यह भी कहा गया कि यदि उपरोक्त मांगों पर 11 दिवस के अन्दर अमल में नहीं लाया गया व उचित कार्यवाही नहीं की गई तो तहसील भवन के सामने भवदीय आमरण अनशन पर बैठ जाएगा, जिसकी समस्त जबाबदेही शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व त्योथर के कार्यालय में सौपा गया जिसमें अन्य अधिवक्ता भी मौजूद रहे।

# आईपीएल-19: तीन बार की चैंपियन केकेआर को चौथे खिताब की तलाश, गुजरात दूसरी बार चैंपियन बनने को बेताब

## केकेआर के पास बल्लेबाजी में भरमार लेकिन गेंदबाजी में विकल्पों की कमी

**जेएनएन, कोलकाता**

तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) इस सीजन में चौथे ताज की दौड़ में है। 2012, 2014 और 2024 की चैंपियन टीम 2025 में बुरी तरह फ्लॉप रही। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 390 रन (औसत 35.45, स्ट्राइक रेट 147.72) बनाए, जबकि वरुण चक्रवर्ती और वैभव अरोड़ा ने 17-17 विकेट लिए। 2026 के मिनी ऑक्शन में केकेआर ने रणनीतिक रिटेंशन और खरीदारी की। रहाणे, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, सुनील नरेन, वरुण, हर्षित राणा और वैभव अरोड़ा को रिटेन रखा। सबसे बड़ी खरीद ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन (25.20 करोड़) रही, जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में बैलेंस लाएंगे। ईडन गार्डन्स पर घरेलू लाभ और स्पिन-तेज गेंदबाजी का मजबूत कॉम्बिनेशन केकेआर को प्लेऑफ उम्मीदवार बनाता है। इस सीजन में टीम अपना पहला मैच 29 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलेगी।

### कोलकाता नाइट राइडर्स

**बल्लेबाज** अजिंक्य रहाणे कप्तान, सार्थक रंजन, फिन ऐलन, राहुल त्रिपाठी, तेजस्वी दहिया, मनीष पांडे, रोवमन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, टिम साइफर्ट

**ऑलराउंडर** अनुकूल रॉय, कैमरन ग्रीन, दक्ष कामरा, सुनील नारायण, रचिन रविंद्र

**गेंदबाज** प्रशांत सोलंकी, उमरान मलिक, वरुण चक्रवर्ती, कार्तिक त्यागी, सौरभ दुबे, मतीशा पथिराना, ब्लेसिंग मुजराबानी, वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा, आकाशदीप।

**2025 में प्रदर्शन:** केकेआर पिछले साल 10 टीमों में आठवें स्थान पर रही थी। वे अपने 12 मैचों में से सात हारे थे।



### रिंकू सिंह केकेआर के उप-कप्तान

केकेआर ने रिंकू सिंह को टीम का उपकप्तान नियुक्त किया। रिंकू कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ टीम की जिम्मेदारियां निभाएंगे, जिन्हें आईपीएल 2025 के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद कप्तान बनाए रखा गया है। केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने टीम के 'नाइट्स अनप्लग्ड 3.0' कार्यक्रम के दौरान इसकी घोषणा की।

### 2026 में टीम में क्या नया

■ ब्लेसिंग मुजराबानी की देर से एंट्री ने उनकी तेज गेंदबाजी की कुछ कमियों को ढकने में मदद की है, जो चोटों और बीसीसीआई-बीसीबी के हालिया तनाव के कारण कमजोर हुई थी। हालांकि उनके पास इस सीजन की सबसे अनुभवहीन तेज गेंदबाजी आक्रमण है। टीम इस कमी को पूरा करने के लिए कई भारतीय तेज गेंदबाजों को ट्रायल में देख रही है और जल्द ही कोई घोषणा हो सकती है। केकेआर में टीम के अलावा सपोर्ट स्टाफ में भी बड़ा बदलाव हुआ है। अभिषेक नायर अब टीम के मुख्य कोच हैं और शेन वॉटसन, ड्वेन ब्रावो व रसल उनकी सहायता करेंगे।

■ 2014 के बाद पहली बार आंद्रे रसल टीम में नहीं हैं, जिससे स्लॉग ओवर्स में रिंकू सिंह और रमनदीप सिंह पर दबाव बढ़ सकता है। ग्रीन, आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी हैं, तो उन पर भी दबाव होगा ही। उनके छोटे से आईपीएल करियर में यह उनकी तीसरी आईपीएल टीम है। इससे पहले वह 2023 में मुंबई इंडियंस और 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तरफ से खेल चुके हैं।

■ केकेआर के लिए इस बार टिम साइफर्ट और फिन ऐलन ओपनिंग कर सकते हैं, जबकि टीम में एक और कीवी खिलाड़ी रचिन रविंद्र भी हैं। राहुल त्रिपाठी दूसरी बार केकेआर में लौटे हैं। कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ इन सभी शीर्ष क्रम के खिलाड़ियों को एक साथ रखना बहुत बड़ी चुनौती होगी।

### इन पर खिलाड़ियों पर नजरें

दो चीजें अहम हैं: कौन-से विदेशी खिलाड़ी शुरुआत में खेलेंगे और विकेटकीपिंग कौन करेगा। नारायण का खेलना तय है और ग्रीन भी लगभग पक्के हैं, ऐसे में बाकी दो विदेशी स्थानों के लिए साइफर्ट, ऐलन, रविंद्र, मुजराबानी, रोवमन पॉवेल और मतीशा पतिराना के बीच चयन करना होगा। ये फैसले आसान नहीं होंगे क्योंकि हर चयन टीम के संतुलन को प्रभावित करेगा। इसके अलावा यह भी देखना होगा कि विकेटकीपिंग साइफर्ट करेंगे या ऐलन या फिर अंगकृष रघुवंशी। अगर रघुवंशी कीपिंग करते हैं, तो केकेआर को टीम कॉम्बिनेशन में काफी लचीलापन मिल जाएगा।

## बड़े नामों और मध्य क्रम से गुजरात टाइटंस को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**अहमदाबाद, जेएनएन।** 2022 में चैंपियन बनने के बाद गुजरात टाइटंस पिछले दो सीजन में ट्रॉफी से दूर रही। 2025 में गुजरात ने 14 मैचों में 8 जीत, 5 हार और 1 नो-रिजल्ट के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। कप्तान शुभमन गिल ने 14 मैचों में 628 रन बनाए (औसत 48.30, स्ट्राइक रेट 142.85), जबकि साई सुदर्शन ने 512 रन और राशिद खान ने 21 विकेट (औसत 18.50) झटके। 2026 के मिनी ऑक्शन में गुजरात ने रणनीतिक रिटेंशन किया। गिल, राशिद, सुदर्शन, राहुल तेवतिया, शाहरुख खान और मोहित शर्मा को रिटेन रखा गया। 2025 की हार से सबक लेकर गिल की आक्रामक रणनीति अब ट्रॉफी पर नजर है। गुजरात टाइटंस अपने पहले मुकाबले में 31 मार्च को पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

### गुजरात टाइटंस

**बल्लेबाज:** शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, कुशाग्र, जोस बटलर, टॉम बैंटन, शाहरुख खान, साई सुदर्शन

**ऑलराउंडर:** राहुल तेवतिया, ग्लेन फिलिप्स, राशिद खान, निशांत सिंधु, मानव सुथार, वॉशिंगटन सुंदर, जेसन होल्डर

**गेंदबाज:** अरशद खान, अशोक शर्मा, इशांत शर्मा, जयंत यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, पृथ्वी राज, गुरनूर बरार, कगिसो रबाडा, ल्यूक वुड, साई किशोर, मोहम्मद सिराज।



### इन खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें

गुजरात की बल्लेबाजी में चिंता के पहलू हैं, जो कि उनकी ताकत भी है। उनके कप्तान शुभमन गिल भारतीय टी-20 दल से बाहर हो चुके हैं, जबकि बटलर ने 2026 में टी-20 में 20.4 की औसत और 135.39 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। इसमें टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन भी शामिल है, जहां उनका सर्वोच्च स्कोर 26 का था और आठ में से पांच मुकाबले में वह दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच पाए। लेकिन अपने शीर्ष क्रम के साथी सुदर्शन के साथ ही दोनों बल्लेबाजों का आईपीएल रिकॉर्ड भी काफी मजबूत है। पिछले साल ऐसा पहली बार हुआ था जब किसी टीम के शीर्ष क्रम में तीन अलग-अलग बल्लेबाजों-गिल, सुदर्शन और बटलर ने एक आईपीएल सीजन में 500 या उससे अधिक रन बनाए।

**2025 में प्रदर्शन:** गुजरात टाइटंस ने पिछले सीजन लीग स्टेज में नौ मुकाबले जीते थे और उन्होंने अंक तालिका में तीसरे स्थान पर रहते हुए लीग स्टेज समाप्त किया था। हालांकि एलिमिनेटर में उन्हें मुंबई इंडियंस के हाथों हार झेलनी पड़ी थी।

### 2026 में टीम में क्या नया

2026 के लिए गुजरात की सर्वश्रेष्ठ 11 पिछले सीजन जैसी ही प्रतीत हो रही है, लेकिन उनके मध्य क्रम में बड़ा बदलाव हो सकता है। शरफेन रदरफोर्ड जा चुके हैं और उनकी जगह पर टॉम बैंटन को दल में शामिल किया है। बैंटन नंबर चार पर टी-20 विश्व कप से पहले फॉर्म में थे और उन्होंने इस स्थान पर बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड के खिलाफ अर्धशतक भी लगाया। इस भूमिका के लिए उनकी लड़ाई ग्लेन फिलिप्स के साथ होगी, जो कि पिछले सीजन चोट के चलते बिना कोई मुकाबले खेले बाहर हो गए थे।

■ फिलिप्स संभवतः गुजरात के लिए प्राथमिक विकल्प होंगे, क्योंकि वह ऑफ स्पिन भी करते हैं और फील्डिंग में उनकी चुस्ती से हर कोई परिचित ही है। फिलिप्स ने हालिया समय में बल्ले के साथ भी अपने प्रदर्शन में सुधार किया है। 2025 से लेकर अब तक उन्होंने 41 की औसत और 148.66 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। इससे पहले टी-20 में उनके आंकड़े क्रमशः 31.56 और 140.49 थे।

■ दो अन्य विदेशी खिलाड़ियों के स्लॉट के लिए जोश बटलर और राशिद खान प्रबल दावेदार हैं। तो इसलिए होल्डर को प्लेइंग-11 में फिट करने के लिए गुजरात को कगिसो रबाडा को बाहर बैठाना पड़ सकता है या मध्य क्रम से बैंटन या फिलिप्स में किसी एक को बाहर बैठाने का फैसला करना पड़ सकता है।

■ गुजरात ने जेसन होल्डर को अपने दल में शामिल करने के लिए सात करोड़ रुपए खर्च किए थे, जिन्होंने 2025 में टी-20 में 97 विकेट हासिल किए थे, जो कि एक कैलेंडर वर्ष में किसी भी गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक है। टी-20 विश्व कप 2026 में होल्डर ने 8.86 की इकॉनमी से 10 विकेट हासिल किए थे। इसके साथ ही उन्होंने 174.07 के स्ट्राइक रेट से 141 रन भी बनाए।

## खेल एक नजर

### इंग्लैंड टीम के कप्तान स्टोक्स और कोच मैकुलम ही रहेंगे

**लंदन, जेएनएन।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने पिछले तीन महीने को अपनी कप्तानी का सबसे कठिन दौर बताया, लेकिन यह भी दोहराया कि वह कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ मिलकर टीम को फिर से तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ईसीबी ने पुष्टि की कि एशेज सीरीज 1-4 से हारने के बावजूद स्टोक्स, मैकुलम और प्रबंध निदेशक रॉब की पद पर बने रहेंगे। स्टोक्स ने अपनी, रॉब और मैकुलम की तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए



एक भावुक खुले पत्र में लिखा- इंग्लैंड का कप्तान बनना एक खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ा सम्मान है और मैं इसे हलके में नहीं लेता। इसके अपने उतार चढ़ाव हैं। यह आपको मुस्कुराने के मौके देता है तो रूलाता भी है। उन्होंने लिखा, कई बार लगता है कि आपके जीवन में बस यही चीज बची है। पिछले तीन महीने कप्तानी के मेरे सफर का सबसे कठिन दौर रहा। इसने कई तरह से मेरी परीक्षा ली और मुझे यकीन है कि हर कप्तान के जीवन में ऐसा दौर आता है। उन्होंने कहा कि वह मैकुलम और की के साथ मिलकर फिर टीम तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि बाज, रॉब और मेरे भीतर टीम को आगे ले जाने की इच्छा और जुनून है। हम अपना सब कुछ झोंक देंगे। हमें पता है कि हमने गलतियां की है लेकिन अब उनसे सबक लेकर आगे बढ़ेंगे। सफलता से ज्यादा आप असफलता से सीखते हैं।

### सैफ अंडर-20 चैंपियनशिप में भारत का सामना पाकिस्तान से

**माले, जेएनएन।** भारत की अंडर-20 पुरुष फुटबॉल टीम सैफ चैम्पियनशिप में भाग लेने पहुंच गई है और पहले मैच में गुरुवार को पाकिस्तान से खेलेगी। इस मैच के बाद ग्रुप-बी में भारतीय टीम का सामना 28 मार्च को बांग्लादेश से होगा। दोनों मैच नेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे। ग्रुप-ए में मालदीव, श्रीलंका, नेपाल और भूटान की टीमें हैं। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी जो एक अप्रैल को होगा। फाइनल तीन अप्रैल को खेला जाएगा। भारत के अंडर 20 मुख्य कोच महेश गवली ने कहा कि यह काफी अहम और प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है। हमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### 17 अप्रैल से पांच मैचों की सीरीज, डरबन, जोहान्सबर्ग और बेनोनी में होंगे मैच

## मप्र की अनुष्का शर्मा पहली बार भारतीय टीम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलेंगी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अनुष्का शर्मा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 17 अप्रैल से शुरू हो रही पांच मैचों की टी-20 क्रिकेट सीरीज के लिए पहली बार भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया है। सीरीज के मैच डरबन, जोहान्सबर्ग और बेनोनी में होंगे। शर्मा को डब्ल्यूपीएल 2026 से पहले गुजरात जाएंट्स ने 45 लाख रुपए में खरीदा था। 22 साल की यह खिलाड़ी पिछले महीने बैंकॉक में राइजिंग स्टार्स एशिया कप में भारत-ए टीम की सदस्य थी। ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रही स्नेह राणा, अमनजोत कौर, जी कमलिनी और वैष्णवी शर्मा को दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम में जगह नहीं मिली है। तेज गेंदबाज काशवी गौतम को हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम में शामिल किया गया है। यह सीरीज जून-जुलाई में ब्रिटेन में होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम है।



**भारतीय टीम**
हरमनप्रीत (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा, दीप्ति शर्मा, रिचा घोष, अरुंधति रेड्डी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, श्रीचरणी, श्रेयांका पाटिल, काशवी गौतम, भारती फुलमाली, उमा छेत्री, अनुष्का शर्मा।

### टी-20 रैंकिंग: मंधाना दूसरे स्थान पर



**दुबई, जेएनएन।** भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने आईसीसी महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय में बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है, जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर नवीनतम रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गईं। मंधाना के अलावा आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा शीर्ष 10 में शामिल दूसरी भारतीय खिलाड़ी है। उन्होंने अपना छठा स्थान बरकरार रखा है, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स संयुक्त 11वें स्थान पर बनी हुई हैं। गेंदबाजी विभाग में स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा एक पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर छठे स्थान पर बनी हुई हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी शीर्ष 10 से बाहर होकर 11वें स्थान पर खिसक गई है। दीप्ति ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी तीसरे नंबर पर पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल पहली बार बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल हुईं।

## मियामी ओपन: विश्व नंबर एक आर्यना सबालेंका क्वार्टरफाइनल में, मेदवेदेव उलटफेर का शिकार

**मियामी, जेएनएन।** विश्व नंबर एक आर्यना सबालेंका ने मियामी ओपन 2026 में चीन की झेंग किनवेन को सीधे सेटों में हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। यह मुकाबला एक घंटे 25 मिनट तक चला। सबालेंका अब सनशाइन डबल (इंडियन वेल्स और मियामी ओपन एक ही साल में जीतना) के करीब पहुंच गई हैं। वहीं दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव को फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने आखिरी-32 स्टेज में नॉक आउट कर दिया। अर्जेंटीना के इस खिलाड़ी ने मैच में 6-0, 4-6, 7-5 से जीत हासिल की। क्वार्टरफाइनल में सबालेंका का मुकाबला अमेरिका की हैली बैप्टिस्ट से होगा, जिन्होंने जेलेना ओस्टापेंको को 6-3, 6-4 से हराया। वहीं, अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने रोमानिया की सोराना सर्स्टिया को कड़े मुकाबले में 6-4, 3-6, 6-2 से हराकर अंतिम-8 में प्रवेश किया। गॉफ को दूसरे सेट में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन तीसरे सेट में उन्होंने दमदार वापसी करते हुए मैच अपने नाम किया। चेक गणराज्य की करोलिना मुचोवा ने एकतरफा मुकाबले में फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा ईला को 6-0, 6-2 से हराकर आसानी से क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। कनाडा की युवा खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए रूस की मीरा एंड्रीवा को 7-6(4), 4-6, 6-0 से हराया। म्बोको ने निर्णायक सेट में जबरदस्त खेल दिखाते हुए मैच अपने नाम किया। अब क्वार्टरफाइनल में म्बोको का मुकाबला मुचोवा से होगा, जहां दोनों खिलाड़ी सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए भिड़ेंगी।



### आईपीएल कप्तानों की बैठक आज

## 'इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट' नियम और आचार संहिता जैसे प्रमुख विषयों पर होगी चर्चा

**मुंबई, जेएनएन।** आईपीएल के 19वें संस्करण की तैयारियों के मद्देनजर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) बुधवार को सभी फ्रेंचाइजी कप्तानों की अहम बैठक आयोजित करने जा रहा है। इस बैठक में 'इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट' नियम और आचार संहिता जैसे प्रमुख विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी। बीसीसीआई के साथ कप्तानों की यह बैठक एक परंपरा रही है, जिसमें नियमों और उनके क्रियान्वयन को लेकर खिलाड़ियों को जानकारी दी जाती है।

इस बार बैठक को भारत के पूर्व खिलाड़ी जावागल श्रीनाथ और नितिन मेनन संबोधित करेंगे, जो क्रमशः मैच रेफरी और अंपायर पैनल के प्रमुख हैं। बीसीसीआई के अधिकारी ने बताया, इस वर्ष नियमों में कोई नया बदलाव नहीं है। चूंकि कुछ कप्तान और कोच नए हैं, इसलिए उन्हें मौजूदा नियमों की जानकारी देना आवश्यक है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सितंबर 2022 से गेंद को चमकाने के लिए लार के उपयोग पर प्रतिबंध लागू है, जिसे आईपीएल ने 2025 सत्र से पहले हटा दिया था। वहीं, 2025 की कप्तानों की बैठक में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे, जिनमें 10 कप्तानों की सहमति के बाद लार के उपयोग की अनुमति प्रमुख थी। इसके अलावा, दूसरी पारी में गेंदबाजी करने वाली टीम को 10वें ओवर के बाद एक बार गेंद बदलने का अनुरोध करने का अधिकार दिया गया था, ताकि शाम के मैचों में ओस से उत्पन्न चुनौतियों को कम किया जा सके। इसके साथ ही, डीआरएस के दायरे को बढ़ाते हुए हॉक-आई और बॉल-ट्रैकिंग तकनीक के माध्यम से ऊंचाई आधारित नो-बॉल और ऑफ स्टंप के बाहर वाइड बॉल की समीक्षा की भी अनुमति दी गई थी। ये सभी नियम और प्रावधान आईपीएल 2026 सत्र में भी प्रभावी रहेंगे।

### इन नियमों पर बात

बैठक में जिन अहम मुद्दों पर चर्चा होगी, उनमें प्रति ओवर दो बाउंसर की अनुमति, बल्ले के आकार की जांच, गेंद के खो जाने या खेलने योग्य न रहने पर उसके प्रतिस्थापन, 'रिटायर्ड आउट' नियम और लार के उपयोग जैसे बिंदु शामिल हैं।

## आईपीएल से हटे बेन डकेट, होंगे बैन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने इंटरनेशनल क्रिकेट पर फोकस करने के लिए आईपीएल से हटने का फैसला किया है। उन्होंने इस फैसले को मुश्किल बताया, लेकिन कहा कि उनके करियर के लिए यह सही चुनाव था। डकेट को दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2026 की नीलामी में खरीदा था। डकेट 2026 टी-20 विश्व कप में इंग्लैंड की टीम का हिस्सा थे, लेकिन उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। इस खिलाड़ी के हटने का मतलब है कि वह 2029 तक आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 से पहले घोषणा की थी कि कोई भी खिलाड़ी जो बिना किसी सही कारण के नीलामी में खरीदे जाने के बाद बाहर हो जाता है, उसे दो सीजन का बैन झेलना पड़ेगा। पिछले सीजन से पहले इंग्लैंड के ही हैरी ब्रूक ने ऑक्शन के बाद नाम वापस ले लिया था। उन्हें 2027 सीजन तक बैन कर दिया गया था।



## सिटी स्पोर्ट्स

### डीजीपी और सुपर हिटर्स की आसान जीत

**भोपाल, खेप्र।** डीजीपी एकादश और सुपर हिटर्स ने स्व. कैलाश नारायण सारंग (बाबूजी) की स्मृति में आयोजित नौवें मास्टर्स कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने-अपने मुकाबले में जीत दर्ज की। डीजीपी एकादश ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 190 रन बनाए। गौरव सिंह ने 64, विजय सिंह ने 39 और भीम ने नाबाद 26 रन का योगदान दिया। जीएसटी के परितोष शर्मा रोमी ने 3 विकेट लिए। जवाब में जीएसटी की टीम 18.4 ओवर में 59 रन पर सिमट गई। परितोष ने सर्वाधिक 22 रन बनाए। डीजीपी के नागेंद्र सिंह और विशाल सिंह ने तीन-तीन विकेट लिए। कॉरपोरेट ग्रुप में शैडो हॉकिंस 18.3 ओवर में 119 रन पर सिमट गई। अमितेष अर्गल ने 40 और विपिन पाराशर ने 16 रन बनाए। सुपर हिटर्स के अंकित लोधी ने 9 रन देकर 3 विकेट लिए। जवाब में सुपर हिटर्स ने 12 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। अंकित लोधी ने 71 रन बनाए। शैडो हॉकिंस के आदित्य सिंह ने 2 विकेट लिए।



### लीगसी अकादमी जीती

**भोपाल, खेप्र।** लीगसी अकादमी ने विधायक कप अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट में ऐस क्रिकेट अकादमी को रोमांचक मुकाबले में 15 रन से शिकस्त दी। लीगसी अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में 195 रन बनाए। प्रियांश (52) और परिनीति (50) ने अर्धशतक जड़ा। ऐस अकादमी की ओर से शिवाय ने दो विकेट लिए। अर्णव और वान्या को एक-एक सफलता मिली। जवाब में ऐस अकादमी 180 रन ही बना सकी। आरव ने 65 और वान्या ने 38 रन की पारी खेली। लीगसी के राज और विवान ने दो-दो विकेट लिए।

### बैडमिंटन: बसंत कुमार और शिकारी-वायके की जोड़ी नेशनल चैंपियन बनी

**भोपाल, खेप्र।** शहर के बसंत कुमार सोनी और बीके शिकार-वायके जायसवाल की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 48वीं योनेक्स सनराइज मास्टर्स नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने-अपने वर्ग में खिताब जीता। गोवा में खेली गई चैंपियनशिप में पूनम तत्ववादी ने महिला एकल 55 वर्ग में रजत व कांस्य जीता। पुरुष एकल 65 वर्ग में गैरवरीय बसंत ने शीर्ष वरीयता धारी एमके वोहरा को कड़े मुकाबले में 21-13, 19-21, 21-14 से हारकर खिताब जीता। इसी वर्ग में बसंत सोनी-दीपक श्रीवास्तव ने कांस्य पदक जीता। पुरुष युगल 75 वर्ग में पहली वरीयता वाले बीके शिकारी-वायके जायसवाल की



जोड़ी ने अवतार सिंह-सुशील कुमार को कांटे के मुकाबले में 22-20, 21-17 से परास्त किया। विश्व मास्टर्स बैडमिंटन चैम्पियनशिप में 3 कांस्य जीतने वाली पूनम तत्ववादी महिला एकल 55 वर्ग में उपविजेता रही। युगल में संगीता राजगोपालन के साथ उन्होंने कांस्य पदक जीता। बसंत वर्ल्ड मास्टर्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीत चुके हैं।

### नेशनल कराते में मप्र के हर्ष को स्वर्ण

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश के हर्ष चौहान ने सीनियर नेशनल कराते चैंपियनशिप-2026 में स्वर्ण पदक अर्जित किया। एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में आयोजित दो दिवसीय चैंपियनशिप के अंतिम दिन हर्ष ने कुमिते पुरुष वर्ग में 75-84 किग्रा भारवर्ग में यह पदक हासिल किया। चंडीगढ़ के विकास ने रजत जबकि हरियाणा के नसीब और महाराष्ट्र के रोहित अहीरे ने कांस्य पदक प्राप्त किया। कुमिते महिला +68 किग्रा में दीपशिखा ने स्वर्ण, रिजा गुम्जा रजत और डेजी-जिया पंजिता ने कांस्य जीता। सीनियर फीमेल इंडिविजुअल काता में टी. अबिया ने पहला और तितास दास ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। काजल और लाल रिंजाली ने कांस्य पदक जीता। सीनियर मेल इंडिविजुअल काता में आदित्य धनराज ने स्वर्ण और पी. संतोष हमाल ने रजत पदक जीता। दिबाययान मंडल व खम्मिनलुना ने कांस्य अर्जित किया। कराते एसोसिएशन ऑफ इंडिया (केएआई) के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में 19 राज्यों के 450 खिलाड़ियों ने भाग लिया। विजेता खिलाड़ियों को केएआई के अध्यक्ष बैकुंठ सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. पंकज शुक्ला और महासचिव योगेश कालरा ने पुरुस्कार प्रदान किए।



## जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 25 मार्च को जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गयी है। कलेक्टर के बाणसागर सभागार में यह बैठक सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगी। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य में समिति के सदस्यों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## करमासिन माता मंदिर में विशाल भण्डारा 27 को

**रीवा।** नवरात्रि पर्व के समापन एंव भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के अवसर पर मध्यांचल ग्रामीण बैंक के पास बायपास मार्ग रामनई स्थित मां कुलदेवी करमासिन माता मंदिर में 27 मार्च शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से सांयकाल 7.00 बजे तक विशाल भण्डारा प्रसाद का आयोजन किया गया है।




## मदरावल जंगल में आगजनी से दहशत में रहे ग्रामीण

### पुलिस ने सूचना के बाद दमकल की मदद से आग पर पाया काबू

**जागरण, रीवा।** मऊगंज के मदरावल जंगल में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की लपटें तेजी से फैलती देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने डायल 112 और को दी जिसके बाद सूचना फायर ब्रिगेड की टीम को दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल वाहन ने आनन फानन में राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। कई घंटों की मेहनत के बाद आखिरकार टीम ने आग पर नियंत्रण पा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल जंगल में आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आग की लपटें तेजी से फैल रही थीं और जिस ओर हवा का रुख होता था उसी तरफ आग की लपटें फैलती जा रही थीं और कुछ ही देर में पूरे जंगल को अपने आगोश में ले लेती, लेकिन समय रहते आग पर काबू पा लिया गया जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई।

## छेड़खानी सहित दो मामले के आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** सोहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला को दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। एक सप्ताह पूर्व सोनौरी चौकी क्षेत्र में घर में घुसकर युवती के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपी युवक प्रांशू पाल को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने यूपी बॉर्डर से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है। इसके साथ ही एक दूसरे मामले में चार माह से फरार आरोपी को भी पुलिस ने पकड़ा है।



















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com